RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 217
लखनऊ, रविवार, 29 मई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



विश्व चैम्पियनशिप में भी कोई दबाव नहीं लूंगा
स्पोर्ट्स-12

# सरकार ने हमेशा गरीबों की गरिमा की रक्षा के लिए काम किया: मोदी

● प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले आठ वर्षों में देश की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी

**भाषा।** राजकोट

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले आठ वर्षों में उनकी सरकार ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने के लिए ईमानदार प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान सरकार ने हमेशा गरीबों की गरिमा की रक्षा के लिए काम किया। प्रधानमंत्री के रूप में 26 मई को आठ साल पूरा करने वाले मोदी ने कहा कि उन्होंने इन वर्षों में देश की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और ऐसा कोई काम नहीं किया, जिससे लोगों का सिर शर्म से झुक जाए।


मोदी गुजरात के राजकोट जिले के अटकोट में 200 बिस्तरों वाले मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आठ साल में अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने पिछले आठ वर्षों में राष्ट्र की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मैंने न तो इसकी अनुमति दी है और न ही व्यक्तिगत रूप से ऐसा कोई काम किया है, जिससे आपका या भारत के किसी भी व्यक्ति का सिर शर्म से झुक जाए। पिछले आठ वर्षों में हमने महात्मा गांधी और सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने के लिए ईमानदार प्रयास किया है। मोदी ने कहा, महात्मा गांधी ऐसा भारत चाहते थे जिसमें गरीब, दलित, आदिवासी और महिलाएं सशक्त हों, जहां स्वच्छता और स्वास्थ्य जीवन का हिस्सा हो, जहां अर्थव्यवस्था स्वदेशी समाधान पर आधारित हो। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले आठ वर्षों में, तीन करोड़ से अधिक परिवारों को पक्का मकान प्रदान किए गए। दस करोड़ परिवारों को खुले में शौच (शौचालय निर्माण के माध्यम से) की समस्या से, नौ करोड़ महिलाओं को (एलपीजी कनेक्शन प्रदान करके) धुएं के प्रतिकूल प्रभाव से बचाया गया। मोदी ने कहा, 2.5 करोड़ परिवारों को बिजली के कनेक्शन दिए गए, छह करोड़ परिवारों को नल के पानी के कनेक्शन, 50 करोड़ से अधिक लोग (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) बीमा योजना के तहत) मुफ्त इलाज पाने के लिए कवर किए गए हैं। उन्होंने कहा, ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह देश के गरीबों को सम्मान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पिछले आठ साल में मेरी सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए काम किया है।

मोदी ने कहा, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सब का प्रयास के मंत्र से हमने देश के विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार ने गरीबों के लिए अन्न का भंडार खोल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, जैसे ही महामारी शुरू हुई, लोगों को खाद्य आपूर्ति प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसलिए हमने देश के खाद्यान्न भंडार को गरीब लोगों के लिए खोल दिया। हमने महामारी के दौरान महिलाओं के जन धन बैंक खातों में वित्तीय सहायता प्रदान की। मोदी ने कहा, जब टीका आया तो हमने सुनिश्चित किया कि हर भारतीय का टीकाकरण हो और वह भी मुफ्त। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने किताबों या टेलीविजन के माध्यम से गरीबी का अध्ययन नहीं किया क्योंकि वह खुद इस दौर से गुजरे थे। विधानसभा चुनाव से ( शेष पेज 4 )



गांधीनगर में एक कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# वीर सावरकर की बात कांग्रेस मान लेती तो नहीं होता देश का विभाजन: मुख्यमंत्री



● सावरकर जयंती पर योगी ने किया पुस्तक का विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि सावरकर जैसे क्रांतिकारी, लेखक, दार्शनिक और कवि का अपमान करने में कांग्रेस ने कोई कोर कसर नही छोड़ी। उन्होंने कहा कि सावरकर की प्रतिभा को छिपाने के प्रयास पहले अंग्रेजों ने और आजादी के बाद कांग्रेस ने किया। सावरकर से बड़ा कोई नहीं था। आज़ादी के बाद जो सम्मान सावरकर को मिलना चाहिए था वो नहीं मिला। हिंदुत्व शब्द वीर सावरकर ने दिया था। योगी ने ये बातें विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उदय माहुरकर एवं चिरायु पंडित की सद्यः प्रकाशित पुस्तक 'वीर सावरकर-जो भारत का ( शेष पेज 4 )

## योगी ने चंपावत में धामी के लिए मांगे वोट

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्कर सिंह धामी के पक्ष में प्रचार करते हुए शनिवार को कहा कि यह चंपावत के लोगों के लिए उत्तराखंड की विकास यात्रा में आगे रहकर नेतृत्व करने का अवसर है। चंपावत विधानसभा सीट पर 31 मई को होने जा रहे उपचुनाव में मुख्यमंत्री धामी भाजपा के उम्मीदवार हैं। भाजपा ने फरवरी में उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में 70 विधानसभा सीट में से 47 पर कब्जा कर बड़ी जीत दर्ज की थी, लेकिन धामी खटीमा से हार गए थे, जहां वह 2012 और 2017 के विधानसभा चुनावों में विजई रहे थे। हालांकि, भाजपा ने उन पर विश्वास जताया और उन्हें दूसरी बार मुख्यमंत्री बनाया। मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के छह महीने के भीतर धामी के लिए सीट जीतकर सदन का सदस्य बनना एक ( शेष पेज 4 )

# पीएफआई की रैली में भड़काऊ नारे लगाने वाले बच्चे का पिता हिरासत में

**भाषा।** कोच्चि

**केरल** के अलप्पुझा में हाल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के मार्च में कथित रूप से भड़काऊ नारे लगाकर विवाद को जन्म देने वाले एक नाबालिग लड़के के पिता को शनिवार को यहां पल्लुरूथी में उसके घर से हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आने के बाद यह लड़का और उसका परिवार अपने घर से कथित रूप से बाहर था। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि 21 मई को पीएफआई द्वारा बुलाई गई गणतंत्र बचाओ रैली में यह लड़का एक व्यक्ति के कंधे पर बैठा है और आपत्तिजनक नारे लगा रहा है।

इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। एक पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बच्चे के पिता को हिरासत में लिया गया है और अब उसे विस्तृत पूछताछ के लिए शीघ्र ही निकटवर्ती अलप्पुझा ले जाया जाएगा एवं आगे की प्रक्रियाएं बाद में तय की जाएंगी। अपने बेटे के कृत्य को सही ठहराते हुए इस व्यक्ति ने कहा कि बच्चे को विवादास्पद नारा किसी ने नहीं सिखाया था, बल्कि उसने पहले भी इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने के दौरान सीखा था। उसने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि उसके बेटे ने किसी कार्यक्रम में इस तरह के नारे लगाए बल्कि उसके द्वारा ऐसे नारे लगाने के कई प्रकरण यूट्यब पर देखे जा सकते हैं।

हिरासत में लिए जाने से पहले उसने मीडिया से कहा, हम पीएफआई के कार्यक्रमों में जाते रहते थे। उसने यह नारा संशोधित नागरिकता कानून के क्रियान्यवन के विरूद्ध किसी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के दौरान सीखा था। मैं समझ नहीं पाता हूं कि अब यह विवाद क्यों बन गया है। उसने क्या गुनाह किया है कि इतने छोटे लड़के को इस तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। अब तक इस सिलसिले में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही विभिन्न स्थानों से और लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लड़के को काउन्सलिंग ( शेष पेज 4 )

## देश में 88 प्रतिशत वयस्कों का पूर्ण टीकाकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में दो साल पहले शुरू किए दुनिया के सबसे बड़े कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के तहत अब तक देश की 88 फीसदी वयस्क आबादी वैक्सीन की 193.11 करोड़ डोज दी जा चुकी है। हालांकि, इस उपलब्धि की जानकारी महाराष्ट्र में ओमाइक्रोन के बी.ए. 4 और 5 वैरिएंट का पता चलने की खबरों के बीच आई है। संपूर्ण जीनोमिक अनुक्रमण की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, पुणे में बी.ए.4 वैरिएंट के चार मरीज और बी.ए.5 के तीन मरीज सूचीबद्ध किए गए थे। वहीं, सूत्रों के अनुसार अभी चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि नए वैरिएंट वास्तविक ओमीक्रोन की तुलना में ज्यादा खतरनाक नहीं हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने टीकाकरण अभियान के कवरेज में मिली सफलता को मील का पत्थर बताते हुए इसकी घोषणा ट्वीटर पर की। मंडाविया ने एक ट्वीट में कहा कि 88 फीसदी से अधिक वयस्क आबादी को ( शेष पेज 4 )

# फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**भाषा।** फर्रुखाबाद

● बड़ी संख्या में असलहे बरामद

**प्रदेश** में फर्रुखाबाद जिले की कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और सर्विलांस टीम ने फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाकर दुकानों से फैक्ट्री-निर्मित असलहे खरीदने वाले गिरोह के आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों के पास से आधा दर्जन बंदूकों समेत भारी मात्रा में कारतूस, एक तमंचा तथा अवैध शस्त्र लाइसेंस भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि आरोपियों को संकिसा रोड, पखना रेलवे अंडरपास के निकट ग्राम बनकटी प्रतीक्षालय से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मेरापुर थाने के ग्राम पकड़िया निवासी महाराज सिंह, नेम सिंह उर्फ गंभीर यादव, ग्राम तिलियानी निवासी अवधेश यादव, उमेश यादव, ग्राम रूपनगर निवासी गजेंद्र यादव, निशान सिंह यादव और मैनपुरी कोतवाली बेवर के ग्राम चंदनपुर निवासी सुभाष यादव तथा कोतवाली बेवर के ग्राम धर्मनेर निवासी नीरज यादव को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों के पास से 12 बोर की पांच एक नाली बंदूक, 12 बोर की एक दोनाली बंदूक, 23 कारतूस 12 बोर, 315 बोर का तमंचा, एक खाली कारतूस, आधा दर्जन शस्त्र बनाने एवं नवीकरण से संबंधित मोहरें, 12 अवैध शस्त्र लाइसेंस तथा 10 अधूरे लाइसेंस बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि ए शातिर लोग अवैध रूप से शस्त्र लाइसेंस बनाते थे और उसी लाइसेंस से दुकानों से कारखानों में बनी बंदूके खरीदते थे और जरूरत पड़ने पर स्वयं ही लाइसेंस का नवीनीकरण भी करते थे।

## सीबीआई जांच के आदेश देने के लिए अभिषेक बनर्जी का न्यायपालिका पर निशाना

**भाषा।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में हर मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए शनिवार को न्यायपालिका के एक प्रतिशत हिस्से पर निशाना साधा। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो सांसदों को शामिल कर केंद्रीय एजेंसियों के उत्पीड़न का बदला लिया है। अपने आरोपों को स्पष्ट किए बिना बनर्जी ने कहा, मुझे यह कहते हुए शर्म आती है कि न्यायपालिका में एक-दो ऐसे लोग हैं, जिनकी मिलीभगत है और हर मामले में सीबीआई जांच के आदेश दे रहे हैं। यह न्यायपालिका का सिर्फ एक प्रतिशत है। उन्होंने कहा, अगर आप सोचते हैं कि सच बोलने पर मेरे खिलाफ कार्वाई करेंगे तो मैं हजार बार सच बोलूंगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले कुछ महीनों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा भर्ती प्रक्रिया ( शेष पेज 4 )

# बीजेपी की आज प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● लोकसभा चुनाव और मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर होगी चर्चा

**लोकसभा** चुनाव से पहले बीजेपी जनता के बीच अपने जोश और अपनी पैठ को मजबूत करना चाहती है इसके लिए पार्टी केंद्र सरकार के आठ साल पूरे होने पर विभिन्न कार्यक्रम पहली जून से शुरू करने जा रही है। लोकसभा चुनाव और इन कार्यक्रम के साथ अन्य मुददों को लेकर बीजेपी की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर लखनऊ में होगी।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन प्रातः 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के पूर्व शनिवार को पार्टी के मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रदेश महामंत्रियों की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल, प्रदेश सह महामंत्री संगठन कर्मवीर जी सहित प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, अश्वनी त्यागी, अमर पाल मौर्य, सुब्रत पाठक, अनूप गुप्ता, प्रियंका रावत मौजूद रहे।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में केन्द्रीय पदाधिकारी उत्तर प्रदेश से केन्द्रीय मंत्रि परिषद के सदस्य, प्रदेश के पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, महापौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष व मोर्चों के अध्यक्ष सम्मिलित होंगे।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,884 | |
| निफ्टी | 16,352 | |
| सोना | 50,939 | /10g |
| चांदी | 62,636 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कश्मीर में मुठभेड़ में हिज्बुल के दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ मे हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के शितिपुरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाई और जवाबी कार्वाई मे दो आतंकवादी मारे गए। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि मारे गए आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़े थे। उन्होंने ट्वीट किया है, मारे गए आतंकवादियों की पहचान अनंतनाग के चाकवानगुंड निवासी इश्फाक अह गनी और अवंतीपुरा के डोगरीपुरा निवासी यावर अयूब डार के रूप में हुई है।

## बिहार ने देश के सबसे बड़े स्वर्ण भंडार के अन्वेषण की अनुमति देने का निर्णय किया

**भाषा।** पटना

**बिहार** सरकार ने जमुई जिले में देश के सबसे बड़े स्वर्ण भंडार के अन्वेषण की अनुमति देने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के एक सर्वेक्षण के अनुसार, जमुई जिले में 37.6 टन खनिज युक्त अयस्क समेत लगभग 22.28 करोड़ टन सोने का भंडार मौजूद है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव सह खान आयुक्त हरजोत कौर बम्हरा ने पीटीआई-भाषा को बताया, राज्य का खान और भूतत्व विभाग जमुई में सोने के भंडार के अन्वेषण के लिए जीएसआई और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) सहित अन्वेषण में लगी एजेंसियों के साथ परामर्श कर रहा है। उन्होंने बताया, जीएसआई के निष्कर्षों का विश्लेषण करने के बाद परामर्श प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें जमुई जिले के करमाटिया, झाझा और सोनो जैसे क्षेत्रों में सोने की मौजूदगी का संकेत मिला था। बम्हरा ने कहा कि राज्य सरकार के एक महीने के भीतर जी-तीन (प्रारंभिक) चरण के अन्वेषण के लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में, जी दो (सामान्य) श्रेणी का अन्वेषण भी किया जा सकता है। केंद्रीय खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पिछले साल लोकसभा को बताया था कि भारत के सोने के भंडार में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी बिहार की है। एक लिखित जवाब में जोशी ने कहा था कि बिहार में 22.28 करोड़ टन स्वर्ण धातु है, जो देश के कुल स्वर्ण भंडार का 44 प्रतिशत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा था, नेशनल मिनरल इन्वेंटरी के अनुसार, देश में ( शेष पेज 4 )

# श्रीराम जन्मभूमि परिसर में शुरू हुआ पंच दिवसीय अनुष्ठान

● एक जून को यज्ञ में आहुति डालेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**संवाददाता।** अयोध्या

**श्री** राम जन्मभूमि परिसर में गर्भगृह के निर्माण का आरंभ 1 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा शुभ मुहूर्त में किया जाएगा। इसका अनुष्ठान शनिवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व महंत गिरीशपति त्रिपाठी द्वारा आरंभ हुआ। यह अनुष्ठान पंच दिवसीय होगा जो 1 जून तक चलेगा। 1 जून को ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आहुति डालकर गर्भ गृह निर्माण का शिला पूजन करेंगे। श्री राम जन्मभूमि परिसर में पांच दिवसीय विशेष सर्वदेव अनुष्ठान का शुभारंभ सभी देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के लिए विधिपूर्वक पूजन अर्चन किया गया। इस विशेष अनुष्ठान के तहत रुद्री, दुर्गा सप्तशती, विष्णु सहस्त्रनाम, चतुर्वेद का नियमित दो सत्रों में सुबह आठ से 11 व दोपहर तीन से 6.15 बजे तक पाठ हो रहा है। अनुष्ठान संपन्न कराने के लिए राजस्थान से पंडित हितेश अवस्थी, सिद्धार्थनगर के उमेश ओझा, बंगाल के लीलाराम गौतम, दिल्ली के पवन शुक्ला, वाराणसी के रामजी मिश्रा तथा अयोध्या के दुर्गाप्रसाद, शिवशंकर वैदिक, रघुनाथदास शास्त्री, प्रमोद शास्त्री सहित 40 विद्वान मौजूद रहे। कार्यक्रम के लिए अयोध्या के प्रमुख संतों को भी आमंत्रण भेजा जा रहा है। साथ ही परिसर को सजाया संवारा जा रहा है।



श्री राम जन्मभूमि परिसर में हवन करते चंपत राय व गिरीशपति त्रिपाठी

## काशी पर होगी विजय, मथुरा चलने की करनी है तैयारी: विनय कटियार

**संवाददाता।** अयोध्या


**राम** मंदिर आंदोलन के फायर ब्रांड नेता पूर्व सांसद विनय कटियार राम मंदिर के गर्भ ग्रह के प्रथम शिला पूजन के साक्षी होंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण गर्भगृह से शुरू होता है मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं जो रामलला के दरबार में इस समय उपस्थित रहूंगा।

कटियार ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से जुड़े ऐसे बलिदानियों के परिवारों को भी समय आने पर बुलाया जाएगा। ज्ञानवापी पर विनय कटियार ने कहा कि औरंगजेब ने शासन सत्ता के जोर पर ज्ञानवापी पर कब्जा किया था। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मैं स्थित भगवान शिव के ऊपर आरी चलाई गई और वह देश की पुलिस कस्टडी में है लेकिन कस्टडी से काम नहीं चलेगा भगवान शिव पर आ रही चलाने वाले व्यक्ति का हाथ काट लेना चाहिए।

ओवैसी पर विनय कटियार कहा कि वे मानसिक संतुलन खो बैठे हैं, उनको देश से बाहर निकाल देना चाहिए। विनय कटियार ने कहा कि काशी, मथुरा भगवान की हैं और वहां तीनों समय पूजा होनी चाहिए और समय-समय पर भगवान को भोग लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि काशी से शुरुआत हो गई है, जल्द विजय प्राप्त होगी। अब हमें मथुरा भी चलना चाहिए।


## गुरु जी पर नजर

यूपी के सियासी गलियारों में गुरू जी की खूब चर्चा चल रही है। कानून से नाता रखने वाले गुरू जी की भूमिका वैसे तो अभी तक एक राजनीतिक पार्टी में सोशल इंजीनियारिंग के सलाहकार के रूप में रही है लेकिन हाल में उनके एक और चेले के साथ छोड़ जाने से इस सलाकार का नया नाम गुरू जी के रूप में सामने आया है। चेले के जाने के बाद लोग इस बात की अटकलें लगा रहे है कि अब गुरू जी की बारी है। देखों गुरू जी किधर जाते हैं। वैसे गुरू जी का एक चेला सत्ताधारी पार्टी की सरकार में अहम पद पर है और यूपी की राजनीतिक पिच पर धुंआधार बैटिंग कर रहा है जबकि दूसरे चेले ने अभी हाल ही में पाला बदला है। नयी पार्टी में उनकी किस्मत का पन्ना अभी खुलना है। हालांकि दूसरे चेले जिस पार्टी में गये है, उस दल के दिन भी अभी गर्दिश में हैं। गुरू जी की पार्टी की जब प्रदेश में सरकार थी तो दोनों चेले बिना उनके इशारे के एक कदम भी आगे नहीं बढते थे। दोनों में एक मंत्री तो दूसरा राज्यसभा का सदस्य हुआ करता था। एक ने 2017 के विधानसभा चुनाव के पहले हिम्मत जुटायी और आज भगवा सरकार में अहम कुर्सी पर है। पहले चेले की देखा-देखी दूसरे चेले ने भी हिम्मत दिखाते हुये अपने गुरू जी का साथ छोड़ा है। अब आगे देखना यह है कि गुरू जी चेलों के रास्ते पर चलकर पाला बदलते हैं या फिर आस्था की डोर से बंधे रहते हैं।



## किस्सा चाचा-भतीजा का

यूपी के बजट सत्र में इस समय चाचा और भतीजा की चर्चा खूब हो रही है। नेता सदन से लेकर विपक्ष के कई नेताओं से लेकर राजनीतिक गलियारों में चाचा-भतीजा की ही बातें हो रही है। सदन के भीतर चाचा जब नेता सदन की प्रशंसा करते हैं और फिर प्रत्युत्तर में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए नेता सदन विपक्ष में बैठे चाचा की तारीफ करते हैं तो सदन का माहौल हंसी और ठहाकों से गूंज जाता है। सत्र में स्वयं नेता सदन ने जब समाजवादी विचारक लोहिया जी के बारे में लिखने पढ़ने को लेकर चाचा की तुलना विपक्ष के अन्य नेताओं से की तो सभी सदस्य हंसने लगे और इस पर नेता सदन भी मुस्कराने से नहीं चूके। नेता प्रतिपक्ष की बारी आई तो उन्होंने भी कहा कि अब तो चाचा की चिंता नेता सदन को भी होने लगी है। इस बात पर पूरे सदन में ठहाके लगने लगे। चाचा-भतीजा दोनों ही विपक्ष में आगे की पंक्ति में बैठते हैं लेकिन गुफ्तुगू नहीं होती है। सदन के बाहर भी आज कल चाचा और भतीजे के राजनीतिक दांव-पेंच पर खूब कयास लगाए जा रहे हैं।




## इधर मिला, उधर गया

समाजवाद की यूथ विंग में धन के बल पर शीर्ष पर पहुंचने वाले नेता जी शुरू से ही सब को किनारे कर आगे बढ़ते रहे हैं। शायद इसी का परिणाम था कि समाजवाद के मुखिया ने बड़े बड़ों को किनारे करते हुए इन्हें बड़े सदन का बड़ा पद दे दिया था जिसे पाकर वह काफी उत्साहित थे। उनके शरीर की ऐंठन देखते ही बनती थी। मानो कोई स्थाई पद मिल गया हो। नेताजी अपने पद के दायित्व के निर्वहन के लिए काफी लालायित थे। शायद उन्हें इस बात का अहसास नहीं था कि बीच में ही उनका पद चला जाएगा और वह घर बैठने को मजबूर हो जाएंगे। नेताजी का कार्यकाल तो 60 दिन तक रहा लेकिन उन्हें काम करने का मौका मात्र तीन दिन ही मिला। इसे नेताजी का दुर्भाग्य ही कहेंगे क्योंकि जिस दायित्व के निर्वहन के लिए नेताजी को 57 दिनों का इंतजार करना पड़ा। उस दायित्व के निर्वहन के तीसरे दिन ही उनका कार्यकाल ही समाप्त हो गया। उन्हें मजबूर होकर पद छोड़ना पड़ा। यहां उनका धनबल काम नहीं आया। इन नेता जी से अच्छा तो यादव जी का भाग्य है जिन्हें आते ही पद भी मिला और पद का दायित्व भी मिल गया जिस पर वह मौजूदा समय में बैठ कर अपनी लालिमा का मजबूत प्रदर्शन कर रहे हैं।



## मंत्री का दर्द

भगवा दल से गठबंधन करके सत्ता में अपनी पैठ बनाने में सफल रहने वाले नेताजी आखिरकार मंत्री भी बन गए। यह अलग बात कि डिप्टी सीएम बनने की चाहत रखने वाले नेताजी को कोई अहम महकमा तक नहीं मिला। अब कैबिनेट में मंत्री बनाए गए हैं तो कोई न कोई जिम्मेदारी तो मिलनी ही थी। लिहाजा भगवा सरकार के मुखिया ने उन्हें उसी महकमे का जिम्मा सौंप दिया जिस समुदाय से वह आते हैं और जो उनके समुदाय का जन्मजात पेशा रहा है। बहरहाल वह अपने महकमे से खुश नहीं हैं लेकिन मरता क्या न करता वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए अपना काम चला रहे हैं। अब मंत्री पद तो मिल गया है लेकिन उन्हें उसके काम-काज और संवैधानिक ज्ञान के बारे में शायद कुछ खास मालूमात नहीं हैं। इसका एक नजारा उस समय देखने को मिला जब सदन चलने के दौरान नेताजी टहलते हुए विपक्ष की लाबी में आ गए। वहां पहले से उनकी बिरादरी के साइकिल वाले एक एमएलसी सहित कई अन्य सदस्य बैठे हुए थे। नेताजी ने अत्यंत जिज्ञासा के साथ अपनी बिरादरी वाले सदस्य से पूछा कि क्या सदन में मैं भी सवाल लगा सकता हूं? इस पर सभी सदस्य हंसने लगे और बोले नहीं, आप तो मंत्री हैं। फिर उनकी बिरादरी वाले सदस्य ने उन्हें भरोसा दिलाया कि चिंता न करें, उनके जो सवाल हों वह बता दें। उन्हें वह अपनी तरफ से उठा देंगे।

## राज्यसभा का तोहफा

क्षेत्रीय पार्टियों के सूरमाओं को राष्ट्रीय दल अक्सर सर्कस का शेर साबित कर देते हैं। कभी कांग्रेस की सत्ता से डरने वाली समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के लिए आज भाजपा से भयभीत है। कांग्रेस की तत्कालीन केन्द्र सरकार ने जब मायावती पर शिकंजा कसा तो बतौर अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा ने उन्हें बचा लिया और फिर उन्हें बसपा ने खूब नवाजा। मिश्रा जी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बने और राज्य सभा भेजे गए। पहले वह बाहर से बहन जी के वकील थे फिर पार्टी के अंदर आने के बाद तो बसपा को कानूनी सलाहकार भी मिल गया। ताज कॉरीडोर का मामला हो या आय से अधिक सम्पत्ति का, कांग्रेस की सरकार हो या भाजपा की हुकूमत, सतीश मिश्रा के होते बहन जी की जांच भले ही जितनी भी होती रही हों पर उन पर आंच नहीं आ सकी। फिलहाल इस बार तो मिश्रा जी राज्यसभा नही जा पाएंगे। अब इसी कड़ी में पुराने कांग्रेसी रहे कपिल सिब्बल का भी नाम जुड़ गया है। कपिल सिब्बल की पैरवी पर आजम बाहर आये तो समाजवादी पार्टी ने तोहफे में उन्हें राज्यसभा जाने का रास्ता दे दिया। वहीं आजम पर एक के बाद एक लदने वाले मुकदमे भी गायब हो गए। अब तो आजम भी चैन की सांस ले रहे हैं।

## सड़क पर निकले साहब

कोर्ट के आदेश पर सड़क के किनारे जमे अतिक्रमण हटाने का बीड़ा जिला प्रशासन के बड़े साहब ने उठाया है। पीआईएलपर बड़े साहब ने आनन फानन में सड़कों पर निकल कर काम चालू कर दिया है। अतिक्रमण करने वालों से ही अतिक्रमण हटाने की गुजारिश करते फिर रहे हैं अधिकारी। अब देखना यह है कि कितने दिनों तक यह गुजारिश पटरी दुकानदार मानेंगे। बड़े साहब इससे पहले भी अतिक्रमण और जाम को खत्म करने के लिए कई कदम उठा चुके हैं लेकिन अभी तक शहर की सूरत बद्स्तूर पहले जैसे ही है। साहब ने दो दिन का समय देकर अतिक्रमण करने वाले रेहड़ी पटरी, दुकानदारों से बात चीत कर बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया, जिससे लोगों को सहूलियत हो सके। अब छह मई को दोबारा साहब सड़कों का हाल जानने निकलेंगे। अब ऐसे में साहब क्या कार्यवाही करेंगे, यह कुछ इंतजार के बाद पता चलेगा।

# किसानों के मुददे पर उच्च सदन में टकराव

## सपा व सत्तापक्ष के सदस्यों के बीच भिड़ंत, वाकआउट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किसानों** के मुददे पर विधान परिषद में शनिवार को सपा और सत्ता पक्ष के बीच सीधा टकराव हुआ। सपा ने सत्ता पक्ष पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में किसान आत्महत्या कर रहे है, लेकिन सरकार को उनकी चिन्ता नही है। सपा ने कहा कि किसानों को फसल की लागत का दाम नहीं मिल पा रहा है और सरकार उनकी दोगुना आय करने की बात कह रही है। सरकार ने सपा के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए साफ कहा कि किसान सरकार की प्राथमिकता पर हैं और कही-कोई किसान ने आत्महत्या नहीं की है। सरकार के जवाब से खफा सपा सदस्यों ने सदन का वाकआउट करके अपना विरोध दर्ज कराया।

सपा के नरेश उत्तम ने किसानों की आय बढाने को लेकर कार्यस्थगन प्रस्ताव रखकर सदन में चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसान भगवान का रूप है। उसे अन्नदाता कहा गया है। हम भोजन के बिना नही रह सकता और वह हमे भोजन पैदा करके देता है। उन्होंने कहा कि सपा ने अपनी सरकारों में किसानों का ध्यान हमेशा रखा है, लेकिन भाजपा की सरकार में किसानों की दुर्दशा हो रही है और वह आत्महत्या करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने जैसे बयान देकर भाजपा सरकार किसान हमदर्द बनना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दो गुना करने की बात कही थी, लेकिन उन्हे अभी लागत मूल्य भी नही मिल रहा है। सपा सदस्य ने पिछले सदनों का हवाला देते हुए कहा कि तत्कालीन नेता दिनेश शर्मा ने इस सदन को बताया था कि गेहूं का लागत मूल्य 2555 रुपए प्रति कुन्तल तथा धान का लागत मूल्य 2600 रुपए प्रति कुन्तल बनता है। उन्होंने कहा कि सदन में सरकार ने जो लागत मूल्य बताया था, उससे कम समर्थन मूल्य पर किसानों का आनाज सरकार खरीद रही है।

सपा सदस्य ने कहा कि लागत मूल्य से कम समर्थन मूल्य होने के कारण इस बार सरकार के क्रय केन्द्रों पर बहुत कम किसान पहुंचे है। रूस और यूक्रेन की जंग के चलते विदेशो में गेहूं की बढी मांग के चलते किसानों को निजी कम्पनियों से गेहूं का अच्छा दाम मिला। उन्होने कहा कि इस मांग की वजह से किसानों को ठीक दाम मिलने की उम्मीदे जागी थी, लेकिन भाजपा सरकार ने निर्यात पर रोक लगाकर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। उन्होने कहा कि किसानों के लिये एक तो यह सरकार कुछ करती नही है और रूस के कारण किसानों को थोडा-बहुत जो फायदा मिल रहा था, उसे भी सरकार ने रोक दिया। विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुये कृषि मंत्री सूर्य प्रकाश शाही ने कहा कि मोदी और योगी की सरकार में किसानों का सबसे अधिक ध्यान रखा जा रहा है। पहले की सरकारों में किसान जरूर आत्महत्या कर रहे थे लकिन अब कोई भी किसान आत्महत्या नही कर रहा है। उन्होने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने के लिये केन्द्र तथा राज्य सरकार लगातार कदम उठा रही है। किसानों की खुशहाली के लिए सरकार जहां उन्हे पिछली सरकारों की तुलना में सस्ती कीमत पर यूरिया उपउब्ध करा रही है वही उन्हे सूदखोरों के चंगुल से बचाने के लिये बीज और खाद के लिये 6000 रुपए सालाना की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होने पिछली सरकारों और वर्तमान सरकार में हुई आनाज की खरीद के आंकडे बताते हुये कहा कि राज्य के किसानों की हालत में लगातार सुधार हो रहा है। यही वजह है कि विपक्ष की तमाम कोशिशों के बाद भी यूपी किसी भी तरह के किसान आंदोलन से अछूता रहा।

सरकार के जवाव से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने कहा कि हम किसानों को लागत मूल्य की बात कर रहे है और सरकार अपनी उपलब्धियों को गिनाकर हकीकत से बचने की कोशिश कर रही है। इस मामले पर सपा और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोक हुई। सपा काम रोककर इस मामले में चर्चा कराने की मांग कर रही थी, लेकिन सभापति द्वारा सदन की कार्रवाई को आगे बढाए जाने से नाराज सपा सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए।



## विधान सभा में बजट पर चर्चा शुरू

# विपक्ष ने बजट को सपने बेचने वाला सत्तापक्ष ने ऐतिहासिक बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** में शनिवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट पर चर्चा शुरू हो गई। सदन की कार्यवाही देर शाम तक चली और प्रश्नकाल स्थगित रहा, सोमवार और मंगलवार को भी बजट पर चर्चा जारी रहेगी। बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने बजट को किसान, महिला, रोजगार और जनविरोधी करार देते हुए सपने बेचने वाला करार दिया जबकि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसकी जमकर सराहना की। विधानसभा सत्र के छठे दिन वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट पर चर्चा की शुरुआत समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने की। सत्ता पक्ष की ओर से सिद्धार्थनाथ सिंह ने बजट के समर्थन में सबसे पहले अपनी बात रखी और बजट को ऐतिहासिक बताया।

सपा सदस्य लालजी वर्मा ने बजट प्रस्तावों का विरोध करते हुए कहा कि यह गुमराह करने वाला है। पूरी तरह पक्षपातपूर्ण है और महिलाओं, युवाओं, किसानों के साथ धोखा है। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि कई विभागों का बजट पूरी तरह खर्च ही नहीं हुआ। नौबत यह है कि कई विभागों का करीब 70 से 35 फीसदी तक खर्च ही नहीं किया गया। लालजी वर्मा ने कहा कि यह बजट पिछले पांच वर्षो के बजट की तरह ही छलावा है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की जनता को गुमराह करने वाला बजट है। उन्होंने तंज किया कि सरकार ने बजट को इतिहास का सबसे बड़ा बजट बताया है लेकिन वास्तविकता यथार्थ से परे है। बजट पर अमल कितना हो रहा है, सभी को उस तस्वीर को देखने की जरूरत है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की पिछली सरकार (2017-2022) के पेश हुए बजट का आंकड़ेवार ब्योरा देते हुए कहा कि जितना बजट पेश हुआ, वह भी खर्च नहीं हो सका। 2021-22 में अनुपूरक मिलाकर कुल पांच लाख 85 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया लेकिन खर्च चार लाख 84 हजार करोड़ रुपए हुआ। पूर्व में वित्त मंत्री रह चुके वर्मा ने दावा किया कि कई विभागों में 45 से लेकर 70 फीसद तक ही बजट राशि खर्च हो सकी है। लालजी वर्मा के बयान पर

### ● कई विभागों ने बजट खर्च ही नहीं किया: लालजी वर्मा

हस्तक्षेप करते हुए वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आप अपने आंकड़े सही कर लें। वित्त वर्ष 2021-22 में अनुपूरक मिलाकर कुल पांच लाख 66 हजार करोड़ रुपए का बजट था। लालजी वर्मा ने आरोप लगाया कि यह सपने बेचने वाला बजट है और इसमें संकल्प पत्र का एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने इसे खोखला बजट करार देते हुए यह भी आरोप लगाया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग जैसे महत्वपूर्ण मद में 3.19 प्रतिशत की कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक बजट है, बेरोजगारों-नौजवानों को रोजगार न देने वाला बजट है, यह किसान-विरोधी बजट है, यह महिला-विरोधी और अपराध बढ़ाने वाला बजट है। वर्मा ने कहा कि यह पक्षपातपूर्ण बजट है, पिछड़े-दलितों के साथ अन्याय हो रहा है, यह अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय वाला बजट है।

### जिन्हें मिट्टी का काम करना था, उन्हें खनन सिखा दिया: सिद्धार्थनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बजट** के समर्थन में बोलते हुए सत्ता पक्ष के सिद्धार्थनाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी के सदस्यों पर तीखे तंज कसे तो बजट को एक योगी का आर्थिक माडल करार दिया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि जिन्हें मिट्टी का काम करना था, उन्हें खनन के काम में लगा दिया। उनका इशारा खनन घोटाले में फंसे गायत्री प्रसाद प्रजापति की ओर था। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जिसके पास जो रहता है, वही उछाल देता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास तो गुलाब है, लेकिन उनके पास कीचड़ है, उन्होंने वही उछाल दिया। सिंह ने एक शेर पढ़ते हुए विपक्षी सदस्यों पर तंज किया कि 'सीढियां उन्हें मुबारक हो, जिन्हें छत पर जाना है, आसमां है जिनकी मंजिल, रास्ता स्वयं बनाना है। सिद्धार्थनाथ ने कहा कि आंकड़ों के जाल में नहीं फंसना है। बजट की सराहना करते हुए उन्होंने इसे ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के अंदर 65 से 70 प्रतिशत लोग गांवों में रहते हैं और गांवों को छोड़कर अगर अर्थव्यवस्था पर चर्चा करें तो यह उचित नहीं है। पहली बार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी और सहयोगी दलों की 2017 में सरकार बनने के बाद एक जिला-एक उत्पाद जैसी योजना शुरू हुई और परंपरागत उद्योगों को चालू करने की पहल की गई। उन्होंने कहा कि जो मिट्टी का हुनर रखते हैं, उन्हें आपने अवैध खनन करना सिखा दिया और हमने उनके लिए माटी कला बोर्ड बना दिया।

### ..जिसका पेट भरा है वो बेवजह लड़ने लगा है

**बजट** के विरोध में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के दल नेता ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि 1952 में जब से चुनाव हुआ तब से बजट पेश किया जा रहा है लेकिन इस बजट का ढिंढ़ोरा पीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले बजट में बेटियों की शादी के लिए दो सौ करोड़ रुपए मिलता था लेकिन इस बजट में पिछड़ी जाति की बेटी की शादी के लिए बजट में कुछ नहीं है। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि गर्मी के मौसम में भी ओला पड़ने लगा है, जिसका पेट भरा है वह बेवजह लड़ने लगा है। उन्होंने बजट में पिछड़ों की उपेक्षा का आरोप लगाया। राजभर ने जातिवार जनगणना कराने की मांग पर जोर दिया।

### एक-दूसरे पर खूब कसे गए तंज

**विधानसभा** में बजट पर चर्चा में सत्ता पक्ष ने जहां उसकी खूबियों का बखान किया तो वहीं विपक्षी दलों के सदस्यों ने बजट में कमियों का जिक्र करते हुए सरकार को घेरा। एक दूसरे पर तंज भी कसे गए। सदन में जुमला, कविता और शेरो शायरी के चलते हास परिहास भी खूब हुआ। कभी योगी सरकार में मंत्री रहे और अब विपक्ष खेमे में शामिल ओम प्रकाश राजभर ने गोशाला में जब गायों की कमजोर हालत को डुगडुग करने से जोड़ा तो यह जुमला कई सदस्यों को पसंद आ गया।

NOTICE:- WE SHASHI KANT PATYAL AND MRS RAKSHA CHAUHAN R/O- TEH. BANGANA, HATLI(8/33), UNA, HIMACHAL PRADESH, 174307 HAVE BOOKED A COMMERCIAL PLOT NO SC1-179 IN DLF GARDEN CITY LUCKNOW, THESE RECEIPTS ARE MISPLACED GDN/CRB/00044/0514, GDN/CRB/00235/0614, GDN/CRB/00195/0814, GDN/CRB/00146/1214, GDN/CRB/ 00107/0115, GDN/CRB/00122/0315, GDN/CRB/00011/0515, GDN/CRB/00071/0615, GDN/CRB/00059/0815, GDN/CRB/00062/1015, GDN/CRB/00018/0116, GDN/CRB/0220/00024 WHICH WAS ISSUED BY DLF LTD.

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) मध्यान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड न्यू हाइडिल कालोनी, सिविल लाइन, गोण्डा-271001** **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-02/वि0जा0खं0 (वि0)/गोण्डा/ई-टेण्डर/2022-23** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्य को संपादित कराने हेतु दो भागों में अलग-अलग निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मुख्यालय लखनऊ की वेबसाइट "http:// www.mvvnl.in" तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेण्डर वेबसाईट "http:// etender.up.nic.in" से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा का प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग वेबसाईट पर लोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.06.2022 समय 17:00 बजे तक तथा निविदा का प्रथम भाग खोलने की तिथि 16.06.2022 समय 14:30 बजे से तकनीकी भाग खोला जायेगा। ई-निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि, जी0एस0टी0 पंजीकरण पत्र, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, कैंसिल्ड चेक की प्रति, श्रम विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र, पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र एवं जानपदीय कार्य का किसी सरकारी संस्था द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक है। उक्त प्रपत्र धारक निविदादाता ही ई-निविदा में प्रतिभाग करने हेतु पात्र होगें। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग-2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के प्रथम भाग के परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के द्वितीय भाग (वित्तीय भाग) को खोला जायेगा, जिसकी सूचना अर्ह निविदाकारों को ई-मेल द्वारा दी जायेगी। निविदा प्रस्ताव केवल ई-टेण्डरिंग वेबसाईट "http:// etender.up.nic.in" पर उक्त निर्धारित तिथि तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं धरोहर धनराशि जो "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Gonda" के पंजाब नेशनल बैंक, गोण्डा के A/c No. 2024002100005846 एवं IFSC Code-PUNB0202400 में दिनांक 30.05.2022 के पश्चात ही RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी तथा साक्ष्य के रूप में योज्य यू0टी0आर0 संख्या, खाते का नाम, निर्गतकर्ता बैंक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति पार्ट-1, के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रथम भाग खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट/ तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को उपरोक्त समय तक खोला जायेगा। निविदा की वैधता न्यूनतम 120 दिन होगी। निविदा के अन्तर्गत मात्रा 25 प्रतिशत कम या अधिक हो सकती है। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना ई-टेण्डर वेबसाइट "http:// etender. up.nic.in तथा म०वि0वि0नि0लि0 मुख्यालय लखनऊ की वेबसाईट-"http://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध कराई जायेगी। शीघ्र सफलतापूर्वक कार्य सम्पादित करने वाले निविदादाता को कार्य आबंटन में प्राथमिकता दी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को पूर्ण अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी या सभी निविदाओं को निरस्त कर अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त कर सकते हैं। निविदायें आनलाईन डालने हेतु निविदादाता को किसी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाईंग अथारिटी द्वारा जारी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। **क्र0सं0** 1 **निविदा विशिष्ट संख्या** 03/वि0जा0खं0 (वि0)/गोण्डा/ई-निविदा/2022-23 **कार्य का नाम** विद्युत उपभोक्ता व्यथा निवारण फोरम गोण्डा पर क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवाल का पुनर्निमाण एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **कार्य अवधि** 1.5-माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 590.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय** 15.06.2022 सायं 5:00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि** 16.06.2022 **अधिशासी अभियन्ता** पत्रांक-822 दिनांक-27.05.2022 हेल्पलाइन नम्बर-18001800440 'राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें।

# कोविड मामले में विधान परिषद में घिरी सरकार

### ● दोषी अफसरों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड** के दौरान मरने वालों के परिजानों को आर्थिक मदद को लेकर विधान परिषद में शनिवार को सत्ता पक्ष को मुंह की खानी पड़ी। पूरे मामले में कांग्रेस ने सत्ता पक्ष को जोरदार तरीके से घेरा और नेता सदन के संतोषजनक जवाब न देने पर सभापति ने उन अफसरों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के सरकार को निर्देश दिए जिन्होने जवाब नहीं भेजा।

शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के दीपक सिंह ने कोविड के दौरान मरने वालों को आर्थिक दिये जाने का मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार पीडितों के आंसू पोछने की बजाए अपना प्रचार करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने पीड़ित परिवारों को मदद दिये जाने की बात कही लेकिन चुनाव बीतने पर पीड़ित भटक रहे हैं। उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। कांग्रेस सदस्य ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव से पहले भाजपा कहती है कि आ गले लग जा और चुनाव के बाद आप कहते हैं कि हम आपके हैं कौन। नेता सदन स्वतन्त्र देव सिंह ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि आरोप लगाता है तो यह अलग बात लेकिन हकीकत यह है कि अगर पीएम मोदी न होते तो इस महामारी में देश का क्या हाल होता, इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने ने कहा कि अतीत में जब भी कोई माहमारी आती थी तो दुनिया भर में वैक्सीन मिलने के बाद जो बचती थी, वह भारत में आ पाती थी। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान जब लोग अपनों को छोड़कर भाग रहे थे, तब मोदी जी और योगी जी सड़क पर थे और लोगों की जान बचाने में जुटे हुए थे। प्रियंका से लेकर राहुल तक कहीं नहीं दिखे और न ही कांग्रेसी। भाजपा कार्यकर्ता और सरकारी मशीनरी लोगों की मदद में जुटी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो अपनी पिता की मौत पर भी नहीं गये और राज्य की जनता की सेवा में जुटे रहे। नेता सदन के जवाब से असंतुष्ट दीपक सिंह ने आरटीआई के माध्यम से हासिल जवाब को सभापति को उपलब्ध कराया और कहा कि सरकार झूठ बोलकर सदन को गुमराह कर रही है। हकीकत तो यह है कि कोविडकाल में कांग्रेस पीड़ितों के साथ खड़ी थी और उसने राजस्थान से 1000 बसें भी यूपी को सरकार को दीं लेकिन सरकार बसों से पीड़ितों की मदद करने की बजाय राजनीति करती रही और बसों को नही लिया। कांग्रेस सदस्य ने आरोप लगाया कि यह सरकार केवल अपना झूठा प्रचार करने पर ध्यान दे रही है। सरकार और उसकी टीम ने यहां के अखबारों में छपवाया कि कोविड से निपटने के यूपी के माडल को दुनिया भर में सराहना मिल रही है। आस्ट्रेलिया में तो योगी जी को आमंत्रित किया गया। दीपक सिंह ने विदेशी अखबारों की कटिंग को दिखाते हुये कहा कि यह सब झूठ है। उन्होंने कहा कि डब्लूएचओ के हवाले से इन अखबारों में छपा था कि यूपी सहित भारत के कुछ राज्य कोविड की गलत रिपोर्ट दे रहे है। जिसकी वजह से कोविड की सही हकीकत सामने निकल कर नही आ रही है। उन्होने कहा कि पहले की सरकारों में टीवी और पोलियों जैसी अनेक महामारियों से निपटा गया, लेकिन तब इतना प्रचार नही किया गया। कोविड को लेकर तो पूरे राज्य में केन्द्र और राज्य सरकार के प्रचार की होर्डिंग्स जगह-जगह लगी है।

कांग्रेस सदस्य ने कहा कि सरकार को सदन के महामारी जैसे संवेदनशील मामले में सरकार को सदन के अन्दर हल्की बातें नहीं कहनी चाहिए और मरने वालों को सरकारी मदद का सीधा जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए शर्म की बात है कि जो जवाब वह सदन में नहीं दे पा रही है उसका जवाब आरटीआई के माध्यम से हासिल करके मैने पीठ को उपलब्ध करा दिया है।

इस दौरान नेता सदन ने कुछ बोलने का प्रयास किया लेकिन सभापति ने सरकार को कड़ी नसीहत देते हुए उन अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिन्होंने सूचना नहीं दी।

### सियासत और इबादत में नीयत साफ रखिए

**लखनऊ।** भाजपा की अनुपमा जयसवाल ने इसी डुगडुग शब्द की चर्चा कर विपक्ष को आईना दिखाया और कहा कि विपक्ष से धुकुर-धुकुर की आवाज आ रही है। और फिर 12 मिनट के संबोधन में कविताओं, शेरो शायरी की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि ताउम्र बस एक ही सबक याद रखिए, सियासत और इबादत में नीयत साफ रखिए। योगी सरकार में मंत्री रहे चुके राम नरेश अग्निहोत्री ने कहा कि सैफई के मेडिकल कालेज में पहली बार पोस्टमार्टम की व्यवस्था कराई गई है। इस पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सहमति जताई। सपा सरकार में एक एक्सप्रेसवे बना और योगी सरकार में पांच एक्सप्रेसवे बन रहे हैं क्या यह सब विपक्ष को दिखाई नहीं देता।

### एयरपोर्ट इसलिए बना रहे ताकि अडानी को दे दें: रविदास

**लखनऊ।** सपा के रविदास मेहरोत्रा ने 'हम अपनी जो हालत बताने लगेंगे, पत्थर दिल भी आंसू बहाने लगेंगे' शेर पढ़ कर सत्ता पक्ष पर कटाक्ष किया। कहा कि पांच एयरपोर्ट इसलिए बन रहे हैं ताकि इन्हें अडानी को दे दिया जाए। लखनऊ एयरपोर्ट पहले ही दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उन्हें जिद है जहां बिजलियां गिराने की, वहां हमें भी जिद है आशियां बनाने की। सपा के इंद्रजीत सरोज ने मुलायम अखिलेश को रामभक्त बताते हुए कि इन लोगों ने श्रीराम से जुड़े चित्रकूट में कई विकास काम कराए जबकि भाजपा सरकार राम वन गमन मार्ग का काम पांच साल में नहीं करा पाई।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# शादी का झांसा देकर नाबालिग छात्रा से चार साल तक दुराचार

## ● विरोध पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के ठाकुरगंज इलाके में शादी का झांसा देकर नाबालिग छात्रा से एक युवक ने चार साल तक दुष्कर्म किया। चार साल तक संबंध रखने के बाद न तो खुद शादी की और न ही किसी और करने दे रहा था। विरोध पर उसने वीडियो बनाकर वायरल करने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने छात्रा के परिवारजन की तहरीर आरोपित युवक और उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

छात्रा के परिवारजन के मुताबिक चार साल पहले उनकी बेटी 10वीं की छात्रा था। ठाकुरगंज इलाके में कोचिंग में पढ़ती थी। कोचिंग में हरदोई रोड पर रहने वाले राजा वसीर का बेटा ओसामा भी पढ़ने जाता था। ओसामा ने बेटी को बहला फुसलाकर दोस्ती कर ली। इसके बाद उसे अपने साथ एक मकान में ले गया। जहां उसने नशीला पेय पिलाकर दुष्कर्म किया। मोबाइल में वीडियो बना लिया। होश में आने पर बेटी ने विरोध किया तो ओसामा ने शादी का झांसा दिया। इसके बाद वह शादी का झांसा देकर शोषण करता रहा। बेटी ने जब शादी का दबाव बनाना शुरू किया तो वह धमकाने लगा। फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शोषण करता। प्रताड़ना से त्रस्त होकर बेटी ने एक माह पहले मामले की जानकारी घर पर दी। इसके बाद आरोपित ओसामा और उसके परिवारजन से विरोध किया तो उन्होंने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। ओसामा के पिता की आढ़त है। त्रस्त होकर उच्चाधिकारियों से शिकायत की। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरिशंकर चंद ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छात्रा के घरवालों ने बताया कि एक माह पहले बेटी ने घर के अंदर कमरे में आत्महत्या का प्रयास किया था। बेटी को फंदे से लटका देख उसकी मां ने शोर मचा दिया। आनन फानन उसे उतारा गया। पूछताछ में वह रोने लगी और उसने घटना की जानकारी दी। बेटी को समझाकर किसी तरह शांत किया।

# सही रीडिंग आधारित बिल उपभोक्ताओं को पहुंचाया जाएः एम देवराज

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव व पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों पर जो एमओयू हुआ है उसी के आधार पर लक्ष्यों को हासिल करना होगा। इसमें बिजली राजस्व वसूली, लाइन हानियॉ कम करना, नेवर पेड उपभोक्ता को ढूढ कर बिल की धनराशि वसूलना तथा सही रीडिंग आधारित बिल शत-प्रतिशत उपभोक्ता को पहुॅचाना शामिल है। उन्होने कहा कि जो अधिकारी इन बिन्दुओं पर अपना लक्ष्य पूरा नही करेंगे उनका उत्तरादायित्व निर्धारित किया जायेगा। अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण विद्युत की मांग में बेतहाशा वृद्धि हुयी है जिसके कारण कारपोरेशन मार्च से ही रिकार्ड विद्युत आपूर्ति कर रहा है। इसके लिये राजस्व चाहिए। आपकी यह जिम्मेदारी है कि जितनी बिजली दे उतना राजस्व वसूलें। वितरण निगमों का कार्य बिजली आपूर्ति करना और बिल वसूलना है।

# एप पर अपलोड करें सीलिंग ध्वस्तीकरण की फोटो व वीडियो

## ● एलडीए सचिव पवन कुमार गंगवार ने प्रर्वतन कार्यों के सम्बंध में की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में अवैध निर्माण हो रही कार्रवाई का एलडीए सचिव द्वारा अधिकारियों, अभियंत्रण के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठ क के दौरान सचिव द्वारा अधिकारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। एलडीए के सीलिंग एप पर एक सप्ताह में अवैध निर्माण के सीलिंग ऑर्डर और स्थल की फ्रेटोग्राफ अपलोड करने के निर्देश दिए। यही नहीं अनियोजित कालोनी पर कार्रवाई के चल अभियान को सफल बनाने के लिए कार्य करने का निर्देश दिया।

एलडीए सचिव पवन कुमार गंगवार ने शनिवार को प्रवर्तन कार्यों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही जारी रखने और प्राधिकरण द्वारा तैयार कराये गए सीलिंग एप पर अवैध निर्माण के सीलिंग ऑर्डर और स्थल की फोटोग्राफी अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त जोन के विहित प्राधिकारी एवं जोनल अधिकारी, प्रवर्तन में तैनात सहायक अभियंता और अवर अभियंता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सचिव पवन कुमार गंगवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। शहर भर में अनियोजित कालोनी और अवैध निर्माण के खिलाफ चल रहे अभियान को और प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सुपरवाइजर से लेकर जोनल अधिकारी तक के कार्यों में टीम वर्क दिखना चाहिए। उन्होंने प्रवर्तन में तैनात अभियंताओं को निर्देशित किया कि जिन भवनों में नियमानुसार कम्पाउंडिंग करायी जा सकती है, उनमें शमन सेल के साथ समन्वय स्थापित करके शमन मानचित्र की कार्यवाही करवाएं। सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने की सील बिल्डिंगों की मॉनिटरिंग के लिए एक ऑनलाइन एप तैयार करवाया गया है। इस एप के जरिए सील बिल्डिंगों व उन पर प्रचलित कार्यवाही का ब्योरा एक क्लिक में मिल जाएगा। उन्होंने प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में अवैध निर्माण एवं प्लाटिंग के सभी सीलिंग ऑर्डर व फ्रेटो ग्राफइस सीलिंग एप पर अपलोड कर लिए जाएं।

# अतिक्रमण हटाने के साथ सड़क की डिजाइन में बदलाव जरूरीः जितिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लोक** निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और जनहानि को रोकने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दे रही है। भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि 2025 तक सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक की कमी के साथ 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं को शून्य किया जाना है। यह बात मंत्री जितिन प्रसाद ने विभाग द्वारा आयोजित 'सड़क सुरक्षा' कार्यशाला में कही। लोक निर्माण विभाग के विश्वेश्वरैया सभागार में हुई इस कार्यशाला में अध्यक्ष के रूप में संबोधित करते हुए मंत्री प्रसाद ने सड़क दुर्घटनाओं के कारण बताते हुए उन्हें कम करने के लिए किए जा रहे सरकारी प्रयासों की जानकारी भी दी।

जितिन प्रसाद ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों में अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करके दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली जनहानियों को रोका जा सकता है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हम सब का कर्तव्य बनता है कि सड़क सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ समाज के लोगों को भी जागरूक करें। श्री प्रसाद ने कहा कि जनमानस की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में प्राथमिकता के आधार पर सड़कों के अनावश्यक कट्स को बंद कराया जाए।

श्री प्रसाद ने कहा कि छोटे शहरों को जोड़ने वाली सड़कों से लेकर हाईवे, बायपास और ब्रिज बनाने का काम हो रहा है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर तो जरूरी है ही लेकिन वाहन चालकों की सतर्कता भी जरूरी है। दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयासों में अतिक्रमण हटाना, यातायात सुगम बनाने के उपायों की जांच करना, सड़क डिजाइन में बदलाव करने जैसे कार्य शामिल हैं। इन सभी के साथ विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित करने और नोडल विभाग बनाने की भी नितांत आवश्यकता है। कार्यशाला में पीडब्ल्यूडी राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि पीडब्ल्यूडी को अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर इंजीनियरिंग दोषों को दूर करनेए बेहतर साइनेज लगाकर सुरक्षा साधन बढ़ाने, राजमार्गों और सड़कों से अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है। इस दिशा में काम हो रहा है लेकिन और बेहतर परिणाम हासिल करने की आवश्यकता है।

## विराज खंड में बिना नक्शा पास कराए बनाई गई बिल्डिंग सील

**लखनऊ।** एलडीए उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर शनिवार को गोमती नगर के विराज खण्ड में प्रवर्तन टीम ने एक अवैध निर्माण सील कर दिया। एलडीए के जोनल अधिकारी विहित प्राधिकारी ने बताया कि शुभ्रा मिश्रा और अन्य द्वारा भूखण्ड संख्या 1/172 विराज खण्ड, गोमती नगर में अनाधिकृत निर्माण किया गया था, जिसके खिलाफ विहित न्यायालय में वाद संख्या 262ए/2022 योजित किया गया था। निर्माणकर्ता के वाद पक्ष द्वारा निर्माण के सम्बन्ध में कोई स्वीकृत मानचित्र न प्रस्तुत किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किये जाने के आदेश दिये गये थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता अजय गोयल, अवर अभियंता प्रमोद पाण्डेय व सुभाष शर्मा द्वारा प्राधिकरण की पुलिस बल के सहयोग से सील किया।

## एसटीएफके दो और हमलावर गिरफ्तार

**मोहनलालगंज।** एसटीएफके दो और हमलावरों को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली है। जबकि मुख्य अभियुक्त समेत चार अन्य आरोपी पहले ही पुलिस के हाथ लग चुके हैं। वहीं एक अन्य आरोपी ने कोर्ट में सरेण्डर कर दिया है। मोहनलालगंज के मानखेड़ा में डीजल.पेट्रोल के अवैध कारोबार पर छापा डालने पहुंची एसटीएफ पर मनबढ़ सपा नेता अरुण यादव ने अपने गुर्गों के साथ हमला कर दिया था। एसटीएफने आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने सपा नेता अरुण यादव और उसके तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि आरोपी स्वागतम उर्फछोटू कोर्ट में सरेण्डर कर चुका है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी पवन कुमार यादव और देव नारायण पटेल को भी दबोच लिया। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जबकि अज्ञात आरोपियों की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

## अतिक्रमण विरोधी अभियान से रोजी रोटी का संकट पैदा हुआः अजय त्रिपाठी



**लखनऊ।** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल द्वारा प्रदेश कार्यालय में लखनऊ महानगर की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सैयद फुरकान अहमद ने की। उन्होंने बताया कि राजधानी लखनऊ में संगठन का युद्ध स्तर पर विस्तार किया जाएगा। वहीं, बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना ने कहा कि आए दिन अतिक्रमण अभियान से रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। शनिवार को राजधानी में बैठक करते हुए भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में अतिक्रमण विरोधी अभियान से पटरी दुकानदारों को व्यवस्थित एवं स्थानांतरित न करने के कारण रोजी रोटी का सवाल उत्पन्न हो गया है। बिजली कटौती से उद्योगों पर भी प्रभाव पड़ रहा है और कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त है। सरकार को इन विषयों पर गंभीर होकर तत्काल उचित कदम उठाने चाहिए, जिससे व्यापारी उद्यमी के साथ.साथ आम जनता को भी राहत मिले।

# म्यूटेशन के प्रकरणों को तीन माह में निस्तारित किया जाए

## ● गृहकर व नागरिक सेवाओं की समीक्षा के दौरान महापौर ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गृहकर**, नामांतरण, कर निर्धारण और वेंडिंग जोन संबंधी कार्यों पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने शुक्रवार को नगर आयुक्त अजय द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त और कर अधीक्षकों के साथ बैठक कर समीक्षा की। बैठक के दौरान महापौर ने सभी जोनों में लंबित नामांतरण के प्रकरणों का जोनल अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त नागरिक सेवाओं जैसे गृहकर निर्धारण, नाम परिवर्तन, वेंडर रजिस्ट्रेशन, ट्रेड लाइसेंस आदि के लिए संबंधित सक्षम अधिकारी, आवेदन की प्रक्रिया, शुल्क, अपीलीय अधिकारी का नाम व फोन नंबर का एक-एक बोर्ड कार्यालय में लगवाने का निर्देश दिया। नाम परिवर्तन के लम्बित प्रकरणों के संबंध में निर्देशित किया गया कि म्युटेसन के सभी प्रकरणों को तीन माह की समय सीमा निर्धारित करते हुए निस्तारित किए जाए।

### नाम परिवर्तन के प्रकरणों के लिए नोडल अधिकारी नामित

जोनल अधिकारियों को नाम परिवर्तन के प्राप्त प्रकरणो के निस्तारण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिये गये। जोन स्तर पर सही हल न प्राप्त होने पर मुख्यालय में नोडल अधिकारी के रूप में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को नामित किया गया। बैठक में महापौर ने गत वर्ष में गृहकर जमा करने वाले भवनों के आंकड़ो को देखने पर पाया गया कि कुल भवनों के सापेक्ष अनेक ऐसे भवन है जिनके द्वारा भवन कर जमा नहीं किया जा रहा है।

### वेंडिंग शुल्क की वसूली के निर्देश

बीते वर्षो में कोविड इत्यादि कारणो से वेंडिंग शुल्क की वसूली नहीं हो पा रही थी। गत दिवस की टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में स्ट्रीट वेंडर्स से विभिन्न श्रेणियों में लिए जाने वाले विगत वर्ष के शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी है। निर्देशित किया गया कि वेंडिंग जोन को व्यवस्थित करते हुए रजिस्टर्ड वेंडर्स को स्थापित कराते हुए उनसे वेंडिंग शुल्क की वसूली सुनिश्चित की जाए।



# मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जन आकांक्षाओं को पूरा किया: राधा मोहन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन ने केंद्र सरकार के आठ साल पूरे होने पर शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले 8 सालों में न्यू इंडिया की संकल्पना को साकार किया है। नरेंद्र मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की आकांक्षा को प्रभावी और सुनियोजित तरीके से पूरा किया गया है।

उन्होंने कहा कि 2014 का चुनावी जनादेश यूपीए सरकार के पॉलिसी, पैरालिसिस, भ्रष्टाचार और जबरदस्त वंशवादी राजनीति के बाद था। 135 करोड़ भारतीयों के सामर्थ्य और कौशल से संचालित और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र पर चलने वाली मोदी सरकार ने गरीबी दूर करने और देश को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से कई पहल की हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश मे एक नई राजनीति की शुरूआत हुई एक ऐसी राजनीति की शुरूआत हुई जिसने आम नागरिकों की भावनाओं को समेट लिया। लाल बत्ती की रौब और धमक पर विराम लग गया। दिल्ली की सत्ता के गलियारे से दलाल गायब हो गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 8 साल के कार्यकाल में जन से लेकर धन तक से जुड़े सबसे ज्यादा बड़े फैसले लिए। फिर चाहे नोटबंदी व जीएसटी हो या आयुष्मान भारत, जन-धन योजना, उज्ज्वला स्कीम या किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं। योग को दुनियाभर में नई पहचान दिलानी हो या कारोना संकट में दुनिया के गरीब देशों की मदद करनी हो, हर मोर्चे पर उन्होंने देश की छवि मजबूत करने की कोशिश की है। जीएसटी लागू कर एक देश एक टैक्स की नीति लागू की जिसका असर रहा कि जीएसटी कलेक्शन एक लाख करोड़ के पार होकर नित नए रिकार्ड बना रहा है। तीन तलाक की प्रथा खत्म करने का असर रहा कि तलाक के 80 प्रतिशत मामले घटे। कानून लागू होने से पहले यूपी में 63 हजार केस थे। कानून बनने के बाद सिर्फ221 केस ही आए जबकि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर राज्य को मिले सभी विशेषाधिकार खत्म करना और सीएए लागू करने व सरकारी बैकों के विलय सहित कई अन्य ऐतिहासिक निर्णय इन 8 वर्षों में लिए गए।

## महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार कर रही हैं अभूतपूर्व कार्य: केशव मौर्य



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री को देश व विदेश में विपणन हेतु सरकार लगातार प्रयत्नशील है और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। श्री केशव प्रसाद मौर्य आज पंचायती राज विभाग के अलीगंज स्थित ऑडिटोरियम में एचसीएल फाउंडेशन, फ्लिपकार्ट व ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संयुक्त उद्यम के लांचिंग समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का यह अभिनव प्रयास है। स्वयं सहायता समूह महिला सशक्तिकरण के शक्ति केंद्र के साबित हो रहे हैं। संयुक्त उद्यम की लांचिंग से समूहों के कार्यों को गति मिलेगी और समूहों द्वारा निर्मित सामग्री की बिक्री फ्लिपकार्ट व एचसीएल फाउंडेशन के माध्यम से पूरे देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी हो सकेगी एइस से महिलाएं और अधिक सशक्त व स्वावलंबी हो सकेंगी।

## भाजपा असल मुद्दों से लोगों को करती है गुमराह: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी को अभी संविधान की मूलभावना को ही समझना है। भारतीय जनता पार्टी लगातार लोकतंत्र, समाजवाद और सेक्यूलरिज्म पर हमला करके इसे बर्बाद कर रही है। हम चाहते हैं कि मुख्य मुद्दों पर चर्चा हो पर भाजपा असल मुद्दों से भटकाना चाहती हैं। वह लोगों को गुमराह करती रहती है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा डॉ. लोहिया को पढ़ने की सीख देने पर श्री यादव ने कहा कि बहस इस पर नहीं है कि किसी विचारधारा को जानता हूँ या नहीं जानता हूं। नेता सदन समाजवादी पेंशन को समाजवादी पार्टी की पेंशन समझ रहे थे। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी पर उन्होंने कहा कि 10 हजार करोड़ का इन्वेस्टमेंट अगर होता तो सभी को दिखाई देगा। सरकार बजट को लेकर सिर्फ आंकड़ों से खेल रही है। भाजपा सरकार की इंडस्ट्रियल पॉलिसी से कम इन्वेस्टमेंट आया है। जमीन पर कुछ उतरे तब विकास माना जाएगा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पेपर आउट होना और आरक्षण से खिलवाड़ होना, संस्थानों में गलत लोगों को बिठा देना यही काम हो रहा है। एकेटीयू और सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी नियुक्तियां गलत तरीके से की गई हैं। हम चाहते हैं कि जातिगत जनगणना हो।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की चालाकी यह है कि जो काम पहले हो गए या होने वाले हैं सबको अपनी उपलब्धि सूची में डाल लेती हैं। शिलान्यास को ही वे कार्य पूरा होना मान लेते हैं। दूसरों के काम पर अपना ठप्पा लगाना और नाम बदलना भाजपा सरकार का बाएं हाथ का खेल है। ऐसी गैरजिम्मेदार सरकार पहली बार देखने को मिली है।

## सहायक निदेशक कारखाना बिजनौर रवि प्रकाश सिंह निलंबित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने श्रम विभाग के तत्कालीन सहायक निदेशक कारखाना बिजनौर सम्प्रति सहायक निदेशक कारखाना मेरठ रवि प्रकाश सिंह को कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। इनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित किये जाने के निर्देश दिये हैं। अपर मुख्य सचिव श्रम सुरेश चन्द्रा ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश में मै. मोहित पैट्रोकेमिकल्स प्रा. लि., बिजनौर कम्पनी में 12 सितम्बर 2018 को मीथेन गैस का टैंक फटने से 7 लोगों की मृत्यु हो गयी थी। इस घटना के संबंध में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, बिजनौर द्वारा प्राप्त जांच आख्या एवं श्रमायुक्त द्वारा की संस्तुति के आधार पर यह कार्यवाही की गयी है। निलम्बन अवधि में रवि प्रकाश सिंह तत्कालीन सहायक निदेशक कारखाना बिजनौर सम्प्रति सहायक निदेशक कारखाना मेरठ श्रमायुक्त मुख्यालय कानपुर से सम्बद्ध रहेगें।

## श्रम राज्यमंत्री को विभागीय कार्य आवंटित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल 'मन्नू कोरी' को विभागीय कार्यों में श्रमायुक्त संगठन, सेवायोजन विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा योजना में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थापना संबंधी प्रकरण, लेबर कोर्ट कि लम्बित वादों का अनुश्रवण, उच्च न्यायालय, राज्य लोक सेवा अधिकरण में लम्बित वादों का अनुश्रवण, लोक शिकायत आईजीआरएस से संबंधित प्रकरण, अतारांकित प्रश्नों का अनुमोदन, विधान सभा, परिषद आश्वासन संबंधी प्रकरण, मंत्री द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देश, अनुपालन विषयों का अनुश्रवण, अटल आवासीय विद्यालय जो बीओसीडब्लू बोर्ड यूपी की अति महत्वाकांक्षी योजना की प्रगति की समीक्षा का कार्य आवंटित किया है। इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव श्रम सुरेश चन्द्रा की ओर से आदेश जारी कर दिये गये हैं। यह आदेश कार्य आवंटन सम्बन्धी पूर्व में जारी आदेश को अवक्रमित करते हुए तात्कालिक प्रभाव से लागू होगा।

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए चक्कर काट रहे ग्रामीण

- ढ़ाई माह से तीस पंचायतों में प्रमाण पत्र जारी होने में है समस्या

संवाददाता। मोहनलालगंज

**यूजर** आईडी और पासवर्ड की समस्या से मोहनलालगंज ब्लाक समेत राजधानी की दो दर्जन से अधिक पंचायतों में तकरीबन ढ़ाई माह से ग्रामीण जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे हैं। ब्लाक अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी लोगों को प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहे हैं। आमजन से मिल रही शिकायतों पर जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को यथाशीघ्र समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं।

मोहनलालगंज ब्लाक की नन्दौली बरवलिया विरसिंहपुर सलेमपुर और राती समेत सात ग्राम पंचायतों के लोग ढ़ाई माह से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ब्लाक के चक्कर काट रहे हैं। प्रमाण पत्र नहीं मिल पाने से कई ग्रामीण वरासत और बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के जरुरी कार्य नहीं करा पा रहे हैं। जबकि कुछ ग्रामीणों के वित्तीय दावे लटके पड़े हैं। सचिव भी इस समस्या को लेकर ब्लाक अधिकारियों से शिकायत दर्ज करा चुके हैं। बीडीओ निशान्त राय ने बताया 32 ग्राम पंचायतों में यह समस्या थी जिसे लेकर सीडीओ को पत्र लिखकर अवगत कराया गया। उन्होने बताया अधिकांश पंचायतों में प्रमाण पत्र जारी होने लगे हैं लेकिन सात पंचायतों में अभी भी समस्या है। कमोवेश यही हाल जिले में दूसरे ब्लाक की दो दर्जन अन्य ग्राम पंचायतों का भी है। जहां यूजर आईडी और पासवर्ड काम नहीं करने से सचिव प्रमाण पत्र जारी नहीं कर पा रहे हैं। जिसकी शिकायतें शासन तक पहुंच रही हैं फ़िर भी समाधान नहीं हो पा रहा है।

**क्या कहते हैं डीपीआरओ**

डीपीआरओ शाश्वत आनन्द सिंह ने बताया जिले भर की कुल 121 ग्राम पंचायतों में जन्म.मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने में समस्या थी। सीएमओ के प्रयासों से अब तक अधिकांश पंचायतों में प्रमाण पत्र जारी होने लगे हैं। 30 ग्राम पंचायतों में अभी भी प्रमाण पत्र जारी होने में समस्या है। जिसे दूर कराने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है।

## मिनि. एसोसिएशन के स्थापना दिवस में छाया रहा पुरानी पेंशन का मुद्दा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन का 95वाँ स्थापना दिवस शुक्रवार को विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में प्रान्तीय अध्यक्ष पद्मनाभ द्विवेदी की अध्यक्षता व प्रान्तीय महामंत्री जेपी. पांडेय के संचालन में सम्पन्न हुआ। एसोसिएशन के प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि इस मौके पर प्रदेश के 75 जिलों के प्रांतीय/क्षेत्रीय जिला पदाधिकारियों के अलावा अन्य विभागों के संगठन के कर्मचारी नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वालित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा उन्होंने अपने सम्बोधन में प्रदेश के मिनिस्टीरियल कर्मचारियों को एसोसिएशन के 95वें वर्षगाठ की शुभकामनाएं दी तथा एसोसिएशन की कोई भी समस्या होगी उसे अपने स्तर से तत्काल दूर किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख अभियन्ता (ग्रामीण सड़क) अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता मध्य क्षेत्र आरके हरदहा सहित विभाग के कई उच्च अधिकारी उपस्थित थे। एसोसिएशन के संरक्षक सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव, प्रान्तीय अध्यक्ष पद्मनाभ द्विवेदी ने संयुक्त रूप से कहा की यह संगठन विभाग का सबसे पुराना संगठन है तथा मिनिस्टीरियल कर्मचारियों के प्रति हमेशा जागरूक रहा है।


# कार्यालय जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर

पत्रांक :-245/जि0पं0अम्बे0/निर्माण/निविदा/2022-23 दिनांक 28 मई, 2022

**निविदा सूचना**

सरकारी गजट उ0प्र0 सरकार पंचायत्ती राज अनुभाग-2, संख्या-1425/33-2-2020-80जी-2000 लखनऊ 14 जुलाई, 2020 के अनुपालन में जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर के निर्माण कार्यो हेतु प्रकाशित निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, पी0डब्ल्यू0डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों को भी सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत अम्बेडकरनगर की वित्तीय वर्ष 2022-23 में पं0रा0वि0आ0/जिलानिधि से सीमासूचक द्वार पूर्व में लगे मा0 मुख्यमंत्री जी व मा0 अध्यक्ष जी के फोटोग्राफ परिवर्तित किये जाने वाले कार्यो का शासनादेश संख्या-06/2018/256/78-2-2018-42 आई0टी0/2017टी0सी0 दिनांक 24 अप्रैल, 2018 के अनुपालन में ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की ब्रिकी दिनांक 30,05.2022 से 20,06,2022 समय 12.00 बजे मध्याह्न तक कार्यालय जिला पंचायत अम्बेडकरनगर में की जायेगी तथा दिनांक 20.06.2022 को समय 12:30 बजे से 03:00 बजे तक सील बन्द निविदा टेण्डर बाक्स में डाली जायेगी एवं उसी दिन समय 03:30 बजे अपराह्न उपस्थित ठेण्डरदाताओं के समक्ष टेण्डर समिति द्वारा टेण्डर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। टेण्डर सम्बन्धित किसी भी जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। कार्यो का विवरण निम्नवत है-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | कार्य का प्रकार | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी. एस.टी. सहित) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | पंचम राज्य वित्त आयोग | | | | | | |
| 1 | अ0मु0अ0 कार्यालय कक्ष मरम्मत साज-सज्जा एवं कर अधिकारी कक्ष का मरम्मत कार्य। | अकबरपुर | मरम्मत कार्य | 6.02 | 12040 | 590.00 | 01 माह |
| | जिलानिधि | | | | | | |
| 1 | अकबरपुर सुल्तानपुर मार्ग पर महरूआ में सीमासूचक द्वार | कटेहरी | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 2 | मालीपुर नेमपुर घाट मार्ग पर सीमासूचक द्वार | जलालपुर | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 3 | मालीपुर शाहगंज मार्ग पर सुरहुरपुर में सीमासूचक द्वार | जलालपुर | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 4 | जलालपुर रामगढ़ मार्ग पर फूलवरिया में सीमासूचक द्वार | भियॉव | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 5 | टाण्डा कलवारी मार्ग पर सीमासूचक द्वार | टाण्डा | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 6 | टाण्डा मया मार्ग पर सीमासूचक द्वार | टाण्डा | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 7 | अकबरपुर दोस्तापुर मार्ग पर सीमासूचक द्वार | अकबरपुर | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 8 | न्योरी रफीगंज मार्ग पर अमोला मोड़ पर सीमासूचक द्वार | रामनगर | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 9 | अकबरपुर आजमगढ़ मार्ग पर गोविन्द साहब मेला अमड़ी मोड़ पर सीमासूचक द्वार | रामनगर | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 10 | गोसाईगंज तारुन मार्ग पर चनहा चौराहे के पास सीमासूचक द्वार | भीटी | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |
| 11 | बावली चौक से बस्ती मार्ग बिड़हर में सीमासूचक द्वार | जहांगीरगंज | सीमासूचना | 4.35 | 8700 | 590.00 | 01 माह |

1- प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) उपरोक्त तालका क कालम 8 में दर्शाया गया है।
2- निविदा की स्वीकृति के पश्चात ही अन्य निविदादाताओं की धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।
3- निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के कार्यालय से निर्धारित मूल्य पर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 20.06.2022 को समय 12:00 बजे दिन तक नगद देय से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता किसी भी जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। निविदा प्रपत्र विभागीय वेवसाइट www.ambedkarnagar.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है और निविदा प्रपत्र लागत का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं जिला पंचायत कार्यालय से उपलब्ध प्रपत्र में कोई अन्तर होने पर अपर मुख्य अधिकारी कार्यालय का प्रपत्र मान्य होगा।
4- निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि संलग्न होनी चाहिए/धरोहर धनराशि शिड्यूल बैंक की बैंक ड्राफ्ट/डाकघर बचत खाता (एन0एस0सी0) के रूप में होनी चाहिए जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के पदनाम से बन्धक होगा। यदि कोई ठेकेदार एक से अधिक कार्य के लिए निविदा डालता है तो प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ अलग-अलग धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की रिथिति में उसके निविदा पर विचार करना सम्भव नही होगा।
5- निविदा से सम्बन्धित विवरण निविदा डालने हेतु योग्यता एवं पात्रता, ड्राइंग, विशिष्टियाँ मात्राओं का विवरण एवं ठेके की अन्य शर्ते जिनका पालन ठेकेदार को किया जाना है, के सम्बन्ध में जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाहून 10:00 बजे से 05:00 बजे अपरान्हन तक निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 20.06.2022 तक प्राप्त की जा सकती है।
6- कोई निविदादाता जिसका अपराधिक रिकार्ड है निविदा में भाग लेने से प्रतिबन्धित होगा।
7- एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।
8- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य स्थल एवं कार्य पर लगने वाले श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में कराना अनिवार्य होगा तथा प्रवासी श्रमिकों को कार्य करने हेतु वरीयता दी जायेगी। (प्रवासी श्रमिकों की सूची कार्यालय से प्राप्त कर सकते है)
9- सशर्त निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी।
10- निविदा स्वीकृत होने की दशा में कुल 10 प्रतिशत धनराशि (धरोहर धनराशि मिलाकर) जमानत धनराशि जमा करने पर ही अनुबन्ध किया जायेगा। निविदा स्वीकृति के बाद तत्काल अनुबन्ध कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त मान ली जायेगी।
11- निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र के साथ वैध चरित्र प्रमाण पत्र/हैसियत प्रमाण पत्र की नवीनतम प्रमाणित छायाप्रति प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12- अन्य कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार द्वारा यदि निविदा में प्रतिभाग किया जाता है और उसकी निविदा स्वीकृति होने की दशा में निविदादाता को एक सप्ताह के अन्दर जिला पंचायत अम्बेडकरनगर में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

(अखिलेश यादव)
अभियन्ता
जिला पंचायत अम्बेडकरनगर

(श्रीकान्त दूबे)
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत अम्बेडकरनगर

(श्याम सुन्दर वर्मा)
अध्यक्ष
जिला पंचायत अम्बेडकरनगर


## अतिक्रमण के खिलाफ सरकार की सख्त कार्रवाई

- सड़कों के किनारे 15119 अवैध अतिक्रमण हटाए गए
- 1404 ब्लैक स्पॉट चिन्हित 36 लाख जुर्माना वसूला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सड़क** सुरक्षा के प्रति नई पहल के तहत योगी सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए अवैध अतिक्रमण, अवैध वाहन स्टैंड और पार्किंग के खिलाफ प्रभावी अभियान छेड़ा है। जिसके उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं।

प्रदेश के 75 जिलों में 19 मई को शुरू हुए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सभी जिलों की सड़कों और फुटपाथ पर किए गए अवैध अतिक्रमण, अवैध वाहन स्टैंड व पार्किंग संचालकों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। हर जिले में चलने वाले अभियान के दौरान चिह्नित संचालकों पर गैंगस्टर व गुंडा एक्ट भी लगाया गया। इतना ही नहीं कई वाहनों को जब्त भी किया गया। सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा इस अभियान के तहत अवैध रूप से संचालित ऑटो, टैक्सी, एवं बस स्टैंड के विरुद्ध अभियान चलाते हुए कुल 567 स्टैंड चिन्हित किए गए और 573 स्टैंड हटाए गए। गुंडा अधिनियम के तहत 20 स्टैंड संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई और दो के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट भी लगाया गया। सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ भी बड़े स्तर पर कार्रवाई की गई। इस दौरान सरकार ने एक्सप्रेस वे राष्ट्रीय राजमार्ग, लोकनिर्माण विभाग की सड़कों, नगर मार्गों एवं सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए 3749 अभियान चलाए गए। इस दौरान 15119 अवैध अतिक्रमण हटाये गए। अवैध अतिक्रमण करने वाले 1104 लोगों पर मुकदमा भी दायर किया गया। वहीं अवैध पार्किंग के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हुई जिसमें सड़कों पर से कुल 8929 अतिक्रमण स्थल हटाए गए। इसके साथ ही 1018 अवैध पार्किंग स्थल भी हटाए गए। गुंडा अधिनियम के तहत 3 पार्किंग संचालकों के विरुद्ध एक्शन लिया गया गया।

### एक लाख से ज्यादा लाउडस्पीकर पर की गई कार्रवाई

**लखनऊ।** लाउडस्पीकरों पर लगाम लगाने में राज्य सरकार ने देश के सामने एक मिसाल कायम कर रहा है। राज्य में 1.29 लाख से अधिक लाउडस्पीकरों को या तो बंद कर दिया गया या आवाज कम कर दी गई। अभियान के दौरान विभिन्न पूजा स्थलों से 71114 लाउडस्पीकर हटाए गए जबकि 58180 लाउडस्पीकरों की ध्वनि को कर दिया गया है जिससे जनमानस को राहत मिली है। योगी सरकार ने एक और पहल करते हुए हटाये गए लाउडस्पीकर को स्कूलों और पब्लिक अनाउंसमेंट् के उपयोग में लगाने का कार्य शुरू किया है। स्कूलों की मॉर्निंग असेंबली के लिए 4371 से अधिक लाउडस्पीकर दिया गएए जबकि 940 स्पीकर क्षेत्र में पब्लिक एड्रेस सिस्टम के लिए सौंपे गए। गृह विभाग ने 23 अप्रैल को धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने के आदेश जारी किए थे।

## पेज एक का शेष

### सरकार ने...

लगभग छह महीने पहले अपने गृह राज्य का दौरा कर रहे मोदी ने कहा कि डबल इंजन सरकार (केंद्र और राज्य में) ने गुजरात के तेजी से विकास को सुनिश्चित किया है, जबकि 2014 से पहले ऐसा नहीं था। मोदी ने कहा, डबल इंजन सरकार के कारण गुजरात विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वर्ष 2014 से पहले, चीजें अलग थीं। हम केंद्र (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार) को किसी विकास परियोजना की फाइल भेजते थे तो वे खारिज कर देते थे। उन्हें कोई विकास परियोजना नहीं दिखती थी। गुजरात में दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी ने राजकोट के ग्रामीण इलाके में 200 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना करने वाले पाटीदार समुदाय ट्रस्ट की सराहना की और कहा कि वह चाहते हैं कि अस्पताल खाली रहे।

### वीर सावरकर...

विभाजन रोक सकते थे और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा दृष्टि' का विमोचन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि अगर सावरकर की बात कांग्रेस ने मान ली होती तो देश का विभाजन नहीं होता। सावरकर ने कहा था कि पाकिस्तान आएंगे, जाएंगे लेकिन हिंदुस्तान हमेशा रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण की नीति के कारण हम समझौते की टेबल पर हार जाते थे। योगी ने कहा कि वो लोग कहते थे कश्मीर से 370 समाप्त नहीं हो सकता, आज हो गया। वीर सावरकर का एक ही लक्ष्य था कि देश आज़ाद हो। उनका पूरा जीवन देश को दिव्य दृष्टि देकर गया है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण आज़ादी के तत्काल बाद होना चाहिए था, वो आज हो रहा है।

### योगी ने...

संवैधानिक आवश्यकता है, जिसे उन्हें पद पर बने रहने के लिए पूरा करना होगा। फरवरी में विधानसभा चुनाव में चंपावत निर्वाचन क्षेत्र से जीतने वाले भाजपा के कैलाश गहतोड़ी ने मुख्यमंत्री के चुनाव लड़ने के लिए अपनी सीट खाली कर दी थी। योगी ने टनकपुर में एक चुनावी रैली में धामी के लिए प्रचार करते हुए कहा, 1997 में जिला बनने के बाद पहली बार चंपावत को एक विधायक नहीं, बल्कि एक मुख्यमंत्री चुनने का मौका मिला है। आपको इस अवसर को व्यर्थ नहीं करना चाहिए। मैं आपसे क्षेत्र के तेजी से विकास के लिए पुष्कर सिंह धामी के युवा नेतृत्व के पक्ष में भारी मतदान करने की अपील करता हूं।

### पीएफआई की...

के लिए शीघ्र ही किसी सरकारी केंद्र पर भेजा जाएगा। इस बीच, पीएफआई कार्यकर्ताओं ने बच्चे के पिता को पुलिस हिरासत में लिए जाने के विरुद्ध पल्लुरूथी में विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी विवाद के इस मामले में सबसे पहले एरात्तूपेट्टा निवासी अनस को गिरफ्तार किया गया था। उसी ने अपने कंधे पर बच्चे को बैठा रखा था। विजयकुमार पी के की शिकायत पर इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें पुलिस ने भादंस, केरल पुलिस कानून की संबंधित धाराएं लगाई थीं तथा पीएफआई के जिला सचिव मुजीब, नवास तथा अन्य को आरोपी के तौर नामजद किया गया था।

### देश में...

अब कोविड 19 से बचाव के लिए टीकाकरण की दोनों डोज दी गई है। बधाई भारत! टीका लगवाने के बाद भी कोविड के उचित व्यवहार का पालन करते रहें। मंत्रालय के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कर्मियों (एचएलडब्ल्यू) को अब तक दी गई कुल कोविड-19 खुराक में से 1,04,06,837 ने पहली खुराक प्राप्त की है, 1,00,38,523 ने दूसरी टीका खुराक प्राप्त की है और 51,90,970 एहतियात की खुराक दी गई है।

### सीबीआई जांच...

समेत कई मामलों में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। बनर्जी ने कहा, हमें धमकाने के लिए सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दुरुपयोग किया जा रहा है। राज्य का अपमान करने के लिए उन्होंने मुझे पश्चिम बंगाल से जुड़े मामलों में दो बार दिल्ली बुलाया था। वे मुझे परेशान करने की कोशिश कर रहे थे। मैंने भाजपा के दो सांसदों को पार्टी में शामिल कर उन्हें करारा जवाब देने का फैसला किया। बैरकपुर के भाजपा सांसद अर्जुन सिंह पिछले सप्ताह टीएमसी में शामिल हुए, जबकि आसनसोल से सांसद रहे बाबुल सुप्रियो पिछले साल सितंबर में पार्टी में आए थे। डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी ने दावा किया, अगर हम अपने दरवाजे खोलेंगे तो बंगाल में भाजपा का वजूद खत्म हो जाएगा। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए, बनर्जी ने दावा किया कि उन्होंने सीबीआई और ईडी से खुद को बचाने के लिए मेदिनीपुर की विरासत का सौदा किया। बनर्जी ने कहा, एक व्यक्ति था जो सरकार और पार्टी के बीच बाधक बना हुआ था।

### बिहार ने...

एक अप्रैल 2015 को प्राथमिक स्वर्ण अयस्क के कुल संसाधन 654.74 टन के साथ स्वर्ण धातु 50.18 करोड़ टन होने का अनुमान है और इसमें से बिहार के पास 22.28 करोड़ टन (44 प्रतिशत) अयस्क है जिसमें 37.6 टन धातु है।

# रेलकर्मी जटिल पहलुओं में हैसिल कर चुके हैं महारत

## अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे अमित कुमार अग्रवाल अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे पर रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**अपर** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे अमित कुमार अग्रवाल ने अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे में शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के भारतेंदु सभा कक्ष में मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय एवं शाखाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की । बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) ज्ञानेश त्रिपाठी ,अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) एस पी एस यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) राहुल श्रीवास्तव , वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) राकेश रंजन,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय अनुज वर्मा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर एस पी श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर आलोक केसरवानी,वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक प्रीती वर्मा,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर त्रयम्बक तिवारी, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डा अभिषेक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ला,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर ए के सिंह,वरिष्ठ मंडल आंकड़ा प्रबंधक एस एन राम,वरिष्ठ मंडल भण्डार प्रबंधक ए के जायसवाल, विधि अधिकारी राहुल श्रीवास्तव,राजभाषा अधिकारी ज्ञानप्रकाश राय एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक श्री अग्रवाल ने वाराणसी मंडल द्वारा पहली बार ऑनलाइन प्रकाशित पत्रिका 'काशी प्रतिबिंब' का आभाषी माध्यम से विमोचन किया । उन्होंने कहा पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है । इन्हीं आयामों में एक भाषा भी है जो अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। यह पत्रिका देखकर मुझे लगता है कि हमारे रेल कर्मी भारतीय रेल के विभिन्न जटिल पहलुओं में महारत प्राप्त कर रेल संचालन के साथ-साथ साहित्य सृजन में भी दक्ष हैं। रचनाकार रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को मैं बधाई देता हूँ ।

# लंका, सुन्दरपुर व नरिया क्षेत्र में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भेलूपुर** जोन अंतर्गत सड़कों पर अतिक्रमण के सबन्ध में राजेश अग्रवाल असिस्टेंट कमिश्नर / जोंनल आफिसर भेलुपुर जोन अंतर्गत लंका, सुंदरपुर सब्जी मंडी होते हुए नरिया तक एडिशनल सिटी मजिस्ट्रेट प्रवर्तन दल के कर्नल भेलूपुर पुलिस बल के साथ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 29 अस्थाई अवैध कब्जे दुकानों को हटवाया गया। सड़क पर कब्जा करने वालों से 2500 रुपया जुर्माना वसूला किया गया। 17 मोटरसाइकिल तथा 3 बड़े वाहनों का चालान किया गया। सुंदरपुर सब्जी मंडी को आसपास के लोगो के माध्यम से सुव्यवस्थित किया गया। अतिक्रमण हटाने को लेकर जनता व प्रशासन से काफी नोंकझोंक हुई लेकिन प्रशासन व पुलिस के आगे जनता की एक न चली। अतिक्रमण अभियान पूरे शहर में जोरों पर चल रहा है। इसलिए जनता अपने वाहनों को सही स्थान पर खड़ा करे जिससे उनके वाहनों का चालान न हो सके।

# डॉ. हेमंत के प्रयास से बची गौ माता की जान



**संवाददाता।** बीजपुर/सोनभद्र

**आज** के परिवेश में इंसान कितना व्यस्त हो गया है कि उसे तड़पता हुआ जानवर भी नजर नहीं आता। कहने के लिए तो सब कहते है कि गाय हमारी माता है लेकिन माता जब कस्ट मे हो तो आदमी मुंह फेर लेता है। यह घटना है एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर की जहां पिछले लगभग 10 दिनों से एक गाय प्रसव पीड़ा में थी बच्चे का एक पैर भी बाहर था लेकिन उस मार्ग से गुजरने वालों ने उसे देखकर भी इस बात की जानकारी पशु चिकित्साधिकारी को देना मुनासिब नहीं समझा। गाय तड़पती रही भूखी प्यासी और अन्ततः दर्द के मारे तड़पते तड़पते उसे शुक्रवार की रात्रि नाले में गिरी हुई अवस्था मे एनटीपीसी के आवासीय परिसर के ड्यूटी के दौरान एक सिक्युरिटी गार्ड ने देखा। उसने अपने संबंधित अधिकारी विनोद कुमार द्विवेदी को फोन किया। फोन पाते ही सिक्यूरिटी इंचार्ज श्री द्विवेदी ने बिना एक पल गवाएं इस वाकए की सूचना पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 हेमन्त कुमार को दी। हालांकि उस वक्त रात्रि के आठ बजे चुके थे लेकिन डॉ0 कुमार ने आलस्य का परित्याग करते हुए उक्त स्थान पर पहुँच गए। उसी वक्त संविदाकार रवि गुप्ता एवं स्टेशन के अधिकारी राम कुमार मिश्रा आदि भी पहुँच गए। बहुत कोशिश के बाद भी जब बच्चा नहीं निकला तो फिर डॉ हेमंत कुमार ने सिजेरियन करने का निर्णय लिया। तब तक10 बज गए थे फिर भी स्ट्रीट लाइट के रोशनी में सिजेरियन के माध्यम से चिकित्सक ने करीब साढ़े तीन घंटे के मेहनत के बाद गौ माता की जान बचाई। बच्चा मां के पेट मे ही सड़ चुका था। जाको राखे साईयां मार सके ना कोय की कहावत अक्षरशः सत्य साबित हुई।

## हाइपरटेंशन जागरूकता माह का आयोजन किया

**वाराणसी।** इनोवेशन पर लगातार ध्यान देने वाली वैश्विक दवा कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क), ने मई महीने को हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) जागरूकता माह के रूप में मनाया। ग्लेनमार्क ने देश भर के 50 शहरों में 8000 से अधिक अस्पतालों और क्लीनिकों के 18,000 से अधिक हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स (एचसीपी) के साथ साझेदारी की, और 110 से अधिक जन जागरूकता रैलियों और 8000 स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया, ताकि हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा की जा सके। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए, आलोक मलिक, ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड, इंडिया फॉर्म्युलेशन,ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने कहा कि महीने भर चली यह पहल देश में इस साइलेंट किलर बीमारी के बारे में जागरूकता पैदा करने का हमारा प्रयास है।

# अनुशासित कार्य करने से समस्या का होता है समाधान: अजय कुमार

**संवाददाता।** मऊ



**विकास** खण्ड कोपागंज ब्लाक सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अजय कुमार गौतम को फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दिया गया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अजय कुमार गौतम ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अनुशासनिक तरीके से कार्य करे तो जनता की समस्याओं का निदान काफी आसानी के साथ किया जा सकता है। साथ ही साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी आम जनता को आसानी के साथ मिल जाता है। उन्होंने कहा कि जनपद में कार्य करने के दौरान उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। इस अनुभव का उन्हें भविष्य में प्रशासनिक कार्यों को निष्पादित करने के दौरान काफी मदद मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य रुप से ग्राम प्रधान सुनीता यादवए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादवए बीडीओ जैश सिंहए एडीओ पंचायत विजय शंकर सिंहए ग्राम विकास अधिकारी राजन सिंहए वीर बहादुर सिंहए जितेन्द्र यादवए आफताबए बृजेश कुमारए नंद लालए अनुज गुप्ताए एपीओ प्रशांत कुमार रायए एडीओ समाज कल्याण जगदीश यादवए ग्राम प्रधान सुनीता यादवए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादवए जितेन्द्र राजभरए अजय राजभरए कमलेश यादवए दधीचंद्र राजभर आदि उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस से मायूस लौटे फरियादी

**सकलडीहा चन्दौली।** लेखपालों के कार्य बहिष्कार के कारण तहसील क्षेत्र के थानों से समाधान दिवस पर फरियादी मायूस होकर लौट गये। शनिवार को सकलडीहा कोतवाली पर तहसीलदार डाण् वंदना मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान कुल सात प्रार्थना पत्र पड़ा। लेकिन एक भी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण नही होने पर फरियादी अधिकारी और लेखपालों को कोसते हुए वापस लौट गये। इस मौके पर काफी संख्या में फरियादियों की भीड़ जुटी रही। समाधान दिवस पर एसडीएम अजय मिश्रा धानापुर और तहसीलदार डाण् वंदना मिश्रा सकलडीहा और धीना व बलुआ सीओ अनिरूद्ध सिंह व नायब तहसीलदार द्वारा पहुंचकर फरियादियों से रूबरू हुए। लेकिन सभी थानों पर लेखपालों के कार्य बहिष्कार के कारण पुलिस को छोड़ राजस्व के मामलों का निस्तारण नही होने से फरियादी मायूस होकर अधिकारियों को कोसते हुए लौट गये। वही सकलडीहा में सात में एक भी शिकायतों का निस्तारण नही होपाया। इस मौके पर चौकी प्रभारी भैरोनाथ यादवए एसआई मनोज सिंहए महफूज खां सहित अन्य दरोगा मौजूद रहे।

## पुलिस व राजस्व कर्मी टीम बना कर जमीन संबंधी विवादों का करें समाधानः जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** मई महीने के चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन जिले के सभी थानों मे आयोजित किया गया। थाना चोपन में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने थाना समाधान दिवस के मौके पर जनता की समस्याओं को बड़े ही सहज भाव से सुना और मौके पर मौजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों व पुलिस कर्मियों को समन्वय के साथ नागरिकों के समस्या के समाधान कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मौजूद लेखपालों को अतिक्रमण सम्बन्धी समस्याओं को तत्परता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा है कि थाना समाधान दिवस का आशय है कि दोनों पक्षों को बुलाकर व जरूरत के मुताबिक पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर जाकर आपसी विवाद को सुलझायें और सुलझाते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के मौके पर थाना चोपन के समाधान दिवस के रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी व राजस्व कर्मी टीम बनाकर मौके पर जाकर जमीन सम्बन्धी विवादों का समाधान करें। जिलाधिकारी ने थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र व चोपन नगर के विवादों को सुलझाने के लिए निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस थाना चोपन में अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र अपर पुलिस अधीक्षक तहसीलदार ओबरा राजस्व विभाग के कार्मिकगण पुलिस कर्मी के साथ फरियादीगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# विंध्य क्षेत्र में फैला जुए का कारोबार अवैध धंधे से बर्बाद हो रहे नवयुवक

**संवाददाता।** विंध्याचल मिर्जापुर

**जनपद** में बहुचर्चित क्षेत्रों में विंध्य क्षेत्र अपना परचम लहरा रहा हैए चाहे वह वेश्यावृत्ति का मामला हो चाहे अवैध जुआ का कारोबार मादक पदार्थों की बिक्री भी इस क्षेत्र से इससे अछूता नहीं है। जहां एक तरफ प्रदेश सरकार अपराध को रोकने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई करने पर आमादा है एतो वही कुछ अधिकारी बहरूपिया का चोला पहन भ्रष्टाचार की अग्नि कुंड आहुति डालते नजर आते हैं। तो वही मिर्जापुर जनपद के विंध्य क्षेत्र के बहुचर्चित कारनामे जग जाहिर है अभी कुछ वर्षों पहले यहां पर बहुचर्चित जुए के गिरोह का भंडाफोड़ कर वाराणसी के ईमानदार अफसर आईजी एस के भगत द्वारा इस गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। जिसमें जनपद के कुछ अधिकारी न्योछावर खोरी करते संदेहनात्मक दृष्टि से देखे गए थे। सूत्रों की माने तो इन दिनों विंध्याचल क्षेत्र के पहाड़ीयो पर अलग.अलग क्षेत्रों में प्रतिदिन स्थान बदलकर जुए का अड्डा का संचालन विभिन्न स्थलों पर किए जाते है जिसमे भेड़ा खोहएसंकटमोचनए सूबेदार दद्दा पहाड़ीए ओझला पुल नाला में कंतित मजार के नीचे गंगा की तरफ राम गया घाटए नई बस्तीए घमहापुर दीवान घाटए त्रिमुहानीए आदि क्षेत्रों में अवैध जुए के कारोबार में क्षेत्रीय जुआ कारोबारियों के अन्य सहयोगी यों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध जुए का संचालन कर ताश की गड्डी यों पर लाखों के वारे न्यारे कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इस काले कारोबार में विंध्य क्षेत्र के नवयुवको धकेल कर आर्थिक तारीख मानसिक शोषण किया जा रहा है। जिसके कारण कई घरों में खाने को लाले पड़ गए हैं।

## गंगा में डूबने से दो किशोरों की मौत

**मिर्ज़ापुर** के थाना कोतवाली शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला वासलीगंज निवासी शुभ केशरवानी पुत्र राज कुमार केशरवानी उम्र करीब 14 वर्ष व आर्यन केशरवानी पुत्र गोविंद केशरवानी उम्र करीब 15 वर्ष बाबा घाट पर स्नान के दौरान डूब गए । सूचना पर प्रभारी निरीक्षक को0शहर मय पुलिस बल मौके पर मौजूद है स्थानीय गोताखोरध्नाविकों की मदद से खोजबीन दौरानआर्यन केशरवानी पुत्र गोविंद केशरवानी उम्र करीब 15 वर्ष का शव बरामद कर लिया गया तथा दूसरे की तलाश जारी है। थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा आर्यन उपरोक्त के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।घटना सुबह 5रू30 की बताई जा रही है।

# सेहत और सुरक्षा के लिहाज से सैनेटरी पैड्स के लिए मानक तय

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**माहवारी** स्वच्छता दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने सभी केन्द्रों पर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सभी लड़कियों व महिलाओं ने बढ़चढ़कर अपनी भूमिका को दर्ज कराया । इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अरूण ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि मासिक धर्म में जिन सैनिटरी पैड्स का इस्तेमाल स्वच्छता और सुरक्षा के लिए किया जाता है वह पूरी तरह से सुरक्षित हो और उससे महिलाओं की सेहत पर बुरा असर भी न पड़ेए इसके लिए सरकार ने मानक तय कर रखे हैं। इस अवसर पर विभाग ने जागरूक सम्बन्धी बैनर व पोस्टर केन्द्रों पर लगाकर सैनेटरी पैड बांटने का कार्य किया। राष्ट्रीय बाल किशोर कार्यक्रम के प्रबन्धक राकेश तिवारी ने बताया कि इंडियन ब्यूरो ऑफ़ स्टैंडर्ड्स ने सैनेटरी पैड के लिए यह मानक मूल रूप से सन 1969 में प्रकाशित किया था जिसे फिर 1980 में संशोधित किया गयाद्य समयण्समय पर इसमें बदलाव भी किए जाते रहे हैं। बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा के अनुसार बाल विकास की ओर से जनपद के 2668 केन्द्रों पर माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया । जिसमें विभाग की ओर से सैनिटरी पैड्स का वितरण किया गया। ष्सैनिटरी नैपकिनष् या ष्सैनिटरी पैडष् मासिक धर्म के दौरान रक्त को सोखने के लिए उपयोग किया जाता है। मासिक स्त्राव के मद्देनजर तय किए गए मानक के मुताबिक पैड्स एक उचित मोटाईए लंबाई और अवशोषण क्षमता वाले होने चाहिए। यानि सैनिटरी पैड का काम सिर्फ़ ब्लीडिंग को सोखना नहीं स्वच्छतायहाइजिनद्धके पैरामीटर पर भी खरा उतरना है। अमूमन जब सैनिटरी पैड खरीदते हैं तो ब्रांड वैल्यू पर विश्वास करते हुए पै्ड्स ख़रीद लेते हैं जबकि सैनिटरी पैड की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करनेके लिएए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा सख्त विनिर्देश तैयार किए गए हैं। आईएस 5405 में मानदंडों और नियमों का विस्तृत विवरण हैए जिसका सैनिटरी पैड निर्माताओ कों पालन करना होता है।

### गुणवत्ता के लिए मानक

**सैनिटरी** पैड बनाने के लिए अब्सॉर्बेंट फ़िल्टर और कवरिंग का सबसे अधिक ख़्याल रखना होता है। कवरिंग के लिए भी अच्छी क्वालिटी के कॉटन का इस्तेमाल होना चाहिए।

फ़िल्टर मैटेरियल सेल्युलोज़ पल्पए सेल्युलोज़ अस्तरए टिशूज़ या कॉटन का होना चाहिए। इसमें गांठए तेल के धब्बों धूल और किसी भी चीज़ की मिलावट नहीं होनी चाहिए।

# जिला चिकित्सालय की छवि बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं अवांछनीय तत्व

**संवाददाता।** सोनभद्र

**मुख्य** चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय क्रान्ति कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जन स्वास्थ्य सुविधाओं का पत्रों को पूरी क्षमता के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय सोनभद्र में आने वाले सामान्य व गंभीर मरीजों का इलाज उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप पूरी क्षमता के साथ किया जा रहा है। जिला संयुक्त चिकित्सालय सोनभद्र में पर्याप्त दवायें उपलब्ध है, उपलब्ध दवाओं को मरीजों के जरूरत के मुताबिक उपलब्ध कराई जा रही है। जिला अस्पताल में सामान्य इलाज के साथ ही विशेषज्ञता इलाज के अलावा कुत्ता काटने पर बचाव के लिये लगाये जाने वाले एन्टी रैबिज इंजेक्शन के साथ ही सांप काटने पर बचाव के लिये लगाये जाने वाले एन्टी स्नैक वेनम ए0सी0वी0 इंजेक्शन भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार के कुशल मार्गदर्शन में शासनादेशानुसार सभी अनुमन्य जन स्वास्थ्य सुविधायें जिला संयुक्त चिकित्सालय सोनभद्र में आने वाले रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही है। केन्द्र और प्रदेश की सरकार द्वारा जो जन स्वास्थ्य सुविधायें जिला संयुक्त चिकित्सालय सोनभद्र को उपलब्ध कराये जा रहे हैं प्रशंसनीय है कुछ अवांछनीय विरोधी तत्वों द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय जिला प्रशासन सरकार की छवि बिगाड़ने के निमित्त बिना किसी पुष्टि के नकारात्मक तथ्य प्रस्तुत करने का कुत्सिक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आम जनमानस के साथ ही मीडिया के पदाधिकारियों के साथ ही स्वयं सेवी संगठनों, प्रबुद्धजनों व आम नागरिकों से अपील किया है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही जन स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति स्वयं जागरूक हो और आम जनमानस को भी जागरूक कराते हुए जन स्वास्थ्य सेवाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए अपनी सहभागिता निभायें।

### निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कालेज का होगा निरीक्षण

**मीरजापुर** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मा0 मंत्री शनिवार को सांय 07 बजे अपने आवास मार्ग एवेन्यू रोड लखनऊ से रायबरेली प्रतापगढ़, प्रयागराज भदोही होते हुये अपने स्टाफ कार द्वारा रात्रि 11:45 बजे अष्टभुजा सर्किट हाउस मीरजापुर पहुॅचेंगे। रविवार को मा0 मंत्री जी के जनपद भ्रमण कार्यक्रम में पूर्वान्ह 10 बजे से स्थानीय योजनानुसार विभिन्न कार्यक्रमो में प्रतिभाग किया जायेगा। इसी क्रम में निर्माणाधीन इंजीनिरिंग कालेज मीरजापुर का स्थलीय निरीक्षण भी किया जायेगा।

## भारतीय खेल प्राधिकरण बीएचयू वाराणसी में किया गया योग शिविर का आयोजन

**वाराणसी।** जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ,आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ भावना दृवेदी के दिशा निर्देश में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा योग को जन जन तक पहुचाने का संकल्प है आयुष विभाग का योग प्रशिक्षक मनीष कुमार पाण्डेय व श्रेया सिंह आदि योग प्रशिक्षको के द्वारा सभी भारतीय खेल प्राधिकरण के सभी खिलाड़ियों व अधिकारियों तथा साथ साथ एमपी थिएटर ग्राउंड में प्रैक्टिस करने वाले तमाम खिलाड़ियों भाग लिया इन सभी को अनुलोम,विलोम,कपालभाति, भ्रामरी, सुर्य नमस्कार, ताड़ आसन, भुजंग आसान, सेतु बन्द आसन आदि प्राणायम व योग कराया गया यह कार्यक्रम भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के गाइडलाइन योगा दिवस 21 जून काउंटडाउन के रूप में इस शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के संबोधन में कोच संजीव कुमार श्रीवास्तव ने सभी सभी खिलाड़ियों को योग करने के लिए प्रोत्साहित किये व साथ साथ यह बताएं कि करें योग,रहे निरोग । संजीव श्रीवास्तव एथलेटिक्स कोच ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### बच्चो के लिए छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा की मेजबानी

**वाराणसी।** इस पहल का उद्देश्य पूरे देश के विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां सभी शिक्षार्थी ऑफलाइन तथा ऑनलाइन पाठ्यक्रम के द्वारा उच्च क्वालिटी का लर्निंग एक्सपीरियंस पा सकें। परीक्षा में आवेदन करने के लिए विद्यार्थियों को एक मामूली पंजीकरण शुल्क देना होगा। इच्छुक उम्मीदवार 2 जून 2022 को या उससे पहले रजिस्ट्रेशन लिंक पर रजिस्टर कर सकते हैं। भारत का सबसे बड़ा शिक्षण मंच,ने 'अकैडमी नेशनल स्कालरशिप' प्रवेश परीक्षा (यूएनएसएटी) की घोषणा की है जो विद्यार्थियों की सहायता करने के लिए पहली ऑफलाइन परीक्षा होगी। यह परीक्षा 4 और 5 जून 2022 को 40 प्रमुख शैक्षिक केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

# आपदा की स्थिति में बचाव की तैयारी व धैर्य ही आता है कामः सहदेव मिश्र

**संवाददाता।** सोनभद्र



**अपर** जिलाधिकारी सहदेव मिश्र ने शनिवार को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में संभावित बाढ़ सुरक्षा के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा बैठक किया। अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र ने समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के नदियों का वर्तमान जल स्तर पर निगाह रखी जाय। जरूरत के मुताबिक जिला तहसील व बन्धी प्रखण्ड स्तरों पर कन्ट्रोल रूम की व्यवस्था की जाय। संभावित बाढ़ से प्रभावित नागरिकों पशुओं के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की जाय। संभावित बाढ़ के दृष्टिगत नाव व नाव चालकों गोताखोरों की सूची फोन नम्बर व पता सहित रखी जाय। संभावित बाढ़ राहत कैम्प का चिन्हांकन व चौकी के साथ ही वैकल्पिक शुद्ध पेयजल व्यवस्था आदि की तैयारी रखी जाय। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ जैसी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके प्रभाव से बचाव की पूर्ण तैयारियां पहले से ही रखी जाय जिस कारण आम जनमान को किसी प्रकार की समस्या न हो सके। अपर जिलाधिकारी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपदा की स्थिति में बचाव की पूरी तैयारी व धैर्य ही काम आता है, जब कोई आपदा आती है, तो व्यापक नुकसानी होती है, दैवीय आपदा को तो रोका नहीं जा सकता, पर आपदा दैवीय आपदा आने की स्थिति में संभावित सुरक्षा प्रबन्धनों की मदद से जन धन हानियों को काफी हद तक रोका जा सकता है, लिहाजा संभावित बाढ़ सुरक्षा के दृष्टिगत सभी सहयोगी विभाग अपनी तैयारी रखें। बैठक के दौरान, अपर पुलिस अधीक्षक, रमेश कुमार उप जिलाधिकारी ओबरा उप जिलाधिकारी घोरावल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी आपदा विशेषज्ञ आदि मौजूद रहे।

### ज्ञानवापी सर्वे में मिले साक्ष्यों ने हिंदू समाज को दी सुखद अनुभूतिः साक्षी महाराज

# सफल हो गई काशी में नंदी की तपस्या

**भाषा।** गोंडा

**भारतीय** जनता पार्टी के सांसद स्वामी सर्चच्दानंद हरि साक्षी महाराज ने शनिवार को ज्ञानवापी मामले पर कहा कि अदालत के आदेश पर गठित टीम के सर्वे में मिले साक्ष्यों ने हिंदू समाज को सुखद अनुभूति प्रदान की है। सदर तहसील के अन्तर्गत सोनबरसा पोखरा पर संत खरखर दास आश्रम द्वारा आयोजित भंडारे में शामिल होने पहुंचे उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि आक्रांताओं ने मंदिरों का स्वरूप बदलने के बाद कई अवशेष छोड़ दिए थे। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ की भूमि पर ज्ञानवापी में न्यायालय के आदेश पर गठित टीम की ओर से किए गए सर्वे में मिले साक्ष्यों ने हिंदू समाज को सुखद अनुभूति प्रदान की है। उन्होंने कहा,काशी में नंदी की भी वर्षों की तपस्या सफल हो गई है। ज्ञानवापी मस्जिद की असलियत सामने आ चुकी है। यहां दूसरे संप्रदाय के आक्रांताओं ने उसका स्वरूप बदलकर मस्जिद बना दिया था। अब सर्वे रिपोर्ट में दूध का दूध और पानी का पानी हो चुका है। गौरतलब है कि दिल्ली निवासी राखी सिंह तथा अन्य की याचिका पर वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने पिछली 26 अप्रैल को ज्ञानवापी मस्जिद-श्रृंगार गौरी परिसर का वीडियोग्राफी सर्वे कराए जाने का निर्देश दिया था। सर्वे का यह काम पिछली 16 मई को मुकम्मल हुआ था, जिसकी रिपोर्ट 19 मई को अदालत में पेश की गई थी। हिंदू पक्ष ने सर्वे के अंतिम दिन ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया था, जिसे मुस्लिम पक्ष ने नकारते हुए कहा था कि वह शिवलिंग नहीं, बल्कि फव्वारा है। लोकसभा सांसद ने कहा कि अब सच्चाई सामने आ चुकी है, सत्य को कुछ दिन तक दबाया जा सकता है, किन्तु पूरी तरह झुठलाया नहीं जा सकता। उन्होंने दावा किया कि काशी में भी श्रृंगार गौरी मंदिर की भव्यता देखने लायक होगी। उन्होंने कहा कि मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि का फैसला भी शीघ्र होगा, साथ ही ताजमहल का मामला भी अदालत में पहुंच चुका है। साक्षी महाराज ने कहा कि देश के सभी जाति-धर्म के लोगों को देश के संविधान और न्यायपालिका पर भरोसा रखना चाहिए।उन्होंने कहा, विधर्मियों और मुगलों ने हमारे धर्म को नष्ट करने का प्रयास किया और वामपंथियों ने उसे मनमाफिक तोड़ामरोड़ा, लेकिन इसके बावजूद हमारी संस्कृति आज तक अमिट रही है। साक्षी महाराज ने कहा कि आक्रांताओं ने मंदिरों का स्वरूप बदलने के बाद कई अवशेष छोड़ दिए थे, लेकिन वर्तमान में काल और परिस्थिति ने करवट लिया तथा सत्ता के शीर्ष पर एक योगी विराजमान हुआ तो दूध का दूध और पानी का पानी अलग हो गया। उन्होंने कहा कि संत और धर्माचार्यों की तपस्या सफल हुई और आज अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा, इसी प्रकार से काशी में नंदी की भी वर्षों की तपस्या सफल हो गई है। ज्ञानवापी मस्जिद की असलियत सामने आ चुकी है। यहां दूसरे संप्रदाय के आक्रांताओं ने उसका स्वरूप बदलकर मस्जिद बना दिया था। अब सर्वे रिपोर्ट में दूध का दूध और पानी का पानी हो चुका है।

**बोले- विधर्मियों और मुगलों ने हमारे धर्म को नष्ट करने का प्रयास किया और वामपंथियों ने उसे मनमाफिक तोड़ामरोड़ा, लेकिन इसके बावजूद हमारी संस्कृति आज तक अमिट रही है**



# भदोही में किशोरी की हत्या कर शव कुएं में फेंक गए

**भदोही।** भदोही जिले के ऊंज थाना क्षेत्र में एक कुएं से 16 वर्षीया किशोरी का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। भदोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनिल कुमार ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद बताया कि जिले के ऊंज थाना क्षेत्र के सोबरी के पुरवा गांव में कुछ ग्रामीणों को शुक्रवार रात टहलने के दौरान अमर पाल सिंह नामक किसान के खेत के पास एक कुएं से तेज दुर्गन्ध आई जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और कुएं से एक बोरा बरामद किया, जिसमें एक किशोरी का शव था जिसके हाथ और पैर बंधे हुए थे। एसपी ने बताया कि शव की शिनाख्त जिले के गोपीगंज थाना के सीखापुर गांव निवासी श्याम किशोर पांडेय ने अपनी बेटी शशिकला (16) के रूप में की है। कुमार ने बताया कि किशोरी के पिता ने 16 मई की रात अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट गोपीगंज थाना में दर्ज कराई थी। उन्होंने किशोरी के पिता के हवाले से बताया कि 16 मई की रात आठ बजे वह घर से शौच के लिए कह कर निकली थी, पर देर रात तक नहीं लौटी थी। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक शव दस से बारह दिन पुराना लगता है। उन्होंने यह आशंका जताई कि किशोरी के किसी जान पहचान के व्यक्ति ने ही उसकी हत्या की और हाथ-पैर बांध कर शव को कुएं में फेंक दिया जो उसके घर से 20 किलोमीटर दूर सोबरी के पुरवा में है। एसपी ने हालांकि, किशोरी की हत्या से पहले उससे दुष्कर्म किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया है। इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले जांच के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

## हापुड़ के एसपी पर इनामी बदमाश ने चलाई गोली पर बुलेट प्रूफ जैकेट ने बचा ली जान

**हापुड़।** हापुड़ के पुलिस अधीक्षक दीपक भुकर शुक्रवार को उस समय बाल-बाल बचे जब एक खूंखार अपराधी से मुठभेड़ के दौरान उसके द्वारा चलाई गई गोली उनके बुलेट प्रूफ जैकेट में लग गई। कार्वाई में वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में अपराधी के पैर और हाथ में गोली लग गई। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि," वांछित अपराधी मोनू उर्फ मैनुद्दीन ने एक जांच पड़ताल के लिए रोके जाने पर पुलिस पर गोलियां चलाईं। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल को उसे घेरने और गिरफ्तार करने के लिए बुलाया गया" पुलिस ने बताया कि अपराधी को पकड़ने में एसपी ने भी कार्वाई में हिस्सा लिया। पुलिस की ओर से कम से कम 16 राउंड फायरिंग की गई। अपराधी मैनुद्दीन द्वारा चलाई गई गोली में एक सिपाही घायल हो गया। एक और गोली एसपी के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। घायल कांस्टेबल को अस्पताल ले जाया गया। अपराधी को भी हाथ और पैर में गोली लगी है। एसपी भूकर ने बताया कि मोनू उस गिरोह का सदस्य है जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में राजमार्ग पर यात्रा करने वाले लोगों को लूटता है। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ लूट के 30 से अधिक मामले दर्ज हैं और उसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम है और वह चार जिलों में वांछित है।

## मेरठ मेडिकल थाने में आपत्तिजनक बैनर लगाने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ मेडिकल थाने पर हंगामा करने एवं आपत्तिजनक बैनर लगाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभाकर चौधरी ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम शम्भू पहलवान, सागर पोसवाल, कुलदीप मसूरी, अंकुर चौधरी, अमित भड़ाना और अमर शर्मा हैं। एसएसपी के अनुसार इन सभी अभियुक्तों के खिलाफ मेडिकल थाने में शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया था। गौरतलब हैं कि जिले के मेडिकल पुलिस थाने में लगे एक कथित बैनर की तस्वीर शुक्रवार को वायरल हुई जिसमें लिखा था कि भाजपा कार्यकर्ताओं का थाने आना मना है। थाने की दीवार पर टंगे बैनर की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने उस समय तूल पकड़ा, जब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उक्त तस्वीर ट्वीट करते हुए लिखा था, ऐसा पहली बार हुआ है इन पांच-छह सालों में। सत्तापक्ष के लोगों का आना मना हुआ थानों में। ये है उप्र की भाजपा सरकार का बुलंद इक़बाल। थाना प्रभारी संतशरण सिंह ने शनिवार को बताया कि वीडियो फुटेज केथाना प्रभारी संतशरण सिंह ने शनिवार को बताया कि वीडियो फुटेज के आधार पर अभियुक्तों की शिनाख्त करने के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। यह पूछे जाने पर कि पकड़े गए आरोपी क्या भाजपा कार्यकर्ता हैं, थाना प्रभारी ने इतना ही कहा, सभी असामाजिक तत्व थे, जिन्होंने भाजपा और मुझे बदनाम करने के लिए विवादित बैनर लगाया था। हालांकि भाजपा के महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंधन ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में स्वीकार किया है कि आरोपी भाजपा कार्यकर्ता हैं। मेरठ में शुक्रवार को दुकान के विवाद में मेडिकल थाने पहुंचे भाजपाइयों ने हंगामा करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की थी। करीब चार-पांच घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान कुछ लोगों ने थाने के बाहर विवादित पोस्टर भी लगा दिया था, जिसमें लिखा था, भाजपा नेताओं 2392ा मेडिकल थाने में आना मना है।

## महन्त अवैद्यनाथ की जयन्ती पर सामूहिक विवाह का होगा आयोजन



**लखनऊ।** मानव एकता फाउण्डेशन और महन्त अवैद्यनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आज यहां प्रेस क्लब महन्त अवैद्यनाथ की जयन्ती के मौके पर आगामी 12 जून को सामूहिक विवाह आयोजित करने की घोषणा की। एसोसिएशन के अध्यक्ष एलण्पीण् सिंह और ट्रस्ट के ट्रस्टी गौरव वर्मा ने संयुक्त रूप से पत्रकारो को बताया कि सरोजनीनगर में आयोजित होने वाला सामूहिक विवाह समारोह लगातार बारहवें वर्ष आयोजित किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों की निर्धन परिवारों की कन्याओं का विवाह कराया जायेगा। अब तक पांच सो से अधिक कन्याओं का विवाह करा चुकी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि विवाह हेतु अभी भी स्कूटर इण्डिया चौराहाए सरोजनीनगर स्थित कार्यालय में पंजीकरण किया जा रहा है। इस मौके पर महन्त अवैद्यनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी गौरव वर्मा ने बताया कि सर्वजातीय सामूहिक विवाह से समाज में एक नई दिशा मिलेगी। सामूहिक विवाह एक अच्छे कल की निशानी हैए ऐसे में जाति और अमीर.गरीब के बीच की खाई भी समाप्त हो जाती है। इस मौके पर मोहित मिश्राए अंकिता अवस्थीए पवन सोनी आदि प्रमुख लोग भी मौजूद थे।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने गोली मारकर आत्महत्या की

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिला मुख्यालय की शहर कोतवाली अंतर्गत कटरा मुहल्ले में शनिवार सुबह प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कानपुर देहात के भोगनीपुर का रहने वाला युवक प्रखर मिश्रा (26) शहर कोतवाली क्षेत्र के कटरा मुहल्ले में किराए के कमरे में रहकर हिमालया निजी कंपनी में उत्पाद बेचने (एमआर) का काम करता था। अधिकारी ने बताया कि युवक ने शनिवार सुबह कमरे का दरवाजा बंद कर तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि शव के पास एक तमंचा पाया गया है, जिसमें फायर किया हुआ कारतूस का खोखा फंसा था। पुलिस के अनुसार, प्रथमदृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। अधिकारी ने बताया कि उसकी डायरी से दो अलग-अलग सुसाइड नोट मिले हैं, जिनमें उसने एक लड़की को आत्महत्या के लिए बाध्य करने के लिए जिम्मेदार ठहराया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि बरामद सुसाइड नोट से ऐसा प्रतीत होता है कि युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की है।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी गई है।

## निजी जमीन पर पुलिस थाना के कथित अतिक्रमण की जांच का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कुशीनगर के अहरौली बाजार पुलिस थाने के एक हिस्से का निर्माण नाथू प्रसाद नाम के एक व्यक्ति की निजी जमीन पर कथित तौर पर किए जाने की जांच करने का निर्देश कुशीनगर के जिलाधिकारी को दिया है। कुशीनगर जिले की अहरौली बाजार थाना पुलिस पर आरोप है कि उसने प्रसाद की निजी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके वहां थाने के एक हिस्सा के निर्माण कराया है। न्यायमूर्ति वीके बिड़ला और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की पीठ ने कुशीनगर के नाथू प्रसाद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को यह आदेश पारित किया। अदालत ने निर्देश दिया कि यह जांच या तो खुद जिलाधिकारी करें या फिर वह अपर जिलाधिकारी के रैंक का अधिकारी इस काम के लिए नियुक्त कर सकते हैं। प्रसाद के वकील ने दलील दी कि उनकी जमीन अहरौली बाजार पुलिस थाना से सटी हुई है। पुलिस थाना में नया निर्माण किया जा रहा है। हालांकि नए निर्माण का कुछ हिस्सा गलत ढंग से याचिकाकर्ता की जमीन पर खड़ा किया जा रहा है।

## ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट ने जुटाए आंकड़े

**प्रयागराज।** महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम कर रहा है। सूद हेल्थकेयर की ओर से स्वदेशी ब्राण्ड परी सैनिटरी पैड्स माहवारी के दौरान महिलाओं की माहवारी संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के वादे को आगे बढ़ाते हुए इस मैंस्ट्रुअल हाइजीन डे के मौके पर परी ने अपनी पहल चैंपियन फॉर चैंपियंस के तहत महिला पुलिस कर्मियों को समर्थन प्रदान किया। इस पहल के माध्यम से परी इन चैम्पियनों को सलाम करता है जो बिना रुके लगातार काम करते हुए अपने हैवी ड्यूटी परफोर्मेन्स के साथ हमारी सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं। ब्युरो ऑफ पुलिस रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट द्वारा पुलिस संगठनों से जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में मात्र दस फीसदी पुलिस कर्मी महिलाएं हैं। पहल के माध्यम से परी ने तकरीबन बीस हजार महिला पुलिस कर्मियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। उनकी सेनिटेशन संबंधी ज़रूरतों में सुधार लाना चाहता है। इस साल मैंस्ट्रुअल हाइजीन डे के लिए परी सैनिटरी पैड्स ने देश भर की महिला पुलिस कर्मियों को माहवारी के दौरान हाइजीन का संदेश देने तथा उन्हें सही सुरक्षा प्रदान करने के लिए पचास से अधिक शहरों के महिला पुलिस विभागों के साथ साझेदारी की है।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र में कुंवरपुर के पास शनिवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार करंडा थाना क्षेत्र के रामनाथपुर गांव निवासी नगीना राम (45) अपनी पत्नी शीला देवी (40) को लेकर बाइक से पियरी गए थे। वहां से शनिवार को दोनों लौट रहे थे, इसी दौरान कुंवरपुर के पास खड़े ट्रक से बाइक की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**रामपुर में दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग लड़की ने खुदकुशी की, आरोपी पकड़ा गयाः** रामपुर। जिले के सैफनी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से कथित बलात्कार और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने 17 वर्षीय एक किशोर को पकड़ा है।पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) डॉक्टर संसार सिंह ने बताया कि 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची के परिजनों ने पुलिस को यह जानकारी दी कि करीब छह दिन पहले एक पड़ोसी युवक उसके घर पर लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। सिंह के अनुसार, परिजनों ने बताया कि जब दोनों परिवारों को इसकी खबर मिली तो लड़की के परिवार ने शादी पर जोर दिया और शादी न करने पर उन लोगों ने कानूनी कार्वाई शुरू करने की चेतावनी भी दी। एएसपी ने बताया कि लड़के के परिवार वालों ने लड़की के परिवार वालों का प्रस्ताव यह कहते हुए खारिज कर दिया कि लड़का नाबालिग है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को जैसे ही नाबालिग लड़की को लड़के के घर वालों के इरादे का पता चला उसने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि लड़की के परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है।

## नर्स से छेड़छाड़ पर चिकित्साधिकारी गिरफ्तार, जेल भेजा

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी पर एक स्टॉफ नर्स ने छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में बहेड़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने चिकित्सक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है।बरेली के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि पीड़िता स्टॉफ नर्स का आरोप है कि जब वह बरेली जिला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद मुड़िया नवीबख्श, रिछा में डयूटी पर थी तो आरोपी चिकित्सक राम कृष्ण वर्मा ने उससे छेड़छाड़ की। अधिकारी के अनुसार, पीड़िता ने जब विरोध किया तो चिकित्सक ने उसके साथ मारपीट की और सिर फोड़ दिया।उन्होंने बताया कि पीड़िता नर्स ने चिकित्सक के खिलाफ थाने में तहरीर दी और इसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी चिकित्सक रामकृष्ण वर्मा को शुक्रवार देर शाम बहेड़ी के वन विभाग तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया।

# मंकीपॉक्स को लेकर आगरा में अलर्ट

**आगरा।** दुनिया के विभिन्न देशों से ऐतिहासिक ताजमहल के दीदार के लिए यहां पर्यटकों के पहुंचने की पृष्ठभूमि में मंकीपॉक्स को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आगरा के लिए विशेष परामर्श जारी किया गया है और खासतौर पर विदेश से आने वाले पर्यटकों पर स्वास्थ्य विभाग पैनी नजर बनाए हुए है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा और आस्ट्रेलिया के साथ यूरोप के कुछ देशों में मंकीपॉक्स के मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि इन देशों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक ताजमहल का दीदार करने के लिए आगरा पहुंचते हैं, ऐसे में अब इन विदेशी पर्यटकों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम खासतौर से नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि मंकीपॉक्स वायरस का संदिग्ध मिलते ही उसे पृथकवास में रखा जाएगा और इसके बाद नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे, ताकि समय रहते उपचार मिले सके और अन्य लोग भी सुरक्षित रहें। सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से टीम का गठन कर दिया गया है, जो मंकीपॉक्स के लक्षण नजर आते ही नमूने लेकर जांच के लिए भेजेगी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि मंकीपॉक्स वायरस से पीड़ित मरीज को बुखार के बाद शरीर पर चकत्ते और घाव बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के संदिग्ध मरीजों के रक्त, घाव के तरल पदार्थ और बलगम के सैंपल लेकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे जांच के लिए भेजे जाएंगे।

**इटावा में सड़क हादसे में बस चालक समेत दो की मौत, एक बच्चा घायलः**इटावा। इटावा जिले के जसवंतनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को रोडवेज की खड़ी बस से तेज रफ्तार ट्रक के टकरा जाने के कारण बस चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई और एक बच्चा घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह हादसा जसवंतनगर थाना क्षेत्र के आगरा-इटावा राजमार्ग के यमुना बाग ओवरब्रिज पर हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने बताया कि यमुना बाग ओवरब्रिज पर शनिवार की सुबह कानपुर से आगरा को जा रही रोडवेज बस में खराबी आ गई। उन्होंने बताया कि बस चालक सड़क किनारे बस खड़ी करके नीचे घुसकर छानबीन कर रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। इस हादसे में बस चालक प्रदीप कुमार (32) और बस में सवार यात्री मुहम्मद सिराज (60) की मौके पर ही मौत हो गई।

## बारातियों से भरी बस पलटी, चालक की मौत, 30 घायल

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को बारातियों से भरी एक निजी बस पलट गई, जिसमें बस चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 30 बाराती घायल हो गए। कल्याणपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शेर सिंह राजपूत ने बताया कि आज दोपहर बाद उन्नाव जिले के सवाइन गांव से बारात लेकर एक निजी बस फतेहपुर जिले के बिंदकी क्षेत्र जा रही थी, तभी गुनीर बक्सर रोड पर दूधीकागर पंचवटी आश्रम के निकट मोड़ पर बस पलट गई। उन्होंने बताया कि इस सड़क हादसे में बस चालक शहबान अली (55) की मौके पर ही मौत हो गई और बस में सवार 30 बाराती घायल हो गए।

# नफरत फैलाने वाले देश के दुश्मन और गद्दार : मदनी

**भाषा।** देवबंद



**देश** के प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने शनिवार को देश में नफरत फैलाने वालों को देश का "दुश्मन और गद्दार" बताया और इसके साथ ही नफरत को मोहब्बत से ख़त्म करने का लोगों को पैगाम दिया। मदनी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की प्रबंधक समिति के दो दिवसीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। मदनी ने देश में हाल में हुई कुछ साम्प्रदायिक घटनाओं का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, देश में बहुमत उन लोगों का नहीं है जो नफरत के पुजारी हैं और अगर हम उनके उकसावे में आकर उसी लहजे में जवाब देंगे तो वे अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे। उन्होंने कहा, देश में नफरत की दुकान चलाने वाले मुल्क के दुश्मन हैं, गद्दार हैं और विरोधी देश के एजेंट हैं" उन्होंने कहा कि नफरत का जवाब कभी भी नफरत से नहीं दिया जाता बल्कि मोहब्बत से दिया जाता है। राज्यसभा के पूर्व सदस्य ने कहा, आज हालत यह हो गए हैं कि लोग हमारे देश में ही हमसे पूछते हैं कि हमारा वतन कौन सा है। उन्होंने दावा किया, "हमें अपने ही देश में अजनबी बना दिया गया है" जमीयत प्रमुख ने दावा किया, "देश में मुसलमानों का चलना दूभर कर दिया गया है और बात अखंड भारत बनाने की की जाती है। उन्होंने कहा, "आप इस मुल्क के साथ दुश्मनी कर रहे हैं, आप पीछे मुड़ के देखें, आप क्या पा रहे हैं और क्या खो रहे हैं" मदनी ने कहा, "हम कमजोर हैं और हर जुल्म बर्दाश्त कर सकते हैं लेकिन अपने वतन पर आंच कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। ऐसा हमारी कमजोरी की वजह से नहीं, बल्कि हमारा मजहब हमें सिखाता है। उन्होंने कहा," बहुत लोग राष्ट्र निर्माण की, राष्ट्रीय सुरक्षा की बातें करते हैं लेकिन जुल्म बर्दाश्त कर लेना, अपमानित हो जाना, बेइज्जत होकर भी खामोश रह जाना, कोई हमसे सीखें"

## बहुसंख्यक समुदाय के दिमाग में घोला जा रहा है जहर : जमीयत

**देवबंद।** देश के प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने मुल्क में कथित तौर पर बढ़ती साम्प्रदायिकता पर चिंता व्यक्त करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि सभाओं में अल्पसख्यकों के खिलाफ कटुता फैलाने वाली बातें की जाती हैं लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। संगठन ने केंद्र सरकार पर सदियों पुराने भाईचारे को बदलने का आरोप भी लगाया। उसने यह आरोप भी लगाया कि देश के बहुसंख्यक समुदाय के दिमाग में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के संरक्षण में ज़हर घोला जा रहा है। जमीयत ने दावा किया कि छद्म राष्ट्रवाद के नाम पर राष्ट्र की एकता को तोड़ा जा रहा है जो ना सिर्फ मुसलमानों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए बेहद ख़तरनाक है।उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की मज्लिसे मुंतज़िमा (प्रबंधक समिति) के अधिवेशन में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें केंद्र सरकार से उन तत्वों पर और ऐसी गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने का आग्रह किया गया है जो लोकतंत्र, न्यायप्रियता और नागरिकों के बीच समानता के सिद्धांतों के खिला2398ी हैं और इस्लाम तथा मुसलमानों के प्रति कटुता फैलाती हैं। अधिवेशन में इस्लामो2398ीबिया को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया है कि इस्लामो2398ीबिया सिर्फ धर्म के नाम पर शत्रुता ही नहीं, बल्कि इस्लाम के खिला2398ी भय और न2398ीरत को दिल व दिमा2394ी पर हावी करने की मुहिम है। इसमें आरोप लगाया गया है, "इसके कारण आज हमारे देश को धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक इंतहापसंदी (अतिवाद) का सामना करना पड़ रहा है" एक अन्य प्रस्ताव में दावा किया गया है, देश धार्मिक बैर और न2398ीरत की आग में जल रहा है। चाहे वह किसी का पहनावा हो, खान-पान हो, आस्था हो, किसी का त्योहार हो, बोली (भाषा) हो या रोज़गार, देशवासियों को एक दूसरे के ख़िला2398ी उकसाने और खड़ा करने के दुष्प्रयास हो रहे हैं। प्रस्ताव के मुताबिक, सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि सांप्रदायिकता की यह काली आंधी मौजूदा सत्ता दल व सरकारों के संरक्षण में चल रही है जिसने बहुसंख्यक वर्ग के दिमागों में ज़हर भरने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। इसमें आरोप लगाया है, "आज देश की सत्ता ऐसे लोगों के हाथों में आ गई है जो देश की सदियों पुरानी भाईचारे की पहचान को बदल देना चाहते हैं" इसमें कहा गया है कि मुस्लिमों, पुराने ज़माने के

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 29 मई, 2022



# तीन युवकों को मारी गोली, एक की मौत, दो घायल

● दस बिस्वा जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

● महीने भर पहले भी हुआ था दोनों पक्षों में झगड़ा

**पायनियर समाचार सेवा**। प्रयागराज

**गंगापार** के फाफामऊ थानांतर्गत रुदापुर गांव में शनिवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे के आसपास दिनदहाड़े तीन लोगों को गोली मार दी गई। जिसमें एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। जबकि स्कार्पियो सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के पीछे दस बिस्वा भूमि का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

फाफामऊ थाना क्षेत्र के रुदापुर गांव निवासी मुबस्सिर अहमद 28 पुत्र मो अतीक अहमद अपने भाई मुदस्सिर अहमद और आकिर अहमद अपनी स्कार्पियो से अपने ईंट भट्ठे से लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उनकी स्कार्पियो को चारों तरफसे घेरकर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से मुबस्सिर अहमद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मुदस्सिर और आकिर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को भी कई गोलियां लगी हैं। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। तीनों को लाद फांदकर अस्पताल पहुँचाया गया। जहां चिकित्सकों ने मुबस्सिर अहमद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के रुदापुर गांव में दस बिस्वा भूमि के विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के पीछे मुदस्सिर के पड़ोसी खुर्शीद अहमद जैद जावेद और अन्य का नाम प्रकाश में आया है। इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों में एक महीने पहले भी विवाद हुआ था। उस दौरान पुलिस ने दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान किया था। तब से से तनावपूर्ण बनी हुई थी। शनिवार की घटना के बाद से गांव में सनसनी फैल गई है। आरोपी पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



> **जमीन** को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। शनिवार को खुर्शीद अहमद पक्ष के लोगों ने घेर कर मुदस्सिर आदि पर फायरिंग की। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। इसमें चार लोगों के खिलाफनामजद एफआईआर दर्ज की गई है। पांच टीमों का गठन करके आरोपियों की गिरफ्तारी का आदेश दे दिए गए हैं।
> **अजय कुमार पांडेय**
> **एसएसपी प्रयागराज।**

# इलेक्ट्रानिक दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

● क्षेत्रवासियों की मदद से शटर तोड़कर दमकल की टीम ने पाया आग पर काबू

**बरेली।** राजेंद्र नगर में इलेक्ट्रानिक दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। क्षेत्रवासियों की मदद से दमकल विभाग की टीम ने दुकान का शटर तोड़कर आग पर काबू पाया। जब तक दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दमकल की टीम को आग बुझाने के लिए एक घंटे कड़ी मशक्कत करना पड़ी। थाना प्रेमनगर क्षेत्र के राजेंद्र नगर में अरविंद सिंह की घर में ही कीर्ती इलैक्ट्रानिक नाम से इलैक्ट्रानिक सामान की दुकान है। अरविंद सिंह अपनी दुकान का शटर गिरा कर किसी काम से चले गए। शाम के समय शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। वहां से गुजर रहे क्षेत्रवासियों ने तुरंत ही इसकी जानकारी अरविंद को दी। मौके पर पहुंच कर अरविंद ने दमकल विभाग व पुलिस को इसकी जानकारी दी। घटना की सूचना पर दमकल विभाग की टीम के साथ थाना प्रेमनगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्षेत्रवासियों की मदद से दुकान का शटर तोड़ कर दमकल की टीम आग बुझाने में लग गई। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक काफी देर हो चुकी थी। अरविंद ने बताया दुकान में रखा दो से ढ़ाई लाख रुपये का सामना जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। दमकल विभाग की टीम के साथ ही सेल्फ डिफेंस की टीम और क्षेत्रवासियों का आग बुझाने में काफी सहयोग रहा। अगर दुकान का शटर खुला होता तो भारी नुकसान होने से बच जाता। लेकिन शटर बंद होने के कारण दमकल टीम व क्षेत्रवासियों को कड़ी मशक्कत करना पड़ी

# समाजसेवी फूलचंद दुबे का निधन, जताया शोक

● फूलचंद्र दुबे का निधन अपूरणीय क्षति: देवेन्द्र नाथ मिश्र

● दारागंज घाट पर किया अंतिम संस्कार

**पाययिर समाचार सेवा**। प्रयागराज



फूलचंद्र दुबे (फाइल फोटो)

**वरिष्ठ** समाजसेवी और कर्मचारी नेता फूलचंद दुबे का शनिवार को आकस्मिक निधन हो हो गया। उनके निधन से प्रयागराज में शोक व्याप्त हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को ही दारागंज घाट पर कर दिया गया। फूलचंद्र दुबे के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक रहे पंडित देवेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि प्रयागराज के सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और संवारने वाले फूलचंद्र दुबे बीपीसीएल के लगभग बारह वर्षों तक निर्विवादित अध्यक्ष रहे।

महापौर के चुनाव में बतौर निर्दलीय सर्वाधिक वोट पाने वाले नेता ही नही बल्कि प्रत्येक समाज में उनकी सहज स्वीकार्यता थी। सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी सशक्त भूमिका के लिये सवर्गीय दुबे प्रख्यात रहे। वह सम्पूर्ण जीवन बेदाग जीने वाले सामाजिक कर्मयोगी रहे। उनके निधन से समाज के प्रत्येक वर्ग में शोक की लहर है। इसका प्रमाण उनके अंतिम संस्कार में भारी जमावड़ा देखकर लगाया गया। जिसमें राजनैतिक सामाजिक सांस्कृतिक व्यापारी समेत सभी धर्म और वर्ग लोग उपस्थित रहे। आज सुबह उन्होंने लंबी बीमारी के बाद अंतिम सांस ली। उनका निधन अल्लापुर स्थित निज निवास पर हुआ। वह अपने पीछे पत्नी और तीन पुत्र छोड़ गए हैं। जिसमें दो बड़े पुत्र अधिवक्ता और सबसे छोटे पुत्र प्रख्यात गायक रत्नेश दुबे हैं। अंतिम संस्कार आज दिन में एक बजे दारागंज घाट पर संपन्न हुआ। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र ने दी। जिसमें भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी प्रभाशंकर पाण्डेय गायक प्रेम प्रकाश दुबे राजेन्द्र तिवारी दुकान जी मनोज गुप्ता गिरिजेश मिश्र राजन शुक्ला जयवर्धन त्रिपाठी समीर त्रिपाठी श्याम प्रकाश पाण्डे आचार्य राजेश त्रिपाठी आशुतोश त्रिपाठी अशोक पाठक सीतासरन शास्त्री रामजी शुक्ल दशरथ तिवारी दिनेश मिश्र आनंद द्विवेदी प्रदीप तिवारी आसरा लक्ष्मीकांत मिश्र आशुतोष त्रिपाठी विनोद पाण्डेय दिलीप द्विवेदी सुनील पाण्डेय रमेश ओझा बृजेश ओझा डा अखिलेश मिश्र आयुष केशरवानी मुन्ना यादव अवनीश सिंह राजू सोनकर मुन्ना मौर्य श्याम पटेल अंकित श्रीवास्तव संजीव कुशवाहा अनुज खन्ना पिंटू राय नासिर अहमद आदि लोग रहे।

# योग शिक्षक ने बच्चों को सिखाया प्राणायाम



**संवाददाता**। सीतापुर

● अग्रवाल इंटर कॉलेज में सात दिवसीय शुरू हुआ योग शिविर

**भारत** स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज में सात दिवसीय योग शिविर के अंतर्गत जिला प्रभारी नीरज वर्मा के नेतृत्व में योग शिक्षक संदीप सिंह ,अतुल त्रिपाठी व समर पाल सिंह जी से बच्चों ने व्यायाम,आसान, प्राणायाम, व ध्यान की क्रियाएं सीखी। बच्चों ने पूरे उत्साह और मनोयोग के साथ योगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, चक्रासन, शीर्षासन, हलासन, मरकटासन, मंडूकासन, सुपर ब्रेन योगा आदि का अभ्यास किया। अंतिम दिन प्रबंधक श्रीमती मंजू बिंदल, प्राचार्य के बी श्रीवास्तव ने योग शिक्षकों को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ आरके वर्मा अखिलेश मिश्रा विनीता शुक्ला आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# थाना दिवस में कुल आठ मामले आये, दो का तुरंत हुआ निस्तारण

**संवाददाता**। अम्बेडकरनगर



**जनसमस्याओं** के निराकरण के संबंध में निर्गत शासनादेश के क्रम में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए थाना समाधान दिवस का आयोजन सभी थानों में किया गया। थाना बेवाना में थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन तथा पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी की अध्यक्षता में किया गया।

थाना बेवाना में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष कुल 08 (राजस्व के 08) शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 02 शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 06 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, थाना अध्यक्ष वेवाना पाण्डेय त्रिपाठी, कानूनगो /लेखपाल तथा थाना के अन्य लोग उपस्थित रहे। इसके उपरांत जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा महिला हेल्प डेस्क तथा सी.सी.टी.एन.एस. का जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि महिला हेल्प डेस्क में जो भी महिला शिकायत लेकर आती है उसका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ससमय किया जाना सुनिश्चित करें। थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि थाने पर जो भी शिकायत लेकर आए उसके लिए बैठने की व्यवस्था,पीने के लिए पानी की व्यवस्था आवश्य होना चाहिए।

# तीन दिसम्बर को मनाया जायेगा विश्व दिव्यांग दिवस

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कहा प्रत्येक वर्ष की भांति चालू वित्तीय वर्ष में भी 03 दिसम्बर 2022 को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार, भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नई दिल्ली द्वारा दिये जायेगें। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए निर्धारित श्रेणियों यथा. सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं तथा प्लेसमेण्ट अधिकारी या एजेंसी, दिव्यांग व्यक्तियों के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था, प्रेरणास्रोत, दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन सुधारनें के निमित्त सर्वश्रेष्ठ अनुप्रयुक्त अनुसंधान या नवप्रर्वतन या उत्पाद विकास, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त वातावरण के सृजन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुनर्वास सेवाएं प्रदान करनें में सर्वश्रेष्ठ जनपद के लिएए सृजनशील वयस्क दिव्यांग व्यक्तियों एंव सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेसए सर्वश्रेष्ठ सुगम्य वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी,कर्मचारी, नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन की सर्वश्रेष्ठ राज्य चैनेलैजिंग एजेंसी को पुरस्कृत किया जायेंगा। नियमावली में दी गयी व्यवस्थानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्रों के प्रारूप भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नई दिल्ली की बेवसाइट से प्राप्त किये जा सकते हैं।

# सर्वश्रेष्ठ परीक्षा केन्द्र है एलबीएस कालेजः कुलपति

**संवाददाता**। गोंडा



**डॉ. राममनोहर** लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह ने एलबीएस कॉलेज में चल रही विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा का जनपद आकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के कई परीक्षा केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने एलबीएस कॉलेज गोंडा में परीक्षाओं के लिए की गई सुदृढ व्यवस्था की सराहना किया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में एलबीएस कॉलेज की परीक्षाओं की व्यवस्थाएं उत्कृष्ट और उच्च कोटि की हैं। कुलपति के नेतृत्व मे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक व कुलसाचिव उमानाथ सिंह, प्रो. नीलम पाठक व कुलपति के ओ.एस.डी. डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अरुण प्रताप सिंह सहित सचल दल के एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने कालेज में सुचारू रूप से चल रही परीक्षाओं के दौरान परीक्षार्थियों की सघन तलाशी भी ली। इस मौके पर महाविद्यालय के केंद्राध्यक्ष व प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री व मुख्य नियंता डॉ. जितेंद्र सिंह, सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. बी.पी. सिंह, डॉ. आर.बी.एस. बघेल, डॉ. अमन चंद्रा, डॉ. रामिंत पटेल, शरद पाठक, रामजी सिंह आदि मौजूद रहे। विदित हो कि एलबीएस कॉलेज नकल विहीन परीक्षा के लिए कई दशकों से विख्यात रहा है और आज भी उतनी मुस्तैदी से अपनी परीक्षाओं को संचालित करता है।

# दूसरे समुदाय के लोगों के हाथों मकान बेचने पर हंगामा

**बरेली ।** एक समुदाय के व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के व्यक्ति के हाथों महंगे दामों में अपनें मकान का बैनामा कर दिया लेकिन उसके समुदाय के लोगों ने उसका विरोध किया और जमकर हंगामा किया। दोनों पक्षों के बीच समझौते के बाद मामले को रफा-दफा कराया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बिहारीपुर स्थित दरगईया गली में रहने वाले किशोर चंद सेठ और उसका भाई सुभाष चंद्र सेठ एक ही मकान में रहते हैं दोनों के बीच अपने हिस्से का बंटवारा है। लेकिन कुछ दिन पहले किशोरचंद्र से अपने इससे के मकान का सौदा किला। थाना क्षेत्र में रहने वाले सलमान हसन के हाथों कर दिया और बैनामा भी करा दिया । लेकिन यह बात जब स्थानीय लोगों को पता चली तो वह दूसरे समुदाय के व्यक्ति के हाथों महंगे दाम में मकान बेचने को लेकर हंगामा करने लगे। उन्होंने आशंका जताई कि दूसरे समुदाय के लोगों के उनके बीच रहने के कारण उनको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। गुस्साए लोगों ने अपने घरों पर पोस्टर चिपका दिए जिन पर लिखा था कि वह यहां से पलायन करना चाहते हैं। उन्होंने रात में ही हंगामा शुरू कर दिया और कोतवाली जा पहुंचे जहां दोनों पक्षों को सुबह फिर से बुलाया गया और समझौते के बाद तय हुआ कि किशोर चंद अपने समुदाय के किसी व्यक्ति के हाथों ही अपना मकान बेचेंगे और सलमान से किया गया। बैनामा रद्द करने के बाद उनको उनकी रकम वापस करेंगे। इसी दौरान मकान खरीदने वाला किशोर के समुदाय का एक व्यक्ति भी मिल गया जिसने मकान खरीदने की इच्छा जताई।

# तीन माह बीत जाने के बाद भी आवास की जांच अधूरी

**संवाददाता**। भीटी, अम्बेडकरनगर

**तीन** माह बीत जाने के बाद भी अभी तक आवास की जांच अधर में लटकी हुई है। जबकि पीड़िता ने जिलाधिकारी समेत खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर आवास के जांच कराने व रिकवरी की मांग किया था। मामला भीटी विकासखंड के ग्रामसभा बेला का है। गांव निवासी नीलम सिंह पत्नी राजेंद्र प्रसाद ने लिखित शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया था कि सचिव और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से गांव में अपात्र लोगों को आवास का आवंटन किया जा रहा है। जिसमें पीड़िता का आरोप है कि गांव की रेनू पत्नी राम सिंह निषाद तथा रेखा निषाद पत्नी फूलचंद निषाद को गलत तरीके से आवास का आवंटन कर दिया गया है। रेनू निषाद के पास बहुत पहले से ही पक्का मकान मौजूद है। पीड़िता ने बताया कि जिसकी जांच एडीओ पंचायत को सौंपी गई है अभी तक एडीओ पंचायत के द्वारा जांच के नाम पर हीला हवाली किया जा रहा है। आजकल जांच करने की बात कह कर अभी तक जांच नहीं हो पाई है।

## किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा।** शनिवार को टॉमसन कालेज के समीप स्थित आईफा संस्थान में जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा. रंजना ने छात्र-छात्राओं से मनोचिकित्सा तनाव व अवसाद एवं टाइम मैनेज न कर पाना और प्रतियोगी परिक्षाओं में पिछड़ जाना, कंसंट्रेट नहीं कर पाना तथा कैरियर एवं विषय चयन में सही निर्णय न ले पाना सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने इसके निदान व बचाव पर विस्तृत जानकारियां प्रदान किया। वहीं जिला चिकित्सालय के परामर्शदाता दिलीप शुक्ला ने किशोर स्वास्थ्य संबंधी गूढ़ जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के अंत में आईफा संस्थान के प्रबंधक रविकान्त शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शादमा जबीं, जिला चिकित्सालय के तुषार डेनियल, स्टाफ नर्स, सर्वेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने समाधान दिवस पर फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**संवाददाता**। अयोध्या



**मंडलायुक्त** नवदीप रिणवा ने शनिवार का समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली नगर में फरियादियो की समस्याओं को सुना गया। समाधान दिवस में विशेष रूप से मारपीटए गुमशुदगीए आदि शिकायतो सहित राजस्व से सम्बन्धी प्रकरणों के मामले प्राप्त हुयेए जिस पर उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में आये राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व टीम के सहयोग से मामलों के निस्तारण किया जाये तथा अन्य पुलिस सम्बन्धी प्रकरणों में मौके पर जा कर समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जायें। मण्डलायुक्त ने कहा कि जो शिकायतें निस्तारित हो चुकी हैए उनसे फीडबैक लिया जाए तथा थाने पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओ को सुनकर जल्द निस्तारण किया जाए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य पुलिस अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक उपस्थित रहे। समाधान दिवस के पश्चात मण्डलायुक्त ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ चैक चैराहा क्षेत्र का भ्रमण किया गया। मण्डलायुक्त ने चैक में रोड पर वाहन पार्किंगए अतिक्रमण व यातायात की समस्या को देखते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये कि शासन के निर्देशों के अनुसार पार्किंग की व्यवस्था व यातायात को सुगम बनाया जायें।

## सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंः नवदीप रिणवा

**अयोध्या।** मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 19 मई से 18 जून 2022 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। मंडलायुक्त ने सड़क सुरक्षा की दृष्टि से पैदल चलने वाले व्यक्तियों के लिए कहां कि सड़क पर हमेशा अपने बायें ओर चलें, स्टॉप लाइन पर रुके तथा जेबरा क्रॉसिंग से ही सड़क को पार करें। स्कूली बच्चे निर्धारित बस स्टॉप से ही बस पर चढें व उतरें एवं उतरने के बाद दोनों तरफदेखकर सावधानी से आगे बढ़े। इसी प्रकार वाहन चलाने वाले व्यक्ति सिग्नल देखकर रुके व हरी बत्ती देखकर सड़क पार करें, दो पहिया वाहन चालक एवं सवारी हेलमेट अवश्य पहने, चैपहिया वाहन चालक और सवारी सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने कहां की कोई व्यक्ति शराब पीकर वाहन न चलाएं, सड़क पर स्टंट व ओवर स्पीडिंग ना करें तथा गलत लेन में ना चले। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें। स्कूली बच्चे सड़क पर ना दौड़े एवं चलती बस में ना चढ़े, बस में ना खेले और ना ही खिड़की से बाहर सिर निकाले। मंडलायुक्त ने सभी मंडल वासियों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंए जिम्मेदार बने.सुरक्षित रहें तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया और जिम्मेदार नागरिक बने। कोई आकस्मिक दुर्घटना होने पर हेल्पलाइन नं0 112,108 तथा टोल फ्री नंबर 1800.1800.151 पर कॉल करें।

### सीडीओ ने जन चौपाल में सुनी फरियाद, किया निरीक्षण

# जनचौपाल में अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

● **कहीं-कहीं चौपाल में स्टाल तो थे लेकिन कर्मचारी थे नदारद**

संवाददाता। सीतापुर





**ऐलिया ब्लॉक** की ग्राम पंचायत कचनार में जन चौपाल कार्यक्रम में पहुंचे सीडीओ अक्षत वर्मा ने सबसे पहले वॉटर कूलर का फीता काटकर उदघाटन किया। जिसके बाद सचिवालय में बनी लाइब्रेरी का ग्राम प्रधान नसरीन बनो, बीडीओ विकास कुमार सिंह के साथ मिलकर फीता काटकर अंदर प्रवेश किया। जिसके बाद दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद चौपाल में आये हुए फरियादियों की शिकायत सुनी। चौपाल में फरियाद लेकर आये अरुण कुमार की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है। जिसको लेकर सीडीओ ने सम्बंधित लेखपाल को बुलाया लेकिन चौपाल में सम्बंधित लेखपाल अनुपस्थिति थे। जिसको लेकर बीडीओ व ग्राम प्रधान से कब्जा हटवाने को लेकर कहा। क्यों कि दिव्यांग अरुण इसकी काफी शिकायतें सम्बंधित अधिकारियों से कर चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके अलावा राशन कार्ड व आवास को लेकर भी शिकायतें आयी जिस पर सीडीओ ने सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। जिसके बाद कचनार में ही बने कस्तूरबा विद्यालय व सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। वहां से निकलने के बाद सीडीओ सीधे ग्राम पंचायत भेलावां खुर्द पहुंचे। जहां पर पंचायत भवन में लाइब्रेरी देखी। और पंचायत भवन की वाल पेंटिग देखकर तारीफकी। और बोले अन्य ग्राम पंचायत वालों को सीख लेनी चाहिए। वहां से निकलने के बाद ग्राम पंचायत गोड़वा साहबगंज पहुंचे जहां पर मनरेगा द्वारा हो रहे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ऐलिया विकास कुमार सिंह,एडीओ पंचायत अवनीश कुमार त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश गौतम,पशुचिकित्साधिकारी संजय सिंह, सेक्रेटरी राजकुमार, कल्याणी महेंद्रा, शिखा शुक्ला सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## रेउसा में लगी चौपाल सामने आईं शिकायतें

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**क्षेत्र के सेउता** कस्बे में शनिवार को ग्राम सचिवालय में जन चौपाल लगाकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीणों के द्वारा कुल 113 शिकायतें आईं जिसमें 17 का त्वरित निस्तारण किया गया।बाकी का निस्तारण करने के लिए आश्वासन दिया गया।ग्राम सभा सेवता के लोगों द्वारा नाली, शोकफ्टि,आवास, शौचालय,आदि को बनाये जाने की मांग भी की गयी।वहीं राशनकार्ड धारकों ने ग्राम पंचायत सेउता के उचित दर विक्रेता मिश्रीलाल कोटेदार द्वारा संचालित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का शिकायती प्रार्थना पत्र दिया।प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि मिश्रीलाल कोटेदार हर माह में वितरण होने वाले राशन में एक से दो किलो कम दे रहे हैं।दूसरी शिकायत आंगनवाड़ी सीमा सक्सेना के खिलाफहुई उन पर भी बच्चों को दलिया तेल दाल न देने का आरोप लगाया गया। इस मौके पर डीपीआरओ मनोज कुमार, एडीओ पंचायत विनोद यादव,ग्राम पचायत सचिव मुकेश त्रिवेदी ,ग्राम रोजगार सेवक प्रदीप अवस्थी ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि,ग्राम पंचायत सदस्य व कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग,ग्राम्य विकास, लघु सिंचाई, बाल बिकास पुष्टाहार,शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता, आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग, जिला युवा कल्याण विभाग, विधुत विभाग के लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**बरेली ।** मजदूरी करके घर वापस लौट रहे एक मजदूर की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अलीगंज थाने के गांव के किदोना निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद नूर पुत्र सिकंदर अली की कल शाम आंवला थाना क्षेत्र में रेवती रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर हुई दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि मोहम्मद नूर मजदूरी करने के लिए कल सुबह रोजाना की तरह घर से निकला था शाम के समय जब वह घर वापस लौट रहा था तभी रेवती रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर जब वो रेलवे लाइन पार कर रहा था ट्रेन की चपेट में आ गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगों ने उसकी लाश को देखकर घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को दुर्घटना की सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतका विवाहित था उसकी मां का नाम नूर बानो है वह छे भाई बहनों में सबसे बड़ा था

### सड़क किनारे मिला युवक का शव

**बरेली।** सड़क किनारे मिले एक युवक को जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में महाराजा अग्रसेन डिग्री कॉलेज के सामने सड़क किनारे मिले लखीमपुर खीरी के पसगवां थाना क्षेत्र के गांव बनसा निवासी 30 वर्षीय मनोज कुमार को जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता रामगुलाम ने बताया कि मनोज दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था और कल सुबह को घर वापस लौटने के लिए बस में सवार हुआ था कल दोपहर तक उसकी अपने घरवालों से फोन पर बातचीत भी होती रही लेकिन दोपहर के बाद उसके फोन पर घंटी जाती रही और बात नहीं हो सकी आज सुबह लोगों ने उसको सड़क किनारे बेहोशी की हालत में देखकर पुलिस को सूचना दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची मनोज की मौत हो चुकी थी पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा जहा जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक के पिता ने बताया कि दिल्ली से चलते समय मनोज की पास 16000 रुपए थे उसने 2000 खर्च करके अपने पैर का इलाज करा लिया और दवा लेकर ही घर वापस लौट रहा था लौटते समय उसकी जेब में 14000 रुपए मोबाइल फोन और कपड़े थे लेकिन जब वह सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला तो उसके पास कोई भी कपड़ा पैसा या मोबाइल फोन नहीं था पिता ने आशंका जताई कि मनोज को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बनाया है मृतक पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था उसकी मां का नाम सुदामा देवी है

### मृदा परीक्षण व उपचार के लिए उपयुक्त समय- कृषि वैज्ञानिक'

**सीतापुर।** कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर द्वारा इटदहा पुरवा गांव में मृदा स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत ''मृदा नमूना एकत्रीकरण एवं मृदा उपचार'' पर कृषक-समूह को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मृदा वैज्ञानिक सचिन प्रताप तोमर ने किसानों से कहा की वर्तमान समय में कृषक अपने खेतों की मृदा स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं जिससे फसल की उच्च उत्पादकता प्राप्त की जा सके। मृदा परीक्षण प्रक्रिया में नमूना एकत्र करना एक अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, यदि इस कार्य में निर्धारित दिशानिर्देशों का अनुपालन नही किया गया तो रिपोर्ट की उत्कृष्टता प्रभावित होगी, कार्यक्रम में श्री तोमर ने इस प्रक्रिया का कृषक प्रक्षेत्र पर सजीव प्रदर्शन किया, उन्होने कृषक समूह से हरी खाद, केचुआ खाद, जीवामृत, वेस्ट डिकम्पोजर आदि बनाने की प्रक्रिया पर वार्ता करने के साथ कृषकों से मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ही अपनी फसलों में उर्वरकों का प्रयोग करने हेतु आवाह्न किया। केन्द्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ शिशिर कांत सिंह ने बीज शोधन की आसान विधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि '' बीज शोधित कर किसान अपनी उपज में अप्रत्याशित वृद्धि तो कर ही सकता है साथ में कीट और रोगों से 80 फीसदी तक बचाव किया जा सकता है। बीज शोधन को सीड ट्रीटमेंट या बीजोपचार भी कहा जाता है। हर किसान को फसल लगाने से पहले बीज शोधन जरूर करना चाहिये जिसके लिए ट्राईकोडर्मा 5-10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। मृदा शोधन हेतु 3-4 किलो ट्राईकोडर्मा को 1 कुंतल गोबर की सडी खाद में 1-2 किलो गुड़ के घोल मैं मिलाकर छाया में 15 दिनों के लिए रख दें तदोपरांत इस एक कुंटल खाद को 250 कुंतल गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर खेत की अंतिम जुताई में प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। उपरोक्त के साथ-साथ डॉ सिंह ने बीज उत्पादन प्रक्रिया की चुनौतियों व अपार अवसर से किसानों को जागरूक किया एवं बीज उत्पादन से जुड़कर अतिरिक्त लाभ अर्जन हेतु अपील की। जागरूकता सप्ताह के इस कार्यक्रम में कुल 26 किसानों ने प्रतिभाग किया।

## उद्योग बंधु समिति की डीएम ने की समीक्षा बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी अनुज** सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति एवं सिंगल विन्डों की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एजेण्डा बिन्दुओं पर एक-एक करके समीक्षा की। उन्होंने सभी उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं को एक-एक करके सुना एवं उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने सभी उद्योग बन्धुओं से अपेक्षा की कि बैठक के पूर्व समस्याओं को लिखित रूप में संबंधित विभाग को अवगत कराते हुये उसकी प्रतिलिपि उद्योग बन्धु या व्यापार बन्धु के एजेण्डा बिन्दुओं में शामिल किये जाने हेतु संबंधित कार्यालय में अवश्य दें, जिससे बैठक में संबंधित अधिकारी के साथ चर्चा कर समस्या का निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी ने उद्योगों को प्रोत्साहित करने वाली समस्त संचालित योजनाओं के विवरण को सूचीबद्ध कराते हुये समस्त संबंधित को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, जिससे योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके और जनपद में उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा दिया जा सके। उद्योग बन्धु के सदस्यों द्वारा मुख्य रूप से स्ट्रीट वैण्डर्स की समस्याओं, पार्किंग की समस्याओं, विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं आदि के विषय में



जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों के ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर पंजीकरण कराया जाये। बिजवार रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त नाले का निर्माण न होने के कारण बारिश होने पर जलभराव की समस्या पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण करते हुये निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। निराश्रित गौवंश संरक्षण योजनान्तर्गत उ0प्र0 गौसंरक्षण एवं संवर्धन कोष में सहयोग राशि भेट करने वाले उद्यमियों प्रदीप कुमार दीक्षित, महबूब अली, विवेक गुप्ता, हाफिज मो0 अकरम, सौरभ, विक्रम कुकरेजा, उत्तम वर्मा, भरत महावर, श्रवण कुमार, सौरभ कुमार, रजनीकान्त गौतम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं सभी से अपील की कि उ0प्र0 गौसंरक्षण एवं संवर्धन कोष में अधिक से अधिक सहयोग देकर निराश्रित गौवंश संरक्षण के कार्य में सहयोग करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी तथा उद्योग बन्धु समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## समाज व संगठन को दूंगा नई पहचान: पदुम तोमर

**सीतापुर।** भारत के सबसे पुराने संगठन श्री राजपूत करणी सेना के शीर्ष संस्थापक लोकेन्द्र सिंह कालवी व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना व उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह की सहमति व निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में संगठन का विस्तार करते हुए सीतापुर जनपद में संगठन ने अपना विस्तार किया जिसमें सीतापुर का जिला अध्यक्ष दीपेंद्र भदौरिया को नामित किया था। इसी क्रम में शनिवार को नई कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें जिला प्रभारी अनुराग सिंह गौर, महासचिव अनुभव सिंह आशु व अंशुल सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह जलालपुर, जिला उपाध्यक्ष अमित राज सिंह, शिव रतन सिंह,अनुज सिंह, अर्पित सिंह,गौरव सिंह, व विधिक सलाहकार वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष सिंह गौर, जिला मीडिया प्रभारी पदुम सिंह तोमर व भानु प्रताप सिंह को नियुक्त किया गया। जिससे समाज को नई ऊंचाइयों व दिशा प्राप्त हो सके। जिलाध्यक्ष श्री भदौरिया ने बताया की आज सीतापुर जनपद की इकाई का गठन करते हुए शीर्ष नेतृत्व से अनुमोदन कराया है। इस अवसर पर जिले के तमाम समाजसेवियों वह राजनीतिक लोगों ने उनको बधाईयाँ दी। जिसमें एमएलसी पवन सिंह चौहान, टी.पी. सिंह, आदित्य सिंह, अनिल सिंह पाताबोझ, क्षत्रिय समाज जिलाध्यक्ष श्यामपाल सिंह,हरिनाम सिंह चौहान, चेयरमैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह चौहान,भंवर सिंह,अन्नू सिंह, दीपक सिंह,अमित राज सिंह, सचिन सिंह, अर्पित सिंह, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, कपिल सिंह,कल्प राज सिंह,अमरजीत सिंह बाटू,राघवेंद्र सिंह चौहान, जया सिंह,अंकित सिंह, सत्येंद्र सिंह, जय प्रकाश सिंह, संतोष सिंह, दिग्विजय सिंह, शिव रतन सिंह, अनुभव सिंह,रामगोपाल सिंह, सुभाष सिंह, मनीष सिंह,सौरव सिंह,अशोक सिंह,छोटे सिंह,संदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह, शिवम मिश्रा, अमित तिवारी, मनोज तिवारी आदि ने शुभकामनाएं दी।

## यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई गई शपथ

● **युवराजदत्त महाविद्यालय में आयोजित हुआ जागरुकता का कार्यक्रम**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सड़क सुरक्षा** जागरूकता अभियान के तहत युवराज दत्त महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल के दिशा निर्देशन में एसो. प्रोफेसर एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डा. सुभाष चन्द्रा ने छात्र/छात्राओं को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधना एवं सुरक्षा दृष्टि से उनसे होने वाले लाभ के बारे में जागरूक करते हुए यातायात नियमों के पालन हेतु सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। डा. सुभाष चन्द्रा ने बताया कि भारत में अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज गति व नशे की हालत में वाहन चलाने एवं सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी का अभाव व यातायात नियमों का पालन न करने के कारण होती है। युवा विद्यार्थियों का दायित्व बनता है कि वे वाहन चलाते समय स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। डा. चन्द्रा ने एनएसएस स्वयंसेवकों को निर्देशित किया कि वे यातायात एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का हिस्सा बनकर जनमानस को जागरूक करें। इस अवसर पर एसो. प्रोफेसर डा. ज्योति पंत सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति की मदद करने एवं चिकित्सीय सहायता व फर्स्ट एड उपलब्ध कराने हेतु जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डा. एसके पाण्डेय व मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**माह के** चतुर्थ शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा थाना कोतवाली सदर तथा थाना फूलबेहड़ पर उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। इस दौरान जनशिकायतों की सुनवाई करके संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर शिकायतों की निष्पक्षता से जाँच करके उनका शत प्रतिशत विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा भी सर्किल स्तर के थानों पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

## किशोरियों को होनी चाहिए महामारी की पूरी जानकारी:मीनाक्षी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**राष्ट्रीय किशोर** स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत महामारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस दौरान जागरूकता रैली निकाली गई। जैसे हरी झंडी दिखाकर प्रभारी सीएमएस डाण्मीनाक्षी चौधरी ने रवाना किया। वहीं गोष्ठी कर उपस्थित किशोरियों और महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला महिला चिकित्सालय की प्रभारी सीएमएस डा. मीनाक्षी चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत महामारी स्वच्छता दिवस काउंसलर दीपमाला वर्मा द्वारा संपन्न कराया गया है। इस दौरान जागरूकता रैली निकाली गई है। वहीं गोष्ठी कर महिलाओं और किशोरियों को महावारी स्वच्छता के बारे में बताया गया है। किशोरियों को महावारी के बारे में पूरी जानकारी होना बेहद जरूरी है उम्र के साथ आने वाले बदलाव और शरीर में आने वाली कमियों को जानकारी रख कर उचित देखभाल और दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है। काउंसलर दीपमाला वर्मा ने बताया कि महामारी के दौरान स्वच्छता रखने से तमाम तरह की बीमारियां से बचा जा सकता है। जरूरी है कि इसकी जानकारी प्रत्येक किशोरी को अवश्य हो, जिससे उसके स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रभाव ना पड़े। वहीं इस दौरान डा. अर्चना एवं डा. अंजलि ने किशोरियों को खानपान और साफसफाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि महामारी से खून की कमी शरीर में होना स्वाभाविक है ऐसे में बढ़ती उम्र के साथ खानपान पर ध्यान रखना बेहद आवश्यक होता है। प्रोटीन युक्त आहार के साथ हरी साग सब्जियां खानी चाहिए। इसके लिए आरकेएसके की काउंसलर दीपमाला वर्मा से डाइट चार्ट भी किशोरियां प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान आयरन कैल्शियम की टेबलेट सहित सेनेटरी पैड किशोरियों को वितरित कि, गए। रैली में आशा, आशा संगिनी व इंटर्नशिप कर रही छात्राओं सहित स्टाफ ने भाग लिया। इस दौरान डा. राजेंद्र सहित शिप्रा वर्मा, निहारिका वर्मा, प्रियंका तिवारी, सुष्मिता वर्मा, एएनएम मधु, अजीत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एएनएम और आशाओं के नेतृत्व में हुआ टीकाकरण का आयोजन



**रमियाबेहड़.खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़ क्षेत्र के अंतर्गत जोधापुरवा के प्राथमिक विद्यालय नैनापुर में रीना राय एनम ने टीकाकरण किया। गर्भवती महिलाओं को टीके भी लगाए गए मौके पर महेश्वरी उर्फदीपा, चमेली व शिल्पी आदि आशाएं मौके पर ड्यूटी करते हुए मिली। विजय लक्ष्मी आंगनबाड़ी मौके पर मिली जिसमें लोगों को कोविड-19 का टीकाकरण किया गया और लगभग 70 लोगों को टीका लगाया गया। रीना राय से बात की तो गई उन्होंने बताया कि हमारे यहां आशाएं टाइम से पहुंचती हैं। बुलाना नहीं पड़ता है। हम फोन पर ही सूचना दे देते हैं। मेरी आशाओं का बहुत सहयोग मिलता है। आपको बताते चलें कि एएनएम रीता राय ने टीकाकरण आयोजन के दौरान जितने भी मरीज या लाभार्थी वहां पर पहुंचे तो उन्होंने सभी का भेदभावरहित टीकाकरण किया।

## डीएम-एसपी ने पकड़ी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली, सीज



संवाददाता । लखीमपुर खीरी

**माह के चतुर्थ** शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के लिए फील्ड में निकले डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने तहसील सदर एवं थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में लखीमपुर-फूलबेहड़ मार्ग पर एक ओवरलोड बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी और पुलिस कस्टडी में देकर खनन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। डीएम.एसपी ने ट्रैक्टर ट्राली को रोककर उसके अभिलेख एवं प्रपत्र की जांच की। अफसरों ने प्रपत्र अवलोकन के दौरान पाया कि वैध पट्टे से वैध प्रपत्रों के जरिए बालू परिवहन किया जा रहा है। लेकिन वाहन स्वामी द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली पर बालू ओवर लोड किया गया। डीएम एसपी ने ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली को थाना फूलबेहड़ भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने खनन अधिकारी को निर्देशित किया कि वह ट्रैक्टर ट्राली की ओवरलोडिंग के संबंध में विधिक एवं आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं। खनन अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि लखीमपुर फूलबेहड़ मार्ग पर पकड़े गए ओवरलोड वाहन (ट्रैक्टर-ट्राली) सीज करते हुए नियमानुसार राजस्व वसूली की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पूरे मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा रही है।

## मैनहा पहुंचे डीएम-एसपी, सैम बच्चों को बांटी सुपोषित किट

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल संपूर्ण सुपोषण अभियान अब परवान चढ़ने लगी है। तय रणनीति के मुताबिक अतिकुपोषित (सैम) श्रेणी के बच्चों के घर अफसरों के पहुंचने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। मैम श्रेणी के बच्चों के पोषण अध्यापक की भूमिका निभा रही एनआरएलएम समूह भी पूरी तन्मयता से जुटे है।

इसी श्रंखला में शनिवार की दोपहर करीब 12:15 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एसपी संजीव सुमन संग तहसील सदर ब्लाक फूलबेहड़ के मैनहा ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे, जहां आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बच्चों ने डीएम.एसपी को टीका लगाकर पुष्प भेंट किया। डीएम ने एसपी के साथ अपने गोद लिए मैनहा गांव के अति कुपोषित (सैम) श्रेणी के दो बच्चों (दो माह के गुड्डू एवं एक वर्ष 11 माह की लक्ष्मी) को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की। डीएम ने गोद लिए बच्चों के अभिभावकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी। डीएम ने सीडीपीओ व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दि, कि वह इन बच्चों का नियमित मॉनिटरिंग करके यह सुनिश्चित कराएं कि सुपोषित किट एवं केंद्र से मिलने वाले पोषाहार का बच्चे को नियमित सेवन कराए।बताते चलें कि डीएम की अभिनव पहल ष्संपूर्ण सुपोषण अभियानष् के तहत अधिकारी.कर्मचारी इन बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषित बनाने के संकल्प को साकार करने में जुटे हैं। इस दौरान डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ प्रीति तिवारी, सीडीपीओ फूलबेहड़ डा. पूजा त्रिपाठी, एडीओ पंचायत कुरेन्द्र पाल, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव आकांक्षा जायसवाल सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीरू दीक्षित एवं ममता में नामांकित बच्चे मौजूद रहे।

## पलिया सीएचसी का एसीएमओ ने किया गहन निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**नियमित टीकाकरण** सहित कोविड टीकाकरण में पिछड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया का एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता ने डीआईओ की टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान बैठक कर एएनएम को दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के क्रम में एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि एमआई सहित कोविड टीकाकरण में सीएचसी पलिया की स्थिति स्टेट एवरेस्ट से बेहद कम है। इसे लेकर यहां की समीक्षा की गई है। जिसमें पता चला कि एएनएम के पास ड्यू लिस्ट नहीं है। सभी क्षेत्रों में तैनात एएनएम ने अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष 50 से 60 प्रतिशत तक ही टीकाकरण किया है। यहां पर टीकाकरण सत्र पर ही कोविड वैक्सीनेशन करने सहित छूटे हुए बच्चों और गर्भवती माताओं के टीकाकरण के निर्देश दिए गए हैं। कोल्ड चैन की जांच के दौरान पता चला कि आइस पैक सही से नहीं रखे जा रहे हैं, वैक्सीन को सही से और सही टेंपरेचर में रखने की बात बताई गई। यह भी सामने आया है कि एएनएम समय से पहले ही सत्र छोड़ देती हैं। वहीं कई जगह पर एएनएम समय पर नहीं पहुंच रही हैं इन सभी को यह हिदायत दी गई कि समय पर पहुंचे और सत्र पर पहुंचकर आशा व आंगनबाड़ी के माध्यम से लाभार्थियों को बुलाकर ड्यूलिस्ट से मिलान कर उनका वैक्सीनेशन करना सुरक्षित करें। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डा. एएन चौहान, अंकित दीक्षित व जिला स्तरीय टीम से डा. उज्जवल सहित यूनिसेफ डिस्टिक कोऑर्डिनेटर से मुकेश चौहान व यूएनडीपी से सरिता व अन्य उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, , रविवार, 29 मई, 2022



# सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र बन रहा भारत : कोविंद

**भाषा।** भोपाल



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया में सबसे सस्ती दरों पर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करा रहा है और विदेशों, विशेषकर पड़ोसी देशों, से लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए भारतीय अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बन रहा है। कोविंद ने यहां आरोग्य भारती संस्था द्वारा वन नेशन, वन हेल्थ सिस्टम विषय पर आयोजित आरोग्य मंथन सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा, दुनिया में सबसे सस्ती चिकित्सा सुविधाएं भारत में उपलब्ध हैं और अस्पतालों, विशेषकर दिल्ली, में स्थानीय मरीजों की तुलना में पड़ोसी देशों के लोग अधिक इलाज करवा रहे हैं।

कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए कोविंद ने कहा कि दो-ढाई साल से दुनिया अदृय महामारी से गुजरी है, संभवत: केवल एक-दो प्रतिशत लोग ही इससे अछूते हों, बल्कि किसी न किसी रूप में सभी इससे प्रभावित हैं। उन्होंने कोविड-19 से लोगों की जान बचाने वाली वैक्सीन विकसित करने के लिए देश के वैज्ञानिकों और चिकित्सकों की प्रशंसा करते हुए कहा, वास्तविकता यह है कि यदि वैज्ञानिक व चिकित्सक न होते, तो क्या होता। कोविड वैक्सीन से दुनिया में मानवता का व्यापक हिस्सा बच गया, जबकि सौ साल पहले जब महामारी आई थी तो उसमें असंख्य लोग काल कवलित हो गए थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में जमैका और सेंट विंसेट देश की अपनी यात्रा के दौरान वह आठ कार्यक्रमों में शामिल हुए, जिनमें उन देशों के शासनाध्यक्षों ने जरूरत के समय उन्हें कोविड-19 रोधी वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिए भारत की बार-बार प्रशंसा की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमैका और सेंट विंसेट को 50-50 हजार कोविशील्ड वैक्सीन की खुराक मुफ्त भेजी थी। दोनों देशों के शीर्ष नेता भारत की इस मानवीय पहल की प्रशंसा करते नहीं अघाते थे। राष्ट्रपति ने कहा कि जहां भारत उन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता था, वहीं वे भारत की चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी लेने में अधिक रुचि रखते थे। उन्होंने कहा कि भारत चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बन रहा है और यहां स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं और संस्थागत उपचार आसानी से उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि 2017 में घोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के तहत सरकार का लक्ष्य सस्ती दरों पर सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

कोविंद ने कहा, इस नीति का उद्देश्य सभी के लिए व्यापक और समग्र तरीके से स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था करना भी है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र के संस्थानों की भागीदारी के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से जागरूक नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। देश में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए केरल में स्थापित आरोग्य भारती की प्रशंसा करते हुए कोविंद ने कहा कि इस संस्था की टीम देश के 85 प्रतिशत जिलों में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि आरोग्य भारती की सोच बहुत स्पष्ट और सरल है-- जब हर व्यक्ति स्वस्थ होगा, तो परिवार स्वस्थ होगा और यदि परिवार स्वस्थ होगा तो हर गांव और हर शहर स्वस्थ होगा। इस तरह से पूरा देश स्वस्थ होगा। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में आरोग्य भारती ने लोगों में जागरूकता बढ़ाकर और सभी चिकित्सा प्रणालियों के लोगों को एक साथ लाकर बहुत ही सकारात्मक प्रयास किया है। यह आधुनिक जीवन शैली की बीमारियों की रोकथाम पर विशेष ध्यान देकर निवारक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देने के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप काम कर रहा है। राष्ट्रपति ने वन नेशन- वन हेल्थ सिस्टम शुरू करने के सरकार के कदम की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया।

## हेमंत सोरेन को खनन पट्टा मामले में निर्वाचन आयोग के समक्ष पेशी के लिए और समय मिला

**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खनन पट्टे से जुड़े एक मामले में निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश होने के लिए और समय दिया गया है। सोरेन को 31 मई को या तो व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील के माध्यम से निर्वाचन आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। सूत्रों ने कहा कि सोरेन ने और समय मांगा और अब उन्हें 14 जून को पेश होने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री के भाई और विधायक बसंत सोरेन के एक खनन कंपनी के कथित सह-मालिकाना हक से संबंधित एक अन्य मामले में सोमवार को निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश होने की संभावना है। इस महीने की शुरुआत में निर्वाचन आयोग ने जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा नौ ए के तहत हेमंत सोरेन को नोटिस जारी किया था। इस कानून के तहत विधायक या सांसद को अयोग्य करार दिया जाता है।

## पवार ने बाहर से दगदूशेठ गणपति के दर्शन किए, क्योंकि उन्होंने मांसाहारी भोजन किया था : राकांपा नेता

**भाषा।** पुणे (महाराष्ट्र)

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार प्रसिद्ध दगदूशेठ गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए पुणे पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने परिसर के बाहर से ही भगवान के दर्शन किए, क्योंकि उन्होंने मांसाहारी भोजन किया था। पार्टी की पुणे इकाई के अध्यक्ष प्रशांत जगताप ने यह जानकारी दी। दगदूशेठ गणपति मंदिर से सटी जमीन को मंदिर ट्रस्ट को सौंपे जाने की लंबे समय से चली आ रही मांग के बीच पवार शुक्रवार को पुणे में इस जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यह जमीन राज्य के गृह विभाग की है, जिसका प्रभार वर्तमान में राकांपा नेता दिलीप वालसे पाटिल के पास है।

पवार के मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं करने और बाहर से दर्शन करने के बाद इसे लेकर सवाल उठने लगे थे। हालांकि, शाम को पत्रकारों से बातचीत में जगताप ने इस बारे में सफाई दी। उन्होंने कहा, शरद पवार ने मंदिर जाने की योजना बनाई थी। हालांकि, उन्होंने बाहर से दर्शन करना पसंद किया, क्योंकि उन्होंने मांसाहारी भोजन किया था। जगताप ने कहा, पवार साहब ने मुझे बताया कि चूंकि उन्होंने दिन में मांसाहारी भोजन किया था, इसलिए उन्हें लगा कि मंदिर के अंदर जाना उचित नहीं है और इसके बजाय उन्होंने बाहर से दर्शन किए। बाद में जब उपमुख्यमंत्री और राकांपा के वरिष्ठ नेता अजीत पवार, जो पुणे में ही मौजूद थे, से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ऐसे सवाल क्यों पूछे जा रहे हैं? अगर वह दर्शन करने जाते हैं तो सवाल पूछे जाते हैं और अगर नहीं करते हैं तो उन्हें नास्तिक बताया जाता है। उन्होंने कहा, कई बार लोग मांसाहारी भेजन करते हैं, लेकिन दूसरों को इसके बारे में नहीं बताते हैं और दर्शन करने के लिए मंदिर के अंदर चले जाते हैं, जबकि कुछ लोग इसे खुलकर बताते हैं।

# नवाब मलिक ने क्रूज ड्रग्स मामले का पर्दाफाश किया, लेकिन इसकी कीमत चुकाईः राउत

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना सांसद** संजय राउत ने शनिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक को अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान से संबंधित क्रूज पर मादक पदार्थ की बरामदगी मामले के पीछे के फर्जीवाड़े को उजागर करने के लिए बधाई दी। कोल्हापुर में राउत ने संवाददाताओं से कहा कि मलिक इस मामले के पीछे के फर्जीवाड़े और भाजपा के असली चेहरे को बेनकाब करने की कीमत चुका रहे हैं।

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने क्रूज पर मादक पदार्थ की बरामदगी मामले में आर्यन खान को क्लीनचिट दे दी। मामले में आर्यन गिरफ्तार किए गए थे और उन्हें 22 दिन जेल में रहना पड़ा था। एनसीबी अधिकारियों ने कहा कि आर्यन और पांच अन्य का नाम पर्याप्त सबूतों के अभाव के कारण एजेंसी के आरोप पत्र में नहीं है। इसके बाद, सरकार ने समीर वानखेड़े के खिलाफ मामले की कथित तौर पर लचर जांच करने को लेकर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मलिक ने एनसीबी के तत्कालीन अधिकारी वानखेड़े के खिलाफ चौतरफा अभियान शुरू कर उन पर शाहरुख खान से धन की उगाही के नाम पर आर्यन को मामले में फंसाने का आरोप लगाया था। मलिक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़े धन शोधन जांच के सिलसिले में फरवरी में गिरफ्तार किया था। राउत ने कहा, मैं नवाब मलिक को मामले के पीछे के तमाशे को उजागर करने और इसे तार्किक अंत तक ले जाने के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने भाजपा का पर्दाफाश किया, जिसकी कीमत वह चुका रहे हैं। क्या शिवसेना वानखेड़े के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगी, यह पूछे जाने पर राउत ने कहा, हमें क्यों मांग करनी चाहिए? क्या सरकार नहीं देख सकती कि कैसे उन्होंने एक लड़के को झूठे मामले में फंसाया और उसकी जिंदगी तबाह कर दी। लड़के को एक महीने की जेल हुई थी। क्या यही न्याय है? भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के तहत काम करने का आरोप लगाते हुए शिवसेना नेता ने कहा, केंद्रीय जांच एजेंसियों पर राजनीतिक दबाव के कारण, महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के दो मंत्री जेल में बंद हैं। कल, ईडी ने शिवसेना के मंत्री अनिल परब के परिसर पर छापा मारा। यह राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। राज्यसभा की सीटों को लेकर आगामी चुनाव के बारे में एक सवाल पर राउत ने कहा कि शिवसेना के पास संसद के उच्च सदन के लिए अपने दोनों उम्मीदवारों को निर्वाचित कराने की खातिर पर्याप्त संख्या है।

## सीबीआई ने कार्ति चिदंबरम से लगातार तीसरे दिन पूछताछ की

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने 2011 में तलवंडी साबो बिजली परियोजना के निर्माण में शामिल चीनी कर्मचारियों को 263 वीजा जारी करने के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने के मामले में सांसद कार्ति चिदंबरम से शनिवार को लगातार तीसरे दिन पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्ति शनिवार सुबह सीबीआई मुख्यालय पहुंचे और उनसे पूरे दिन पूछताछ जारी रहने की संभावना है। अधिकारियों के मुताबिक, सीबीआई बृहस्पतिवार से कार्ति से 11 साल पुराने मामले में पूछताछ कर रही है, जिसे कांग्रेस नेता ने फर्जी और राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम बताया है। यह मामला 2011 का है, जब कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे।

सीबीआई ने कार्ति और अन्य के खिलाफ वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी द्वारा उन्हें और उनके करीबी एस भास्कररमन को कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत दिए जाने के मामले में 14 मई को प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि रिश्वत लेकर 263 चीनी कामगारों के लिए परियोजना वीजा जारी किया गया। टीएसपीएल पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि परियोजना वीजा 2010 में बिजली और इस्पात क्षेत्र के लिए पेश किए गए एक विशेष प्रकार के वीजा थे, जिसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में पी चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान जारी किए गए थे। हालांकि, इन्हें फिर से जारी करने का कोई प्रावधान नहीं था। जांच एजेंसी इस मामले में भास्कररमन को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

# प्रधानमंत्री ने भारत को मजबूत बनाया, नेहरू से उनकी तुलना नहीं की जा सकतीः बोम्मई

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा से जुड़े मुद्दों और राष्ट्र की एकता व अखंडता से संबंधित मामलों पर कड़े कदम उठाए हैं और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से उनकी तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया पर कटाक्ष करते हुए पूछा कि वह (सिद्धरमैया) द्रविड़ हैं या आर्य। कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया ने शुक्रवार को आरएसएस पर निशाना साधते हुए सवाल किया था कि संगठन से जुड़े लोग मूल भारतीय द्रविड़ हैं या आर्य। सिद्धरमैया की इस टिप्पणी पर राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी।




सिद्धरमैया ने यहां नेहरू की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कहा था कि मोदी और नेहरू की तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा था, कहां नेहरू, कहां मोदी। यह जमीन और आसमान की तुलना करने जैसा है, इसकी कोई तुलना नहीं है ... उन्होंने (मोदी ने) नेहरु के सभी अच्छे कामों पर पानी फेर दिया, जैसे पंचवर्षीय योजनाएं और अन्य। सिद्धरमैया की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, बोम्मई ने शनिवार को कहा कि ऐसी तुलना नहीं की जा सकती और राष्ट्रीय सुरक्षा व एकता को लेकर मोदी ने नेहरू की तुलना में मजबूत कदम उठाए हैं। बोम्मई ने कहा, स्वाभाविक है, उनकी (मोदी की) नेहरू से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि चीन ने जब (1962 में) भारत पर आक्रमण किया तो नेहरू ने उचित कदम उठाए बिना सीमावर्ती क्षेत्रों को (चीन को) दे दिया, जबकि नरेंद्र मोदी मजबूती से खड़े रहे हैं और उन्होंने (हाल में सीमा पर हुई झड़पों में) हमारे सीमा क्षेत्रों की रक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा, इसके अलावा, उन्होंने (मोदी) पाकिस्तान के साथ कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने भारत की एकता व अखंडता के लिए काम किया है, इसके कई उदाहरण भी हैं। मोदी ने भारत को मजबूत बनाया है, लिहाजा तुलना का कोई सवाल ही नहीं उठता। कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धरमैया कि आरएसएस के बारे में की गई टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, मैं पूछता हूं कि सिद्धरमैया कहां से आए, वह द्रविड़ हैं या आर्य। पहले उन्हें यह बताने दें।

# महाराष्ट्र में पहली बार ओमीक्रोन के उप-स्वरूप बी.ए. 4 के चार, बी.ए.5 के तीन मामले आए

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र में** पहली बार कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के उप-स्वरूप बी.ए. 4 के चार और बी.ए.5 के तीन मरीज पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि ए हल्के उप-स्वरूप हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी रोगियों में हल्के लक्षण हैं और घरों पर ही उनका इलाज चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका समेत दुनिया के कुछ हिस्सों में अप्रैल में ओमीक्रोन के उप-स्वरूपों के बारे में पता चला था, लेकिन महाराष्ट्र में अब तक इसका कोई मामला सामने नहीं आया था। पिछले सप्ताह तमिलनाडु और तेलंगाना में भी इसके मामले सामने आए थे। अधिकारी ने कहा, विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान ने जीनोम अनुक्रमण किया, जिसके निष्कर्षों की फरीदाबाद स्थित भारतीय जैव डेटा केंद्र ने पुष्टि की है। पुणे के लगभग सात लोगों में ओमीक्रोन के



उपस्वरूप का संक्रमण मिला है।

उन्होंने कहा, चार रोगी बी.ए.4 जबकि अन्य बी.ए.5 स्वरूप से संक्रमित पाए गए हैं। इनमें चार पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। चार रोगियों की आयु 50 वर्ष से अधिक और दो की उम्र 20 से 40 वर्ष के बीच है, जबकि एक रोगी की आयु नौ साल है। अधिकारी ने कहा, सभी छह वयस्क कोविड-19 रोधी टीकों की दोनों खुराक ले चुके हैं, जबकि एक ने तो बूस्टर खुराक भी ले रखी है। बच्चे का टीकाकरण नहीं हुआ है। सभी में कोविड-19 के हल्के लक्षण हैं और घरों में ही उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके नमूने चार से 18 मई के बीच लिए गए थे और उनमें से दो दक्षिण अफ्रीका तथा बेल्जियम गए थे, जबकि तीन ने केरल और कर्नाटक की यात्रा की थी। उन्होंने कहा कि दो अन्य रोगियों का कोई यात्रा इतिहास नहीं है। महामारी रोग विशेषज्ञ व राज्य के एकीकृत रोग एवं निगरानी कार्यक्रम के अधिकारी डॉक्टर प्रदीप आवते ने कहा कि बी.ए.4 और बी.ए.5 ओमीक्रोन के उप-स्वरूप हैं, जिन्हें हल्का माना जाता है।उन्होंने कहा, उप-स्वरूपों के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। आवते ने कहा, हालांकि, ए बेहद संक्रामक होते हैं, जिसके चलते बीते कुछ हफ्तों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी गई है। हर जगह मामलों में वृद्धि हो रही है, लेकिन रोगियों के बड़ी संख्या में अस्पतालों में भर्ती होने के मामले नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ओमीक्रोन के इन उप-स्वरूपों से हुए संक्रमण में कोई गंभीरता नहीं मिली है। लेकिन राज्य के अधिकारी हालात पर करीबी नजर रखे हुए हैं। इससे पहले, 22 मई को तमिलनाडु में बी.ए.4. के जबकि तेलंगाना में बी.ए.5. के मामले सामने आए थे।

## भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,685 नए मामले, 33 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,685 नए मामले सामने आने के बाद देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,31,50,215 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 16,308 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में देश में संक्रमण से 33 और मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,24,572 हो गई है।

मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल मामलों का 0.04 फीसदी है, जबकि संक्रमण से मुक्त होने वालों की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 494 की वृद्धि हुई है। मंत्रालय के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 0.60 फीसदी, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 0.54 प्रतिशत है। देश में अब तक 4,26,09,335 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं। वहीं, कोविड-19 मृत्यु दर 1.22 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देशभर में अब तक टीके की 193.13 करोड़ से अधिक खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर 2020 को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

# नौसेना ने 34 साल की सेवा के बाद आईएनएस गोमती को सेवामुक्त किया

**भाषा।** मुंबई

**नौसेना ने** 34 साल की सेवा के बाद गोदावरी श्रेणी के निर्देशित-मिसाइल पोत आईएनएस गोमती को शनिवार को सेवामुक्त कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कैक्टस , पराक्रम और रेनबो में शामिल रहे पोत को यहां नौसैन्य डॉकयार्ड में सूर्यास्त के समय सेवामुक्त कर दिया गया। पश्चिमी नौसैन्य कमान के फ्लैग ऑफिसर-इन-कमांड वाइस एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि गोमती को नौसेना द्वारा डिजाइन किया गया था और भारतीय शिपयार्ड में बनाया गया था। यह आत्मानिर्भर भारत की दिशा में शुरुआती कदम थे। उन्होंने कहा कि इस श्रेणी के पोत के निर्माण के दौरान मिले अनुभव ने नौसेना को आगे आधुनिक पोत को तैयार करने में मदद की। गोमती नदी के नाम पर इस पोत का नामकरण हुआ था। सिंह ने कहा कि पोत की विरासत को लखनऊ में गोमती नदी के तट पर बनाए जा रहे एक खुले संग्रहालय में रखा जाएगा, जहां उसकी कई युद्धक प्रणालियों को सैन्य तथा युद्ध अवशेषों के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। उत्तरी क्षेत्र के युवाओं को नौसेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और भारतीय नौसेना ने इसके लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आईएनएस गोमती को नए अवतार में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएग मौजूदा आईएनएस गोमती को 16 अप्रैल, 1988 को तत्कालीन रक्षा मंत्री के सी पंत ने मझगांव डॉक में सेवा में शामिल किया था।

## मोदी सरकार नौकरियां देने में नहीं, छीनने में सक्षमः राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार नई नौकरियां देने में नहीं, बल्कि बची हुई नौकरियां छीनने में सक्षम है। उन्होंने भारतीय रेल में गैर संरक्षा श्रेणी के 91 हजार से अधिक पदों पर भविष्य में कभी भर्ती नहीं होने के दावे वाली खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार नई नौकरियां देने में तो नहीं ,लेकिन बची हुई नौकरियां छीनने में ज़रूर सक्षम है। याद रहे, यही युवा आपके सत्ता के घमंड को तोड़ेगा। इनके भविष्य को बर्बाद करना, इस सरकार को महंगा पड़ेगा।

# उपासना स्थल विशेष प्रावधान कानून, 1991 की धाराओं की संवैधानिक वैधता को चुनौती

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपासना स्थल** (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 की कुछ धाराओं की वैधता को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ए धाराएं संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करती हैं, जिसमें कानून के समक्ष समानता से संबंधित और धर्म, जाति, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव के निषेध से संबंधित प्रावधान शामिल हैं। याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने अधिनियम के माध्यम से घोषणा की है कि 15 अगस्त, 1947 को मौजूद उपासना स्थल और तीर्थस्थल का धार्मिक चरित्र बरकरार रहेगा और इसके जरिए किसी भी अदालत में इस तरह के मामले के संबंध में वाद के जरिए उपचार पर रोक लगाई गई है।

मथुरा निवासी देवकीनंदन ठाकुर द्वारा दायर याचिका में 1991 के अधिनियम की धारा 2, 3, 4 की वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में दावा किया गया है कि यह हिंदुओं, जैनों, बौद्धों और सिखों के उनके उपासना स्थलों और तीर्थयात्रा एवं उस संपत्ति को वापस लेने के न्यायिक उपचार का अधिकार छीनती है जो देवता की है। अधिवक्ता आशुतोष दुबे के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, हिंदुओं, जैनों, बौद्धों और सिखों का आघात बहुत बड़ा है क्योंकि अधिनियम की धारा 2, 3, 4 ने अदालत जाने का अधिकार छीन लिया है और इस तरह न्यायिक उपचार का अधिकार बंद कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि अधिनियम की धारा 3 उपासना स्थलों के रूपांतरण पर रोक से संबंधित है, धारा 4 कुछ उपासना स्थलों के धार्मिक चरित्र की घोषणा और अदालतों के अधिकार क्षेत्र पर रोक से संबंधित है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि केंद्र ने न्यायिक समीक्षा के उपचार पर रोक लगाकर अपनी विधाई शक्ति का उल्लंघन किया है जो संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। इसमें कहा गया है, हिंदू सैकड़ों वर्षों से भगवान कृष्ण के जन्मस्थान की बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं और शांतिपूर्ण सार्वजनिक आंदोलन जारी है, लेकिन केंद्र ने अधिनियम को अधिनियमित करते हुए अयोध्या में भगवान राम के जन्मस्थान को इससे बाहर रखा, लेकिन मथुरा में भगवान कृष्ण की जन्मस्थली को नहीं, इसके बावजूद कि दोनों भगवान विष्णु के अवतार हैं जो कि इस सृष्टि को बनाने वाले हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह अधिनियम कई कारणों से अमान्य और असंवैधानिक है और यह हिंदुओं, जैनों, बौद्धों और सिखों के उपासना स्थलों और तीर्थस्थलों के प्रबंधन, रखरखाव और प्रशासन के अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु में दिवंगत करुणानिधि की 16फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया

**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने द्रविड नेता और तमिलनाडु के पांच बार मुख्यमंत्री रहे दिवंगत नेता एम. करुणानिधि की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया। इस दौरान करुणानिधि के पुत्र और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन भी मौजूद थे। ओमानदुरार एस्टेट में स्थित मल्टी सुपर स्पेशियालिटी सरकारी अस्पताल के परिसर में इस प्रतिमा को लगाया गया है। यह प्रतिमा पुरानी प्रतिमा से कुछ सौ मीटर की दूरी पर लगाई गई है जिसे 35 साल पहले अन्नाद्रमुक के संस्थापक एम. जी. रामचन्द्रन की मौत के बाद तोड़ दिया गया था। कांसे की यह 16 फुट ऊंची प्रतिमा 14 फुट ऊंचे मंच पर स्थापित की गई है। औपचारिक अनावरण के बाद उपराष्ट्रपति नायडू, मुख्यमंत्री स्टालिन और नेताओं ने प्रतिमा के पास रखी करुणानिधि की तस्वीर पर फूल चढ़ाए।

# झारखंड में एक बटन दबाने से बदल रही जिंदगी

**भाषा।** बालसिरिंग (झारखंड)

**झारखंड की** राजधानी रांची से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित हुलहुंडू की 11 वर्षीय एक लड़की के लिए एक बटन दबाने का मतलब एक अलग तरह की आजादी और स्वच्छता है। सावित्री तिग्गा (परिवर्तित नाम) ने अपने गांव में स्थापित एक नई वेंडिंग मशीन में जैसे ही एक रुपए का सिक्का डाला और बटन दबाया, उसका चेहरा चमक उठा, क्योंकि उसे एक सैनिटरी नैपकिन प्राप्त हुई।

रांची शहर के निकट होने के बावजूद, सावित्री को अब तक मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बहुत कम या कोई जानकारी नहीं थी। उसे अपने बचपन में ही मासिक धर्म एक बोझ की तरह लगने लगा था लेकिन अपने गांव की वेंडिंग मशीन से सैनिटरी नैपकिन मिलने के बाद जैसे उसका जीवन ही बदल गया हो। प्रसिद्ध नेतरहाट विद्यालय की ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा शुरू की गई पहल संगिनी के तहत झारखंड और पड़ोसी



राज्य बिहार के 50 गरीब गांवों में लड़कियों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के लिए सैनिटरी पैड बांटने के वास्ते वेंडिंग मशीन लगाई गई है। सावित्री ने कहा, मैं अब इन नैपकिन खरीद सकती हूं ... मैं अब पढ़ाई कर सकती हूं ... मैं अपनी पेंसिल और रबड़ भी खरीद सकती हूं। मैं अपनी पढ़ाई नहीं छोड़ूंगी। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के बारे में समझ की कमी और अपने गांवों में सैनिटरी पैड तक पहुंच की कमी झारखंड में लड़कियों के स्कूल छोड़ने का एक मुख्य कारण है, जहां लगभग 42.16 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। सीमा (12), नीता तिग्गा (15), सनी होरो (12), नीलमणि कोंगारी, (14) और अंजू उरांव (14) (सभी परिवर्तित नाम) ने इसी तरह की डरावनी कहानियां सुनाईं कि कैसे उनकी मां और उन्होंने माहवारी के दौरान रेत, राख और प्लास्टिक का इस्तेमाल किया। ज्यादातर लड़कियों ने कहा कि वे शर्मिंदगी के कारण मासिक धर्म के दौरान अपनी झोपड़ियों में ही रहना पसंद करती हैं और इस दौरान वे स्कूल और सामान्य जीवन खो देती हैं। ज्यादातर लड़कियों को सैनिटरी नैपकिन के बारे में नहीं पता था। एनओबीए जीएसआर (नेतरहाट ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन ग्लोबल सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के सलाहकार सदस्य ओम प्रकाश चौधरी ने पीटीआई-भाषा को बताया, पिछले साल के अंत में कॉलेज की एक छात्रा एनओबीए जीएसआर में आई थी और उसने दान के लिए अनुरोध किया था ताकि वह झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में सैनिटरी नैपकिन वितरित कर सके। उन्होंने कहा, छात्रा ने इस काम को तीन महीने तक किया और हमने उसका सहयोग किया। बाद में हमें एहसास हुआ कि वास्तव में, यह व्यवस्था सतत नहीं है। हालांकि, चौधरी ने कहा कि जैसा कि उन्होंने उन लड़कियों के बारे में पढ़ा जो कम उम्र में (सैनिटरी नैपकिन नहीं मिलने के कारण) स्कूल छोड़ देती हैं, इसने मुझे झकझोर कर रख दिया।

# रूस ने पूर्वी यूक्रेन में प्रमुख रेलवे जंक्शन पर कब्जा किया

एपी। क्रामातोर्स्क (यूक्रेन)




**रूस** ने शनिवार को कहा कि उसके सैनिकों और अलगाववादी लड़ाकों ने पूर्वी यूक्रेन में एक प्रमुख रेलवे जंक्शन पर कब्जा कर लिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेंकोव ने कहा कि रूसी सैनिकों और क्रेमलिन समर्थित अलगाववादियों की संयुक्त सेना ने लिमान शहर को पूरी तरह मुक्त करा लिया है। इन अलगाववादियों ने रूस की सीमा से लगते पूर्वी क्षेत्र में आठ वर्षों से युद्ध छेड़ रखा है।

रूस के 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले करीब 20,000 लोगों की आबादी वाला लिमान क्षेत्रीय रेलवे हब था। यूक्रेन में युद्ध के दौरान ट्रेनों से हथियार लाए गए और नागरिकों को निकाला गया। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस घटनाक्रम का क्या असर होगा।

इस शहर पर कब्जा जमाने से रूसी सेना को दोनेत्स्क और लुहांस्क शहरों की ओर बढ़ने के लिए अपने पैर जमाने में मदद मिलेगी। यह दोनों प्रांत डोनबास क्षेत्र का हिस्सा हैं। यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा जमाने में नाकाम रहने के बाद से रूस ने इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक आकलन में कहा, अगर रूस इन इलाकों पर कब्जा करने में कामयाब हो जाता है तो इसे क्रेमलिन ठोस राजनीतिक उपलब्धि के तौर पर देखेगा और रूस लोगों के सामने आक्रमण को न्यायोचित ठहराने के तौर पर पेश करेगा। शनिवार को सिविरोदोनेत्स्क और नजदीकी लिसिचांस्क शहरों के आसपास लड़ाई जारी रही, जो लुहांस्क प्रांत में यूक्रेन के कब्जे वाले प्रमुख इलाके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दोहराया कि पूर्वी क्षेत्र में हालात मुश्किल हैं लेकिन उन्होंने भरोसा जताया कि उनका देश विजई होगा। उन्होंने कहा, अगर कब्जा करने वाले लोग यह सोचते हैं कि लिमान या सिविरोदोनेत्स्क उनके हो जाएंगे, तो वे गलत हैं। डोनबास यूक्रेन का रहेगा। लुहांस्क के गवर्नर ने आगाह किया कि यूक्रेनी सैनिक घेराबंदी से बचने के लिए सिविरोदोनेत्स्क से पीछे हट सकते हैं। रूसी सेना की इस बढ़त ने निवासियों के बीच यह आशंका पैदा कर सकती है कि यहां भी मारियुपोल जैसा खूनखराबा हो सकता है। सिविरोदोनेत्स्क के मेयर ओलेकसांद्र स्त्रियुक ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध के दौरान करीब 1,500 नागरिकों की मौत हो चुकी है। इस बीच, यूक्रेन की नौसेना ने शनिवार सुबह कहा कि रूसी जहाज यूक्रेन के दक्षिण तट पर काला सागर और अजोव सागर में असैन्य नौवहन को बाधित कर रहे हैं, जिससे यह शत्रुता का क्षेत्र बन रहा है। रूस में शनिवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उस विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए जिससे रूसी सेना के अनुबंधों के लिए आयु सीमा बढ़ा दी गई है। अनुबंधकर्ता अब 50 वर्ष की आयु तक सेना में शामिल हो सकते हैं और पुरुष अनुबंधकर्ता 65 साल और महिलाएं 60 वर्ष तक काम कर सकती हैं।

## स्वीडन, फिनलैंड को नाटो में शामिल करने में तुर्की की आपत्तियों को दूर किया जाएगा: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को कहा कि उन्हे उम्मीद है कि स्वीडन और फिनलैंड के उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) मे शामिल होने को लेकर तुर्की की जो आपत्तियां है उन्हे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा।फिनलैंड के विदेश मंत्री पेक्का हाविस्तो अमेरिका की यात्रा पर है और ब्लिंकन ने हाविस्तो के साथ यहां संवाददाताओ को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका को ऐसा कोई कारण नजर नही आता कि तुर्की की आपत्तियां दूर नही की जा सकती। दरअसल, तुर्की के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा था कि तुर्की, फिनलैंड और स्वीडन की सदस्यता को समर्थन दे इससे पहले दोनो देशो को ठोस कदम उठाने होगे।ब्लिंकन ने कहा, फिनलैंड और स्वीडन के नाटो मे शामिल होने का अमेरिका पूरा समर्थन करता है और मुझे पूरी उम्मीद है कि दोनो जल्द ही नाटो के सदस्य होगे। हमे आशा है कि हम जल्द यह बता पाएंगे कि फिनलैंड और स्वीडन हमारे सहयोगी है। वही, हाविस्तो ने कहा कि उनके देश और स्वीडन ने तुर्की के साथ बातचीत की है और ए बातचीत जारी रहेगी और कोशिश की जाएगी कि जून के अंत मे मैड्रिड मे होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन से पहले मामले को सुलझा लिया जाए। उन्होंने कहा, हम उन बातचीत को बढ़ाने पर सहमत हुए है। हमे लगता है कि तुर्की जो मुद्दे उठा रहा है उन समस्याओ को दूर किया जा सकता है। हम उम्मीद करते है कि नाटो शिखर सम्मेलन से पहले कोई नतीजा निकल आएगा। गौरतलब है कि दोनो देशो ने नाटो मे शामिल होने के लिए पिछले सप्ताह आवेदन दिया था। नाटो मे शामिल होने के लिए सभी 30 सदस्य देशो का समर्थन मिलना जरूरी है, जबकि तुर्की ने इन देशो के शामिल होने पर कुछ आपत्तियां जताई है।

## मेक्सिको में सांडों की लड़ाई पर रोक

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को मेक्सिको सिटी में सांडों की लड़ाई पर रोक लगाई और इस प्रथा को प्रतिबंधित किया जाए अथवा नहीं,इस पर सुनवाई के आदेश दिए। संवैधानिक आदेश के मुताबिक अगला फैसला आने तक सांडों की लड़ाई वाला खेल नहीं आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2013 के बाद से मेक्सिको के चार राज्यों ने सांडों की लड़ाई पर प्रतिबंध लगाया है। पिछले साल, मेक्सिको के एनिमल वेलफेयर कमीशन ने इस सार्वजनिक कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगाने वाले एक कानून को प्रारंभिक रूप से मंजूरी दी थी। मेक्सिको के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को मेक्सिको सिटी में सांडों की लड़ाई पर रोक लगाई और इस प्रथा को प्रतिबंधित किया जाए अथवा नहीं,इस पर सुनवाई के आदेश दिए।

## जापान में आतंकी संगठन की संस्थापक रिहा

**तोक्यो।** जापान में आतंकवादी संगठन के रूप में घोषित जापानी रेड आर्मी की सह-संस्थापक फुसाको शिगेनोबु को 20 साल की सजा काटने और निर्दोष लोगों को चोट पहुंचाने के लिए माफी मांगने के बाद शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया। शिगेनोबु ने कहा, मैं यकीनन महसूस कर पा रही हूं कि मैं आखिरकार जीवित बाहर आ गई हूं। शिगेनोबू के जेल से बाहर निकलने पर उसकी बेटी, पत्रकारों और तोक्यो में समर्थकों की भीड़ ने स्वागत किया। शिगेनोबु ने कहा, मैंने अपने संघर्षों को प्राथमिकता देकर उन निर्दोष लोगों को चोट पहुंचाई है जिन्हें मैं जानती तक नहीं थी। हालांकि वे अलग-अलग समय में हुए थे, लेकिन इनके लिए मैं इस अवसर पर तहे दिल से माफी मांगना चाहूंगी। शिगेनोबु को हेग, नीदरलैंड में 1974 में फ्रांसीसी दूतावास की घेराबंदी की सरगना करार देते हुए दोषी ठहराया गया था। उसे 2000 में मध्य जापान के ओसाका में गिरफ्तार किया गया था, जहां वह छिपी हुई थी। 1971 में गठित और फलस्तीनी उग्रवादियों से जुड़ी रेड आर्मी ने 1975 में मलेशिया के कुआलालंपुर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर कब्जा सहित कई हमलों की जिम्मेदारी ली थी।

# शहबाज शरीफ ने खुद को बताया मजनू

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने खिलाफ दर्ज 16 अरब पाकिस्तानी रुपए के धनशोधन मामले में शनिवार को एक विशेष अदालत में कहा कि पंजाब का मुख्यमंत्री रहने के दौरान उन्होंने वेतन तक नहीं लिया और उन्होंने ऐसा मजनू होने के कारण किया। शहबाज और उनके बेटों- हमजा तथा सुलेमान के खिलाफ संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने नवंबर 2020 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। हमजा फिलहाल पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री हैं, जबकि सुलेमान फरार है और ब्रिटेन में रह रहा है। एफआईए ने अपनी जांच में शहबाज परिवार के कथित 28 बेनामी खातों का पता लगाया है जिनके जरिए 2008 से 2018 तक 14 अरब रुपए का धनशोधन किया गया। शहबाज ने सुनवाई के दौरान कहा, मैंने 12.5 साल में सरकार से कुछ नहीं लिया और इस मामले में मुझ पर 25 लाख रुपए के धनशोधन का आरोप है। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, अल्लाह ने मुझे इस देश का प्रधानमंत्री बनाया है। मैं एक मजनू (नासमझ) हूं और मैंने अपना कानूनी अधिकार, अपना वेतन तथा लाभ नहीं लिया था। शहबाज पहली बार 1997 में पंजाब के मुख्यमंत्री बने थे। उस वक्त उनके भाई नवाज शरीफ देश के प्रधानमंत्री थे। वर्ष 1999 में जनरल परवेज मुशर्फ द्वारा नवाज शरीफ सरकार को अपदस्थ किए जाने के बाद शहबाज ने परिवार के साथ 2007 में पाकिस्तान लौटने से पहले सऊदी अरब में आठ साल निर्वासन में बिताए थे। वह 2008 में दूसरी बार पंजाब के मुख्यमंत्री बने और 2013 में तीसरी बार सत्ता में आए। शहबाज ने अदालत से कहा, मेरे परिवार को मेरे फैसले के कारण दो अरब रुपए का नुकसान हुआ।

## अर्जेंटीना में मंकी पॉक्स के दो मामले सामने आए

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में शुक्रवार को मंकी पॉक्स के दो मामले सामने आए। दोनों मामले हाल ही में स्पेन से अर्जेंटीना पहुंचे दो पुरुषों में दर्ज किए गए, जिससे लातिन अमेरिका में पहली बार इस संक्रमण की मौजूदगी की पुष्टि हुई। अर्जेंटीना के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले ब्यूनस आयर्स के एक व्यक्ति के मंकी पॉक्स से संक्रमित होने की बात कही थी। यह व्यक्ति हाल ही में स्पेन से लौटा था। मंत्रालय ने बाद में एक बयान जारी कर बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में अर्जेंटीना आए स्पेन के एक नागरिक में भी मंकी पॉक्स संक्रमण की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने संक्रमितों के बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा, दोनों की हालत स्थिर है। उन्हें पृथक-वास में रखा गया है और उनका उपचार जारी है। मंत्रालय के मुताबिक, स्पेन से लौटे दोनों मरीजों के संपर्क में आए लोगों की जांच की जा रही है और अभी तक किसी में संक्रमण के लक्षण सामने नहीं आए हैं।

# श्रीलंका में राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग को लेकर 50वें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** में राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शन शनिवार को लगातार 50वें दिन भी जारी रहा।

प्रदर्शन के आयोजकों ने कहा है कि इस दिन विशेष रूप से बड़े पैमाने पर, लोगों की व्यापक भागीदारी के साथ प्रदर्शन किए जाएंगे।

श्रीलंका इस समय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है और दिवालिया होने के कगार पर है। श्रीलंका में इस समय लोगों को भोजन, ईंधन, दवाओं और रसोई गैस से लेकर माचिस तक की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। श्रीलंका में आर्थिक संकट के कारण पिछले 49 दिनों से राष्ट्रपति राजपक्षे के इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवेश द्वार पर बड़ी संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके कारण वहां राजनीतिक अशांति पैदा हो गई है। गौरतलब है कि गोटाबाया के बड़े भाई महिंदा राजपक्षे नौ मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके हैं।

प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति राजपक्षे से भी इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया है। प्रदर्शन के आयोजकों ने कहा, राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शनों का आज 50वां दिन है। इस दिन लोगों की व्यापक भागीदारी के साथ प्रदर्शन किए जाएंगे। इस बीच, पुलिस ने कहा कि उन्होंने अदालत का एक आदेश प्राप्त किया है जिसके तहत सेंट्रल कोलंबो में किला क्षेत्र की कुछ प्रमुख सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई है।

## 1998 के भरोसेमंद न्यूनतम परमाणु प्रतिरोध व शक्ति संतुलन कायम किया: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सेना ने शनिवार को देश के परमाणु परीक्षणों की 24 वी वर्षगांठ मनाई एवं कहा कि इसने भरोसेमंद न्यूनतम परमाणु प्रतिरोध स्थापित किया एवं इस क्षेत्र मे शक्ति संतुलन कायम किया। पाकिस्तान सेना एवं विदेश मंत्रालय ने 28 मई, 1998 को किए गए परमाणु परीक्षणो की 24 वी वर्षगांठ पर अलग अलग बयान जारी किए गए। इसे यौम -ए-तक्बीर कूटनाम दिया गया था। भारत द्वारा मई, 1998 मे पोखरण मे पांच परमाणु परीक्षण किए जाने के बाद पाकिस्तान ने भी परीक्षण किया था। पाकिस्तान सेना ने एक बयान मे कहा, पाकिस्तान ने भरोसेमंद न्यूनतम परमाणु प्रतिरोध स्थापित किया एवं इस क्षेत्र मे शक्ति संतुलन कायम किया। उसने कहा, सशस्त्र बल उन लोगो को याद करता है जिन्होने अनथक काम कर प्रतिकूल परिस्थितियो मे आगे बढ़ते हुए इसे संभव बनाया। विदेश मंत्रालय ने अलग से कहा कि इन परीक्षणो ने न केवल देश की क्षेत्रीय अखंडता, स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की रक्षा करने के पाकिस्तानी राष्ट्र के दृढ़ निश्चय बल्कि दक्षिण एशिया मे सामरिक संतुलन को संरक्षित रखने की उसकी इच्छा को भी दर्शाया।

## दक्षिणी चीन मे बारिश से 15 लोगों की मौत

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन में मूसलाधार बारिश के चलते हुए कई हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य लापता बताए जा रहे हैं। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अपनी खबर में वूपिंग काउंटी के सूचना कार्यालय के हवाले से बताया कि फूजियान प्रांत में भूस्खल से दो इमारतें धराशाही हो गईं, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई।

राष्ट्रीय प्रसारक सीसीटीवी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि युन्नान प्रांत में पांच अन्य लोगों की मौत हो गई और तीन लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुआंगशी क्षेत्र में शिन्चेंग काउंटी में शुक्रवार को बाढ़ के पानी के साथ तीन बच्चे बह गए, जिनमें से दो की मौत हो गई और एक को बचा लिया गया।चक्रवात से युन्नान प्रांत की क्यूबेई काउंटी में सड़कें, पुल, दूरसंचार तथा बिजली संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गए। यह स्थान वियतनाम सीमा से 130 किलोमीटर दूर है।

## वीनस रेमिडीज की सालाना बिक्री बढ़ी

**चंडीगढ़।** फार्मा कंपनी वीनस रेमिडीज की वित्त वर्ष 2021-22 में बिक्री एक साल पहले की तुलना में 9.22 प्रतिशत बढ़कर 598.65 करोड़ रुपए हो गई। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि अधिक निर्यात ऑर्डर मिलने और वितरण नेटवर्क को दुरुस्त करने से बीते वित्त वर्ष में उसकी सालाना बिक्री 598.65 करोड़ रुपए हो गई। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 548.12 करोड़ रुपए थी। वीनस रेमिडीज ने वर्ष 2021-22 में अपने परिचालन लाभ में भी एक साल पहले की तुलना में 16.81 प्रतिशत वृद्धि होने की जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि बीते वित्त वर्ष में उसका परिचालन लाभ 62.82 करोड़ रुपए रहा जबकि वर्ष 2020-21 में यह 53.78 करोड़ रुपए था।

## चिकित्सका में तकनीकी पर जोर

**मुंबई।** फ्लो साइटोमेट्री के चिकित्सकीय प्रयोगों पर सर्वोत्तम प्रथाओं और तकनीकी प्रगति पर जानकारी साझा करने के लिए बीडी बेक्टॉन, डिकिंसन एंड कंपनी के अनुभाग बीडी लाइफ साइंसेज बायोसाइंसेज ने चिकित्सा विशेषज्ञों और चिकित्सकों के लिए बहु-शहरी टूर एडवान्सेस इन क्लिनिक्ल फ्लो साइटोमेट्री का आयोजन किया था। बेंगलूरू, मुंबई ,लखनऊ और ढाका में आयोजित एसीएफसी कार्यक्रमों में चिकित्सकीय समाज द्वारा विशेषज्ञों के माध्यम से चर्चायें करवाईं, जिसमें मानकीकरण, प्रदर्शन, प्रमाणन, स्वयंचलन और सहयोग शामिल थे। एसीएफसी की पहल पर टिप्पणी करते हुए बीडी इंडिया दक्षिण एशिया के प्रबंधकीय संचालक पवन मोचेर्ला ने कहा कि इन सालों में, फ्लो साइटोमेट्री अनेकों चिकित्सकीय प्रयोगों में मूल्यवान साबित हुई और चिकित्सकीय नैदानिकी और अनुसंधान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका ध्यान रखते हुए और स्वास्थ्य के विश्व को आगे बढ़ाने के उद्देश्य के साथ बीडी एडवान्सेस इन क्लिनिक्ल फ्लो साइटोमेट्री आयोजित करता आ रहा है और 2018 से चिकित्सा विशेषज्ञों और हैमेटोलॉजिस्ट्स के लिए जानकारी साझा करने के सत्र आयोजित करते आ रहे हैं।

# ई-कॉमर्स मंचों पर फर्जी समीक्षाओं पर रोक के लिए प्रारूप लाने की तैयारी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने शनिवार को कहा कि उपभोक्ताओं के हितों को सुरक्षित रखने के लिए वह ऑनलाइन बिक्री मंचों पर उत्पादों एवं सेवाओं की फर्जी समीक्षाएं पोस्ट करने पर रोक लगाने के लिए एक प्रारूप विकसित करेगी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) के साथ एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया था जिसमें फर्जी समीक्षाओं से संभावित ग्राहकों को गुमराह करने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। इस बैठक में ई-कॉमर्स कंपनियों एवं अन्य संबंधित पक्षों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मंत्रालय की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक में फर्जी समीक्षाओं पर रोक लगाने से जुड़े एहतियाती कदमों के स्वरूप पर भी गौर किया गया। फर्जी समीक्षाओं पर रोक से जुड़ी मौजूदा व्यवस्थाओं का अध्ययन करने के बाद मंत्रालय एक प्रारूप लेकर आएगा। इस बैठक में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, ई-कॉमर्स कंपनियों, उपभोक्ता संगठन और विधि कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। दरअसल भौतिक रूप में उत्पादों को नहीं देख पाने से संभावित ग्राहक ई-कॉमर्स मंचों पर खरीदारी करने के पहले उस उत्पाद के बारे में पोस्ट की गई समीक्षाओं के जरिए निर्णय करते हैं। इस स्थिति में फर्जी समीक्षाएं इन ग्राहकों को गलत खरीदारी के लिए प्रेरित कर देती हैं। मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, ई-कॉमर्स मंचों पर उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में अपनी समीक्षाएं पोस्ट करने वाले ग्राहकों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना और इस बारे में मंच की जवाबदेही तय करना इस मुद्दे के दो अहम पहलू हैं। इसके साथ ही ई-कॉमर्स कंपनियों को यह बताना होगा कि वे सर्वाधिक प्रासंगिक समीक्षा का चयन किस तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करते हैं। बैठक में शामिल हुए सभी पक्षों से इस बारे में सलाह देने को कहा गया है। उसके आधार पर मंत्रालय उपभोक्ता हितों को सुरक्षित रखने के लिए एक कानूनी प्रारूप तैयार करेगा। देश में विज्ञापनों पर नजर रखने वाली संस्था एएससीआई की मुख्य कार्यकारी मनीषा कपूर ने ई-कॉमर्स मंचों पर फर्जी एवं भ्रामक समीक्षाओं से उपभोक्ता हितों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों का जिक्र किया। मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, ई-कॉमर्स मंचों पर उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में अपनी समीक्षाएं पोस्ट करने वाले ग्राहकों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना और इस बारे में मंच की जवाबदेही तय करना इस मुद्दे के दो अहम पहलू हैं।

# इंजीनियर्स इंडिया ने वैश्विक अगुआ बनने का नया दृष्टिपत्र अपनाया

## ● ऊर्जा से संबंधित सभी तरह की समस्याओं का मिलेगा हल

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की परामर्शदाता कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) ने शनिवार को कहा कि उसने एक नया दृष्टिपत्र अपनाया है जिसका उद्देश्य कंपनी को ऊर्जा से संबंधित सभी तरह के समाधान देने वाली वैश्विक अगुआ बनाना है। कंपनी ने एक बयान में कहा, भारत और पूरे विश्व में ऊर्जा परिदृश्य बहुत तेजी से बदल रहा है और दुनियाभर के संगठन अपने व्यावसायिक परिचालनों के लिए नई रणनीति बना रहे हैं जो टिकाऊपन, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा स्वरूपों में परिवर्तन पर आधारित हों। इसमें कहा गया, अपने भावी लक्ष्यों की दिशा में बढ़ने, अपने संकल्प को मजबूती देने के लिए ईआईएल ने नया दृष्टिपत्र अपनाया है जो है ऐसा वैश्विक अगुआ बनना जो टिकाऊ भविष्य के लिए सभी प्रकार के ऊर्जा समाधान दे सके। वर्ष 1965 में स्थापित ईआईएल इंजीनियरिंग सलाह एवं ईपीसी सेवाएं देती है और इसका जोर मुख्य रूप से तेल एवं गैस और पेट्रोलियम उद्योग पर रहता है। बयान में कहा गया, तेजी से बदलते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में कार्बन ऊर्जा का कितना उपयोग किया जाता है यह किसी भी संगठन की सफलता का संकेतक होता है। नई परियोजनाओं को भी कार्बन आधारित समाधानों के बजाए स्वच्छ और हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की ओर दिशा दी जा रही है। इसलिए यह अपरिहार्य है कि कंपनी की ब्रांड इमेज अच्छी बनाने के लिए शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाला सेवा प्रदाता बना जाए।

## जैसलमेर में अडाणी ग्रीन के हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र का परिचालन शुरू

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की इकाई अडाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन लिमिटेड ने राजस्थान के जैसलमेर में 390 मेगावॉट के पवन एवं सौर हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र का परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि यह भारत का पहला पवन-सौर हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन संयंत्र है। हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र में सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन का मेल होता है जो इसे नवीकरणीय ऊर्जा का पूरा लाभ उठाने के लायक बनाता है। कंपनी के मुताबिक ऊर्जा की बढ़ती मांग के लिए यह अधिक भरोसेमंद समाधान देगा। एजीईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनीत एस जैन ने कहा, पवन और सौर ऊर्जा का मिश्रण हमारी कारोबारी रणनीति का अहम पहलू है जिसका उद्देश्य हरित ऊर्जा के लिए भारत की बढ़ती जरूरत पूरी करना है। उन्होंने कहा कि इस हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र का परिचालन शुरू होना भारत के टिकाऊ ऊर्जा लक्ष्यों को पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान के मुताबिक, नए ऊर्जा संयंत्र के लिए भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) के साथ 2.69 प्रति किलोवॉट की शुल्क दर से ऊर्जा खरीद समझौता किया गया है जो राष्ट्रीय स्तर पर औसत ऊर्जा खरीद शुल्क (एपीपीसी) से काफी कम है। इस संयंत्र से परिचालन शुरू होने के साथ ही एजीईएल की परिचालन क्षमता बढ़कर 5.8 गीगावॉट हो गई है।

## बोम्मई ने जीतो को ई-कॉमर्स मंच शुरू करने का दिया सुझाव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेआईटीओ या जीतो) से फ्लिपकार्ट और अमेजन की तर्ज पर ई-कॉमर्स मंच शुरू करने के बारे में विचार करने को कहा। दो-दिवसीय ग्रांड जीतो सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा, आपके पास ताकत और विपणन का कौशल है, क्षमता है। आप अमेजन और फ्लिपकार्ट की तर्ज पर ई-वाणिज्य मंच क्यों नहीं शुरू करते। मुझे भरोसा है कि आप अन्य कंपनियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा देंगे। उन्होंने जैन समुदाय को आश्वासन दिया कि कर्नाटक में नए व्यवसाय शुरू करने में राज्य सरकार की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा। जीतो के मीडिया समन्वयक सज्जनराज मेहता ने बताया कि जैन समुदाय से जुड़े लोगों की 300 से अधिक कंपनियां और 10 से अधिक सफल स्टार्टअप इस दो दिवसीय सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं।

## जॉनसन एंड जॉनसन विजन की नई कैंपेन

**मुंबई।** जॉनसन एंड जॉनसन प्राइवेट लिमिटेड की कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन विजन इंडिया ने हाल ही में अपना नया कैंपेन देखते रह जाओगे शुरू किया। कैंपेन एकदम अलग है क्योंकि इसमें वास्तव में एक्यूव्यू लेंस इस्तेमाल करने वालों को लिया गया है। वे बताते हैं कि इन लेंस का इस्तेमाल कर कैसे वे बेधड़क होकर नई चुनौतियों से भिड़ जाते हैं और अपनी नजर को ही अपनी पहचान बना रहे हैं। जॉनसन एंड जॉनसन विजन में विजन केयर इंडिया के बिजनेस यूनिट डायरेक्टर टाइनी सेनगुप्ता इस पेशकश के बारे में कहते हैं कि हमारा उद्देश्य भारत के युवाओं को कॉन्टैक्ट लेंस के जरिये दुनिया को देखने का हिम्मतभरा नया नजरिया देना है, जो उनकी शख्सियत के हरेक पहलू को पूरा बनाता है। यह देखकरहमें खुशी होती है कि ये लेंस हमारे उपभोक्ताओं की जिंदगी के हिस्से बन गए हैं औरकॉन्टैक्ट लेंस के इस्तेमाल से जुड़े भ्रम तथा हिचक दूर कर रहे हैं।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा का लाभ पांच गुना बढ़ा

**मुंबई।** घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) का वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में एकल आधार पर लाभ करीब पांच गुना होकर 1,192 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसका एकल लाभ 245 करोड़ रुपए था। इस तरह जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में उसका एकल लाभ करीब पांच गुना हो गया है। इस तिमाही में कंपनी का राजस्व भी 28 प्रतिशत बढ़कर 17,124 करोड़ रुपए हो गया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 13,356 करोड़ रुपए रहा था। वित्त वर्ष 2021-22 के समूचे साल में कंपनी का एकल आधार पर लाभ करीब पांच गुना होकर 4,935 करोड़ रुपए हो गया।

# सरकार ने नागरिकों के गैर-वैयक्तिक डेटा के उपयोग की मसौदा रूपरेखा जारी की

भाषा। नई दिल्ली

**इलेक्ट्रॉनिक्स** एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मसौदा नेशनल डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क जारी किया है जिसका उद्देश्य सेवाओं में सुधार के लिए सार्वजनिक और निजी निकायों द्वारा नागरिकों का गैर-वैयक्तिक डेटा उपलब्ध कराना है। मसौदा रूपरेखा में गैर-वैयक्तिक डेटा पर आधारित भारतीय डाटासेट कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है। इसमें अनुसंधान तथा नवोन्मेष तंत्र को सरकारी और निजी निकायों की ओर से गैर-वैयक्तिक आंकड़ों को सुरक्षित तरीके से उपलब्ध कराने का प्रावधान प्रस्तावित है। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि नेशनल डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) स्टार्टअप, एआई अनुसंधान इकाइयों तथा सरकारी विभागों के लिए लाभदायक है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, यह नीतिगत रूपरेखा का महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे भारत की एक हजार अरब डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया जा रहा है। हितधारकों से उक्त रूपरेखा पर टिप्पणी करने की अपील करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि नेशनल डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क डिजिटल शासन और सरकार के डिजिटलीकरण को गति प्रदान करेगा जिसमें सभी विभागों के डेटा संग्रहित करने और उसका प्रबंधन करने के लिए समान मानक, नियम तथा दिशानिर्देश होंगे। मसौदा रूपरेखा में कहा गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल शासन व्यवस्था ने इस संकट से भारत के जुझारू तरीके से निपटने में और जीवन, आजीविका तथा अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभावों में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, यह नीतिगत रूपरेखा का महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे भारत की एक हजार अरब डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया जा रहा है।

# पहले भारत में बिक्री की मंजूरी मिले, फिर टेस्ला का संयंत्र लगाने पर फैसला: मस्क

भाषा। नई दिल्ली

**इलेक्ट्रिक** कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऐलन मस्क ने कहा है कि टेस्ला को भारत में अपनी कारों की बिक्री की अनुमति मिलने के बाद ही स्थानीय स्तर पर इसके विनिर्माण के बारे में कोई फैसला किया जाएगा। मस्क ने भारत में टेस्ला का विनिर्माण संयंत्र लगाने की संभावना के बारे में ट्विटर पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, टेस्ला किसी भी ऐसी जगह पर अपना विनिर्माण संयंत्र नहीं लगाएगी जहां उसे पहले अपनी कारों की बिक्री एवं सर्विस की अनुमति नहीं दी गई हो। मस्क का यह बयान इस लिहाज से अहम है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने टेस्ला को भारत में ही बनी कारों की बिक्री की मंजूरी देने की बात कही थी। गडकरी ने अप्रैल में कहा था कि अगर टेस्ला भारत में अपनी इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन के लिए तैयार है तो वह यहां पर बिक्री कर सकती है। दरअसल भारत विदेश में बनी कारों के आयात पर भारी शुल्क लगाता है जिसकी वजह से उनकी कीमत काफी बढ़ जाती है। टेस्ला ने इस आयात शुल्क में कटौती की मांग रखी थी। मस्क ने पिछले साल अगस्त में कहा था कि टेस्ला भारत में अपने वाहनों को बेचना चाहती है लेकिन यहां पर बहुत ज्यादा आयात शुल्क लगता है। मस्क ने कहा था कि अगर टेस्ला को भारतीय बाजार में कामयाबी मिलती है तो वह भारत में इसका विनिर्माण संयंत्र लगाने के बारे में सोच सकते हैं। फिलहाल भारत विदेश में बनी 40,000 डॉलर से अधिक मूल्य वाली कारों के आयात पर 100 फीसदी शुल्क लगाता है।

## ग्लेनमार्क का चौथी तिमाही में लाभ गिरा

**नई दिल्ली।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने शनिवार को कहा कि 31 मार्च 2022 को खत्म चौथी तिमाही में उसका समेकित कर-पश्चात लाभ (पीएटी) 26 फीसदी घटकर 173 करोड़ रुपए हो गया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही मे यह 234 करोड़ रुपए था। कंपनी ने एक बयान मे कहा कि समीक्षाधीन तिमाही मे उसका समेकित राजस्व बढ़कर 3,019 करोड़ रुपए हो गया जो एक साल पहले समान अवधि मे 2,860 करोड़ रुपए था। इस तरह सालाना आधार पर छह फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2021-22 के समूचे साल मे कंपनी का पीएटी 994 करोड़ रुपए रहा जो 2020-21 मे 970 करोड़ रुपए था। वही बीते वित्त वर्ष मे उसका समेकित राजस्व 12,305 करोड़ रुपए रहा जो 2020-21 मे 10,944 करोड़ रुपए था। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ग्लेन सलदान्हा ने कहा, चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने मे सफल रहे और हमने अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त किया।

# गौवंशों के भरण पोषण को चलाया जा रहा भूसा दान महादान अभियान

संवाददाता। बांदा



**जनपद** बांदा के गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों को भरण पोषण हेतु 'भूसा दान महादान अभियान' चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक 28 मईए 2022 को जिलाधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेल की अध्यक्षता में चन्द्रशेखर पाण्डेय महाविद्यालय, ग्राम खम्हौरा, तहसील अतर्रा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूसा दान महादान अभियान के अन्तर्गत चन्द्रशेखर पाण्डेय महाविद्यालयए ग्राम खम्हौरा में राम वियोग पाण्डेय, बलदेव प्रसाद गर्ग, भुवनेश पाण्डेय, नवल किशोर, अमरदीप गुप्ता, राममिलन गुप्ता, अनिल सोनी (पौंडरा), दीपक त्रिपाठी (पचोखर), रज्जन गुप्ता (नगनेधी), नन्दू गुप्ता (बंडे) एवं दिनेश द्विवेदी (छिबांव) द्वारा भूसा दान महादान अभियान के अन्तर्गत आज 101 कुन्तल भूसा दान के माध्यम से प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी द्वारा उपर्युक्त भूसादान दाताओं को माला पहनते हुये मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया है तथा सभी किसान भाईयों से अपील किया कि गौशालाओं में संरक्षित बेजुबान गौवंशों के लिये भूसा दान दाताओं से प्रेरणा लेकर स्वयं कुछ प्रतिशत भूसा दान करे और दूसरों को भी दान करने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि किसान भाई अपने-अपने जानवरों को खूटे से बांधकर रखे ताकि किसी अन्य किसान भाई की फसल को नुकसान न करें और बेजुबान जानवरों के लिये दान अवश्य करें। दानग्रही में आपका नाम जरूर आयेगा। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक जनपद बांदा के सम्मानित किसानों द्वारा 7222 कुन्टल भूसा दान किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी किसानों का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी अतर्रा लाल सिंह यादव, तहसीलदार अतर्रा, विजय प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार अतर्रा, प्रभारी निरीक्षक, थाना अतर्रा सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहें।।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आठ नमूने भरकर जांच के लिये भेजे

**जालौन (उरई)।** खाद्य सुरक्षा विभाग कार्यालय चेकिंग अभियान शनिवार को भी जारी रहा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 8 नमूने भरे तथा जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल शर्मा ने शनिवार को भी अपना चेकिंग अभियान जारी रखा। उरई जालौन मार्ग पर स्थित बलनी दुग्ध केंद्र से दूध का नमूना भरा। चुर्खी रोड पर स्थित सीताराम साहू की किराना दुकान से अरहर की दाल, विनोद कुमार गुप्ता की दुकान से जीरा का नमूना भरा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के 3 नमूने भरते ही बाजार में हलचल मच गयी। शटर बंद होने लगी। जिसके चलते खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने इसके बाद मदारीपुर में अभियान चलाया। पवन गुप्ता की दुकान से धनिया, बृजेश सोनी की दुकान से बूंदी तथा आशीष अग्निहोत्री की दुकान से नमकीन का नमूना भरा। इसके बाद जांच अधिकारी मदनपुर पहुंचे तथा यहां से राधे दूध डेयरी से दूध का नमूना भरा।

# पीड़ितों को न्याय दिलाना, शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन व पुलिस का दायित्वः कमिश्नर

● सदर कोतवाली में जनसमस्याएं सुनीं

संवाददाता। उरई (जालौन)



**मंडलायुक्त** अजय शंकर पांडेय ने संपूर्ण थाना समाधान दिवस कोतवाली उरई में जनसमस्याओं को सुना साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सरकारी भूमि, चकरोड, तालाब आदि से अवैध कब्जे को हटवाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लेखपालों के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण नहीं है इस संबंध में प्रमाण पत्र लिया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना एवं शांति बनाए रखना प्रशासन एवं पुलिस का दायित्व है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि भू माफियाओं, असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों पर शिकंजा कसते रहें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में पीड़ितों को न्याय दिलाना तथा शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन व पुलिस का दायित्व है। इसलिए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाएं और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा आम जनमानस को उत्तर प्रदेश की लाभकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भूमि पर अवैध कब्जा अपराधों को रोकने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी क्षेत्र के भू माफियाओं असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों पर शिकंजा कसे और संयुक्त रूप से टीम बनाकर नियमित अपने क्षेत्र का भ्रमण करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, एसएचओ शिवकुमार राठौर आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# थाना दिवस में सुनी गईं जनता की समस्यायें, निस्तारण के निर्देश



**कोटरा( जालौन )।** शनिवार को कस्बा कोटरा में थाना दिवस के अवसर पर थाना कोटरा में नायब तहसीलदार गौरव कुमार, लेखपाल देवेंद्र गौतम, अधिशासी अधिकारी प्रद्युम्न कुमार और थानाध्यक्ष कृष्णपाल सरोज की उपस्थिति में जनता की समस्यायें सुनी गयी। इसके बाद मीटिंग में बताया गया कि मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार कस्बे में अवैध पार्किंग और अतिक्रमण एवं डग्गा वाहन जो बिना रजिस्ट्रेशन पर होंगे उन पर सख्त कार्यवाही होगी इसलिए किसी भी प्रकार से नियमों का उल्लंघन न किया जाए। यदि कोई वाहन चलता है तो उसका रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी व्यापारियों को अपनी दुकानों पर साफ सफाई का ध्यान देना होगा। सभी व्यापारियों को कचरे का डिब्बा अपनी दुकानों पर रखना अनिवार्य होगा। थानाध्यक्ष ने सोमवार बंदी पर कहा कि सभी व्यापारियों को सोमवार के दिन अपनी दुकान बंद रखनी होगी अन्यथा की स्थिति में चालान किया जाएगा।

# जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में छाए रहे कई मुद्दे

● बांदा/चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की रहीं बैठक में मौजूदगी

● जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने की बैठक की अध्यक्षता



**चित्रकूट।** जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की अध्यक्षता में सांसद आरके सिंह पटेल की मौजूदगी में जिला पंचायत की बैठक में मनरेगा से 15वें वित्त, पंचम राज्यवित्त एवं अन्य शासकीय अनुदानों के तहत 2022-23 की कार्य योजना पर विचार किया। शनिवार को जिला पंचायत सभागार में हुई बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास निर्माण की मंजूरी, राजस्व अनुभाग की वसूली से संबंधित विभिन्न मामलों के निस्तारण को समिति गठित की गई। 73वें संशोधन के तहत पंचायती राज व्यवस्था के अधीन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पेयजल, विकास, बेसिक शिक्षा, कृषि सहकारिता, पशुधन, समाज कल्याण, ग्रामीण अभियंतरण, युवा कल्याण, भूमि संरक्षण, उद्यान, पंचायती राज, लघु सिंचाई, बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, नलकूप, दुग्ध विकास, जल निगम, सार्वजनिक निर्माण, जिलापूर्ति, नेडा आदि कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जिस बिन्दु पर विचार करना है, लिखकर लायें और प्रश्न पूंछे।

सांसद आरके सिंह पटेल ने अधिकारियों से कहा कि जो भी कार्य हों, वह धरातल पर हों। सरकार की मंशा है कि अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। जनप्रतिनिधियों से कहा कि जो भी सुझाव व कार्य कराने हैं, उन्हें बतायें, ताकि बोर्ड की बैठक में पास करके विकास कार्य कराये जा सकें। संचालन अपर मुख्य अधिकारी भगत सिंह ने किया। बैठक में ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविन्द रलिहा, डीडीओ आर के त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सीएम की मंशा को साकार कर रहे पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता

● विस्तारित क्षेत्र का नगर पालिका करेगी चहुंमुखी विकास:चेयरमैन

● सफाई व्यवस्था का ईओ के साथ चेयरमैन ने खुद संभाला मोर्चा

संवाददाता। चित्रकूट



विस्तारित क्षेत्र गोल तालाब में मौजूद चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता पायनियर

**सूबे** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा को साकार करने को नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विस्तारित क्षेत्र बलदाऊगंज के गोल तालाब पहुंचकर साफ-सफाई अभियान की शुरुवात की। शनिवार को नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने गोल तालाब क्षेत्र पहुंचकर नियमित साफ-सफाई को सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला व विद्युत पोल में रोड लाइट लगाने को प्रकाश निरीक्षक अशरफ को निर्देश दिये। चेयरमैन ने हर गली के दरवाजे पहुंचकर लोगों से संवाद कर समस्यायें जानी। कहा कि अब यहां के लोगों को भी शहर जैसी सुविधायें नगर पालिका की ओर से मिलेंगी। फिलहाल कुछ देर लग सकती है, क्योंकि विस्तारित क्षेत्र बहुत बडा है। संसाधनों की कमी है, सीमित संसाधनों से जन समस्याओं का निदान किया जायेगा। उन्होने लोगों से कहा कि साफ-सफाई में नगर पालिका का सहयोग करें। घर का कूडा-करकट सड़क पर या नालियों में न फेंके। बारिश के पहले हर नाला-नाली की सफाई कराई जायेगी। गोल तालाब दलित बस्ती की महिलाओं ने चेयरमैन को खपरैल के घर दिखाकर पक्का मकान बनवाने की मांग रखी। चेयरमैन ने भरोसा दिया कि डूडा से पक्का मकान दिलाया जायेगा। अभियान दौरान ईओ रामअचल कुरील, स्वच्छता प्रभारी शिवा कुमार, सफाई नायक जावेद सिद्दीकी, महफूज, सुनील कुमार, शारदा तिवारी, विजय कुमार, आमिर खान समेत 80 सफाई कर्मियों के साथ गोल तालाब पं दीनदयाल नगर की नालियों का कचरा बाहर निकालकर जल निकासी की व्यवस्था कराई।

# कुठौंदा बुजुर्ग में तीन माह पहले लगायी गयी सोलर लाइट खराब

● मुख्यमंत्री पोर्टल पर ग्रामीण की शिकायत का कर दिया फर्जी निस्तारण

संवाददाता। जालौन (उरई)

**तीन महीने** पहले ही गांव में लगाई गई सोलर लाइट खराब हो गई। ग्रामीण ने जब मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की तो शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया गया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में ग्राम पंचायत की ओर से लगभग तीन माह पूर्व शीतला माता मंदिर के पास सोलर लाइट लगाई गई थी। लेकिन सोलर लाइट लगने के कुछ दिन बाद ही खराब हो गई। सोलर लाइट लगने के बाद भी ग्रामीणों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। परेशान ग्रामीण गजेंद्र सिंह खराब सोलर लाइट को सही कराने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। जिसका निस्तारण जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा निस्तारण कर बताया गया कि जिस स्थान पर सोलर लाइट लगी थी। वहां पर्याप्त रोशनी न आने के चलते बैटरी चार्ज नहीं हो रही थी। वर्तमान में सोलर लाइट को दूसरी साइड में लगा दिया गया है। जहां बैटरी चार्ज हो रही है और सोलर लाइट जल रही है। जबकि मौके पर सिर्फ खंभा लगा है। न तो बैटरी लगाई गई है और न ही लाइट लगाई गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा शिकायत का पूर्णत: फर्जी निस्तारण किया गया। शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने से मुख्यमंत्री पोर्टल की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। उन्होंने शिकायत का फर्जी निस्तारण करने के मामले में डीएम से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# थाना दिवस में शिकायतों के समाधान की शिकायतकर्ता को दें जानकारी: एसडीएम



**जालौन (उरई)।** थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण कर शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं। जिससे उसे बार बार परेशान न होना पड़े। यह निर्देश एसडीएम ने थाने में आयोजित समाधान दिवस पर उपस्थित लेखपाल एवं कानूनगो को दिए। कोतवाली परिसर में एसडीएम राजेश सिंह व सीओ संतोष कुमार की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मात्र तीन फरियादियों ने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों को दर्ज कराया। लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। जिससे फरियादियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। शिकायतों को संबंधित लेखपालों एवं कानूनगो को सौंप दिया गया। एसडीएम ने उपस्थित लेखपालों और कानूनगो को निर्देश देकर कहा कि शिकायतों का तीन दिन के अंदर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं ताकि उसे परेशान न होना पड़े। इस मौके पर कोतवाल शैलेंद्र सिंह, सदर लेखपाल शिवराज निरंजन, लवी गुप्ता, हरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# डीएम के गोद लिये गांव महिया खास में सफाई व्यवस्था ध्वस्त

● मोदी के स्वच्छता मिशन को पलीता लगा रहे जिम्मेदार

● शिकायतों के बाद अधिकारी मामले से झाड़ रहे पल्ला

संवाददाता। जालौन (उरई)

**डीएम** के गोद लिए गांव में सफाई व्यवस्था ध्वस्त है। नाले और नालियां चोक होने के चलते गांव में जलभराव की स्थिति बन रही है। शिकायतों के बाद भी अधिकारी मामले का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों ने डीएम से मामले का संज्ञान लेकर नालियों की सफाई कराने की मांग की है। ताज्जुब की बात तो यह है कि जब जिले के आला अधिकारी के गोद लिये गांव में सफाई व्यवस्था का यह आलम है तो फिर अन्य गांवों की स्थिति कैसी होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। सरकार करोड़ों रुपये स्वच्छ भारत अभियान के प्रचार प्रसार में बहा रही है। इसके बाद भी अधिकारियों की लापरवाही से ब्लॉक क्षेत्र में हालांकि ब्लॉक क्षेत्र के अधिकांश गांवों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त बनी हुई है। ब्लॉक में तैनात सफाई कर्मियों पर भी लाखों रुपये वेतन के रूप में खर्च किए जा रहे है। फिर भी अधिकारियों की मेहरबानी से वह अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा रहे हैं। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम महिया खास को डीएम द्वारा गोद लिया गया है। गांव के लोगों को उम्मीद थी कि डीएम द्वारा गोद लिए जाने के कारण गांव में कम से कम सफाई व्यवस्था तो दुरूस्त रहेगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। गांव में नालियों में गंदगी जमा है। जिससे जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है। गांव की नालियों का पानी गांव से बाहर निकालने के लिए जो नाला बना हुआ है वह भी चोक पड़ा है। नाले में गंदगी और घास जमा है। जिससे पानी नहीं निकल रहा है और गांव में जल भराव हो रहा है। ग्रामीण जितेंद्र सिंह, दीनानाथ सिंह, प्रशांत सिंह, सुशांत सिंह, नरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, हरेंद्र सिंह, विसंभर दयाल, सुधीर कुमार, प्रमोद .हरीबाबू, उदल आदि ने बताया कि लगभग एक साल से नाले और नालियों की सफाई नहीं की गई है। नाले और नालियों की सफाई को लेकर दर्जनों बार एडीओ पंचायत, बीडीओ और सीडीओ तक से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन किसी भी अधिकारी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। जिसके चलते समस्या जस की तस बनी हुई है। बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। बारिश में गांव में जलभराव हो जाता है। जलभराव होने से मच्छर एवं संक्रामण रोगों के पनपने की आशंका बनी रहती है। 10 दिन पूर्व बीडीओ संतराम से मिलकर गांव की समस्या के बारे में अवगत कराया था। लेकिन उसका भी कोई नतीजा नहीं निकला। दो दिन पूर्व सीडीओ को भी शिकायत की गई है। लेकिन कोई भी अधिकारी समस्या के निस्ताराण में दिलचस्पी नहीं दिखा रहो हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो उन्हें गांव की सफाई के लिए आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने डीएम से मांग की है कि जनहित को देखते हुए उक्त समस्या का तत्काल निस्तारण कराकर नाले और नालियों की सफाई कराई जाए ताकि ग्रामीणों को परेशान न होना पड़े।



महिया खास में गंदगी से उफनाती नालियां

## क्विक न्यूज

### तीन दिनों में हत्यारोपी गिरफ्तार न हुये तो भूख हड़ताल करेंगे

**जालौन (उरई)।** गहोई वैश्य पंचायत समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपी। पदाधिकारियों ने रवि के हत्यारों की 3 दिन में गिरफ्तारी की मांग की है न होने पर भूख हड़ताल की घोषणा की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी रवि कुमार पुत्र सुशील कुमार की षडयंत्र के साथ 8मई को हुई थी। हत्या के मामले 3 सप्ताह के बाद भी पुलिस जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। हत्या के मामले में पुलिस की निष्क्रियता दिखा रही है। हत्या के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हत्या जैसे संगीन मामलों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर वैश्य समाज के लोगों में आक्रोश है। गहोई वैश्य पंचायत समिति के तत्वाधान में समाज के लोगों ने समिति अध्यक्ष राजेश सुहाने के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश सिंह को सौंपा तथा रवि कुमार के हत्यारों को 3 दिन में गिरफ्तार करने की मांग की है। समाज के लोगों ने घोषणा की कि अगर 3 दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू नहीं हुई तो परिवार के लोग समाज के लोगों के साथ समिति के कार्यालय पर भूख हड़ताल करेगें। इस मौके पर दिनेश लोहिया, विनोद कारेखिमऊ, महेश चौधरी, ओमप्रकाश सेठ, पवन अग्रवाल, श्यामजी गुप्ता, अंकित, अशोक कुमार, मनोज गुप्ता दीपचन्द्र, विष्णु गुप्ता हरिओम आदर्श कुमार चुपरा, हरिश्चन्द्र, संतोष, अनुराग समेत बड़ी संख्या में सजातीय बन्धु उपस्थित थे।

### कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को पूछताछ के नाम पर चार दिनों से बनाया बंधक

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस द्वारा पूंछतांछ के नाम पर ग्रामीण को उठा लिया तथा 4 दिन से कोतवाली में बैठाये है। पुलिस द्वारा पिता को कोतवाली बैठाने से परेशान पुत्र ने पड़ोसियों के साथ एसडीएम के पास जाकर पीड़ा बताई तथा पिता को छुड़ाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी अक्षय कुमार पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार का भरण-पोषण ट्रैक्टर चलाकर करता है। 24 मई की सांय 6 बजे उनके पिता संतोष कुमार गांव के राकेश तिवारी के खेत में प्लाऊ चला कर लौटे थे। खेत से आकर खाना खा कर वह सो गये थे। जब वह घर पर सो रहे थे कोतवाली पुलिस रात करीब 10 बजे उन्हें पूछताछ के बहाने उठा लायी थी। 4 दिन से पूछताछ के नाम पर कोतवाली में बैठाये है तथा उन्हें डर है कि पुलिस उनके पिता को किसी झूठी घटना में न फंसा दे। पीड़ित पुत्र के साथ पड़ोसियों ने आकर संतोष कुमार के बारे में जानकारी देकर उन्हें छोड़ने की मांग की है। इस मौके पर उदय प्रकाश, भगवानदास, शंकर, राजकिशोर, वीर सिंह रामसिंह, हल्के, जीतू, अमर सिंह, हनुमंत, आशीष, बाबूराम, कालीचरण आदि लोग मौजूद रहे।

### दो चेकिंग टीमों ने दर्जन भर बिजली चोर पकड़े

**जालौन (उरई)।** बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली लगातार चेकिंग अभियान चला रहा है। शनिवार को बिजली विभाग की 2 टीमों ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया तथा 12 लोगों को चोरी से बिजली जलाते हुए पकड़ लिया। शनिवार को एसडीओ कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में बिजली विभाग की 2 टीमों ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। 1 टीम ने नगर के मोहल्ला चुर्खीबाल में तो दूसरी टीम ने ग्राम खर्रा व हरकौती में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान टीम ने नगर के मोहल्ला चुर्खीबाल में मूंगालाल, राम गोविन्द, बलराम, मधु व अन्जय को चोरी से बिजली जलाते हुए पकड़ लिया। दूसरी टीम ने ग्राम खर्रा में गौरव व राजेन्द्र कुमार तथा हरकौती में सतीचरण, लाल सिंह, लालजीत, इन्द्रजीत व मुन्ना को पकड़ लिया। इस मौके जे ई पैश्वनीराम, टी जी 2 नरेंद्र सोलंकी, जितेन्द्र कुमार, उपेन्द्र कुमार, बबलू याज्ञिक, कमलेश, लीलाधर आदि कर्मचारी सम्मलित थे। एस डी ओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया 12 लोग अवैध रूप से बिजली जला रहे थे। इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी जा रही है।

### आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन 30 को

**उरई (जालौन)।** नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई नूपुर कश्यप ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जालौन रोड, उरई में 30 मई सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेले में ऐजाकी इण्डिया, भिवाड़ी (राजस्थान), मदरसन इण्डिया, नोएडा, अंकित कोल्ड स्टोरेज, उरई सहित जनपद की विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग कर अप्रेन्टिस हेतु प्रशिक्षार्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद के बेरोजगार विभिन्न व्यवसायों से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी अप्रेन्टिसशिप मेला में प्रतिभाग कर लाभ उठा सकते हैं।

### दुष्कर्म पीड़िता की तहरीर को फेंक शांतिभंग में किया चालान

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे में 24-25 मई की रात को झोपड़ी में छोटे छोटे बच्चों के साथ सो रही (40) वर्षीय महिला के साथ एक युवक ने मुह दबाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था और आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी किया था। किसी को बताने पर बच्चों समेत उसे जान से मारने की धमकी देकर चला गया था। पीड़िता ने लादिगंवा गांव निवासी युवक रवि रैदास (35) वर्ष पुत्र रहिमाल के ऊपर दुष्कर्म, मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए ललौली थाने में 25 मई को तहरीर दिया था। पीड़िता लादिगंवा स्थित ईंट भट्ठे में पति के साथ ईंट पथाई का काम करती थी। घटना की रात पति एक शादी में गया था। पीड़िता की तहरीर मिलने के बाद बहुआ चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा ने आरोपी को पकड़कर थाने भेज दिया था लेकिन ललौली पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता की तहरीर लेकर मुकदमा लिखने व मेडिकल करवाने का झांसा देकर उसे कई दिनों तक थाने के चक्कर लगवाती रही। कई दिनों तक चक्कर लगवाने के बाद पीड़िता की तहरीर को सेटिंग गेटिंग के चलते रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है। वही पकड़े गए आरोपी को मामूली धारा शांति भंग के आरोप में चालान किया है।

# आज पता चलेगा कौन होगा आईपीएल का सिकंदर

● फाइनल जंग में गुजरात के टाइटंस के सामने राजस्थान की रॉयल चुनौती

भाषा। अहमदाबाद




**आईपीएल खिताब** के लिए आखिरी तिलिस्म तोड़ने की दहलीज पर खड़ी गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर लगा है। पंद्रह वर्ष पहले आईपीएल के पहले सफर में सुनहरी शुरूआत करने वाले राजस्थान रॉयल्स एक बार फिर इतिहास को दोहराना चाहेंगे तो दिग्गजों को जमींदोज करके अपने पहले ही सफर में सिरमौर बनी गुजरात टाइटंस कामयाबी नया इतिहास रचने की फिराक में होगी। दो महीने पहले जब आईपीएल का मौजूदा सत्र शुरू हुआ था तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि फाइनल के टॉस के लिए संजू सैमसन और हार्दिक पंड्या मैदान पर उतरेंगे। अपने कैरियर में कई उतार चढ़ाव देख चुके हार्दिक और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिए दो महीने का यह सफर सपने सरीखा रहा। नीलामी के बाद इस टीम को परखे बिना ही दौड़ से बाहर मान लेने वाले क्रिकेट पंडितों से लेकर आलोचकों तक सभी को अपने प्रदर्शन से इन्होंने जवाब दिया है। वन मैच वंडर कहे जा रहे राहुल तेवतिया और लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों की यह टीम कागजों पर उतनी मजबूत नहीं लग रही थी। लेकिन फिर क्रिकेट तो अनिश्चितताओं का ही खेल है जिसमें मैदान पर ही तकदीर बनती और बिगड़ती है। फिट होकर फॉर्म में लौटे हार्दिक ने बतौर कप्तान अपना लोहा मनवाया है। कप्तानी का दबाव लिए बिना बल्लेबाजी में भी वह चमके हैं। दूसरी ओर पांच बरस से अपनी लय हासिल करने को तरस रहे मिलर ने सभी को चौंका दिया है। तेवतिया ने साबित कर दिया कि शारजाह में जड़े पांच छक्के महज तुक्का नहीं थे। राशिद खान ने अपनी तरकश में कई नए तीर रखे हैं तो रिधिमान साहा ने अपने प्रदर्शन से कम से कम एक सत्र और खेलना पक्का कर लिया। गुजरात कभी भी क्रिकेट के जुनून के लिए मशहूर नहीं रहा है। इस राज्य से पार्थिव पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी निकले हैं लेकिन जिस तरह चेन्नई सुपर किंग्स की कामयाबी के बाद तमिलनाडु पर क्रिकेट की दीवानगी सिर चढ़कर बोलने लगी, वह हाल अब गुजरात का है। खचाखच भरे मोटेरा स्टेडियम पर अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का फायदा भी गुजरात को मिला। दूसरी ओर राजस्थान ऐसे सितारे के लिए खिताब जीतना चाहेगी तो आसमान से कहीं अपनी इस टीम को निहार रहा होगा। आईपीएल का पहला खिताब सितारों के बिना एक युवा टीम को दिलाने वाले शेन वॉर्न राजस्थान रॉयल्स के प्रदर्शन पर जरूर गौरवान्वित होते। प्रतिभा की बात करें तो संजू और हार्दिक के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। संजू उन बिरले खिलाड़ियों में से है जो भारत के लिए 20 मैच भी नहीं खेले हैं लेकिन उनकी लोकप्रियता कमाल की है। कप्तानी में कामयाबी के साथ उनकी प्रतिभा और परवान चढ़ी है। उनके पास रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, जोस बटलर, ट्रेंट बोल्ट जैसे दिग्गज तो यशस्वी जायसवाल और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे युवा खिलाड़ी हैं लेकिन संजू ने सभी के साथ अच्छा तालमेल बिठाकर टीम को यहां तक पहुंचाया है। इस मैच से नायक भी निकलेंगे, दिल भी टूटेंगे और कीर्तिमान भी बनेंगे लेकिन यह मुकाबला ऐसा होगा जिसे क्रिकेटप्रेमी बरसों तक याद रखेंगे।

## एक छोर संभालने की कोशिश कर रहा हूं ताकि दूसरे छोर से गेंदबाज आक्रमक रहें: राशिद खान

**अहमदाबाद।** विपक्षी टीम के बल्लेबाजों के जोखिम मुक्त योजना अपनाने से राशिद खान को एक छोर को संभालने के लिए रक्षात्मक रणनीति का इस्तेमाल करने में मदद मिली है ताकि दूसरे छोर पर गेंदबाज आक्रामक गेंदबाजी करें। पांचवें आईपीएल सत्र में राशिद के ओवरों को प्रतिद्वंद्वी टीमों के बल्लेबाज जल्द से खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं जबकि गुजरात टाइटंस के अन्य गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन जुटाने के प्रयास कर रहे हैं। राशिद का 15 मैचों में इकोनोमी रेट 6.73 का है जो काफी प्रभावित करने वाला है। वह 18 विकेट लेकर सूची में नौवें स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद ने रविवार को होने वाले फाइनल से पहले कहा, मेरी रणनीति प्ले-ऑफ में भी अलग नहीं रही। पूरे टूर्नामेंट में उर्जा और सोचने की प्रक्रिया यही रही है। लेकिन टीमें मेरे खिलाफ संभलकर खेल रही हैं। इसलिए मैं कसी गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा हूं जिससे दूसरे छोर पर गेंदबाज द्वारा विकेट झटकने का मौका भी बढ़ता है। उनकी गेंदबाजी में अहम चीज एक विशेष क्षेत्र में हिट करना है। भले ही यह लीग मैच हो या फिर नॉकआउट, मेरा दिमाग एक निश्चित क्षेत्र में गेंदबाजी पर लगा होता है। और मैं कुछ भी अलग चीज नहीं आजमा रहा हूं। मेरा उद्देश्य दबाव बनाना है। राशिद ने साथ यह भी दिखाया है कि वह बल्लेबाजी में भी कमाल कर सके हैं, इस सत्र में 206 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से वह नौ छक्के जड़ चुके हैं। निश्चित रूप से जब एक और हुनर निखर जाए, तो आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती ही है, विशेषकर इस सत्र में दो करीबी मैचों की जीत में अहम योगदान करने के बाद।

# सुपरनोवाज ने महिला टी-20 चैलेंज की फाइनल जंग अपने नाम की

● वेलॉसिटी को चार रन से हराया

भाषा। पुणे



डिएंड्रा डॉटिन के हरफनमौला खेल के दम पर सुपरनोवाज ने महिला टी20 चैलेंज के बेहद रोमांचक फाइनल में शनिवार को वेलॉसिटी की टीम को चार रन से शिकस्त देकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। वेस्टइंडिज की डॉटिन ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 44 गेंद में 62 रन की आक्रामक पारी खेलने के बाद गेंद से भी कमाल करते हुए दो विकेट चटकाए। सुपरनोवाज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 165 रन पर बनाए। लौरा वुलवार्ट की 40 गेंद में नाबाद 65 रन की पारी के बाद भी वेलॉसिटी की टीम आठ विकेट पर 162 रन बना सकी। वेलॉसिटी की टीम 117 रन पर आठ विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन वुलवार्ट और 10वें नंबर की बल्लेबाज सिमरन दिल (10 गेंद में नाबाद 20 रन) ने 45 रन की नाबाद साझेदारी कर मैच को रोमांचक बना दिया लेकिन टीम चार रन से लक्ष्य से दूर रह गई। डॉटिन के अलावा सुपरनोवाज के लिए अलाना किंग ने तीन जबकि सोफी एक्लेस्टन ने दो विकेट चटकाए। इससे पहले डॉटिन ने अपनी पारी में एक चौका और चार छक्के लगाने के साथ प्रिया (29 गेंद में 28 रन) के साथ 73 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने इसके बाद हरमनप्रीत कौर के साथ उन्होंने 5.3 ओवर में दूसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत ने 29 गेंद की पारी में एक चौका और तीन छक्के जड़े। वेलॉसिटी के लिए केट क्रॉस, दीप्ति शर्मा और सिमरन दिल बहादुर ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली (आठ गेंद में 15 रन) और यास्तिका (नौ गेंद में 13 रन) ने शुरुआती दो ओवरों में 28 रन बनाकर शानदार शुरुआत दिलाई।

**स्कोर : सुपरनोवाज पारीः** प्रिया का वुलवार्ट बो सिमरन 28, डॉटिन बो दीप्ति 62, हरमनप्रीत का शेफाली बो क्रॉस 43, वस्त्राकर बो खाका 05, एक्लेस्टन का यास्तिका बो क्रॉस 02, पूजा का सथा बो दीप्ति 03, देओल का दीप्ति बो सिमरन 71, किमनाबाद 06, **अतिरिक्त** : (लेगबाई: 01, नोबॉल-04, वाइड 04) 09, **कुल योगः** (20 ओवर में सात विकेट पर) 165, **विकेट पतनः** 1-73, 2-131, 3-144, 4-148, 5-149, 6-155, 7-165, **गेंदबाजीः** क्रॉस 4-0-29-2, दीप्ति 4-0-20-2, खाका 4-0-27-1, स्नेह 2-0-27-0, सिमरन 4-0-30-2, सथा 2-0-31-0

**वेलॉसिटी पारीः** शेफाली का यास्तिका बो डॉटिन 15, यास्तिका का एवं बो एक्लेस्टन 13, नवगिरे बो एक्लेस्टन 00, वर्मा पगबाधा वस्त्राकर 06, वुलवार्ट नाबाद 65, दीप्ति का वस्त्राकर बो किंग 02, राणा, बो किंग 15, सथा का हरमनप्रीत बो किंग 00, क्रॉस का यास्तिका बो डॉटिन 13, बहादुर नाबाद 20, **अतिरिक्तः** (बाई:01, लेगबाई: 01, नोबॉल: 01, वाइड: 09) 12, **कुल योगः** (20 ओवर में आठ विकेट पर) 165, **विकेट पतनः** 1-29, 2-36, 3-38, 4-58, 5-64, 6-104, 7-104, 8-117, **गेंदबाजीः** मानसी 1-0-17-0, एक्लेस्टन 4-0-28-2, डॉटिन 4-0-28-2, वस्त्राकर 3-0-32-1, शर्मा 4-0-22-0, किंग 4-0-32-3

## आईएएस दंपत्ति का तबादला करके केंद्र ने कड़ा संदेश दिया : ठाकुर

**पुणे।** खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में स्टेडियम के कथित दुरुपयोग को लेकर आईएएस दंपति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकी लेकिन गृह मंत्रालय ने उनका तबादला करके कड़ा संदेश दिया है कि खेलों के मैदान खिलाड़ियों के लिए है। सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में 27 एकड़ में बसाया जाधव खेल परिसर के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि भविष्य में मलखम्ब जैसे भारत के पारंपरिक खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जाएगा।

## चयन स्थगित

**लखनऊ।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एथलेटिक्स के दस खिलाड़ियों का चयन 30-31 मई को निर्धारित, अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई है। जाती है। संशोधित तिथि अलग से सूचित की जाएगी।

## आस्ट्रेलिया ने 29 सदस्यीय टीम का ऐलान किया

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया ने कतर में जून में होने वाले आखिरी विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर के लिए 29 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें हाल ही में यूरोप में अपने क्लबों के साथ खिताब जीतने वाले दो खिलाड़ी शामिल है। एडिन हस्टिक यूरोपा लीग चैंपियन एनट्रास फ्रेंकफर्ट टीम का हिस्सा है जबकि टॉम रोजिक ने सेल्टिक एफसी के साथ स्कॉटिश प्रीमियर लीग जीता।

## गेंदबाजों का सामना सीखने के लिए गावस्कर के वीडियो देखें : मियांदाद

**कराची।** मैदान पर उनकी खट्टी मीठी नोकझोंक भारत - पाक क्रिकेट प्रतिद्वंदिता का हिस्सा रही है लेकिन जब सम्मान की बात आती है तो जावेद मियांदाद की नजर में तेज गेंदबाजों का सामना करने की तकनीक और तेवर के मामले में सुनील गावस्कर का कोई सानी नहीं है। मौजूदा खिलाड़ियों को गावस्कर के वीडियो देखने चाहिए कि कैसे उन्होंने माइकल होल्डिंग, एंडी रॉबर्ट्स, मैल्कम मार्शल, इमरान खान, रिचर्ड हैडली और डेनिस लिली जैसे दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों का सामना किया।

## तमिलनाडु, कर्नाटक ने इंडियन ओपन सर्फिंग के दूसरे दिन दबदबा बनाया

**मेंगलुरू।** कर्नाटक की इशिता मालविया (6.17) और सिंचना गौड़ा (7.30) गोवा की सुगर बनारसे (11.27) और तमिलनाडु की सृष्टी सेलवम (10.37) के साथ शनिवार को यहां इंडियन ओपन सर्फिंग की महिला स्पर्धा के फाइनल में पहुंची। बनारसे रविवार को ग्रोम्स (16 वर्ष अंडर) बालिका सर्फ वर्ग के फाइनल में भी हिस्सा लेंगी। तमिलनाडु के सर्फर ने क्लीन स्वीप किया।

## शतरंज ओलंपियाड : 189 और महिला वर्ग में 154 टीम का पंजीकरण

**चेन्नई।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अनुसार 28 जुलाई से 10 अगस्त तक यहां होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड में 187 देशों की रिकॉर्ड 343 टीम हिस्सा लेंगी। भारत इस वैश्विक शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है जो दो वर्ग - ओपन वर्ग और महिला वर्ग में खेली जाएगी।

## विश्व चैम्पियनशिप में भी तोक्यो ओलंपिक की तरह कोई दबाव नहीं लूंगा: चोपड़ा



भाषा। नई दिल्ली

**स्टार भाला** फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा जुलाई में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में निश्चित रूप से पदक जीतना चाहते हैं लेकिन वह इसके लिए ज्यादा दबाव नहीं बनाना चाहते। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने कहा कि वह विश्व चैम्पियनशिप में पदक के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं और वह इसमें भी उसी सोच के साथ उतरेंगे जो उन्होंने तोक्यो ओलंपिक के दौरान अपनाई थी। वह विश्व चैम्पियनशिप में निश्चित रूप से यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं, अगर प्रतिस्पर्धा के दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। चोपड़ा ने फिनलैंड में अपने ट्रेनिंग बेस से साक्षात्कार में पीटीआई से कहा, पिछले साल ओलंपिक में मैंने कोई दबाव नहीं लिया था, मैं यह नहीं सोच रहा था कि मुझे स्वर्ण पदक जीतना ही है। इसलिए, मैंने अच्छा किया और स्वर्ण पदक जीता। मेरी कोशिश हमेशा परिस्थितियों के अनुसार दिन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की रही है। अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करता हूं और भविष्य के लिए और सुधार करता और सीखता हूं तो मुझे संतोष मिलता है। चोपड़ा ने कहा, मैं विश्व चैम्पियनशिप के दौरान भी ऐसा ही करूंगा, देखते हैं कि क्या नतीजा मिलता है, मैं पदक जीतता हूं या नहीं। ऐसा नहीं है कि मैंने पिछले साल ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता है तो मुझे इस साल विश्व चैम्पियनशिप में भी पदक जीतना होगा। मैं देखूंगा कि भविष्य के लिए मैं और क्या सुधार कर सकता हूं। उन्होंने कहा, थोड़ा दबाव तो है, यह स्वाभाविक है। लेकिन मैं हमेशा रिलैक्स रहने की कोशिश करता हूं और परिणाम के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। बड़े टूर्नामेंट में जाने से पहले जितना संभव हो, उतना सामान्य रहता हूं।

## फाजा दुबई पैरा बैडमिंटनः भगत के साथ चार अन्य भारतीय सेमीफाइनल में

भाषा। दुबई

**पैरालंपिक** स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत ने शनिवार को यहां चौथे फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2022 में साथी जूनियर खिलाड़ी नेहल गुप्ता की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की की। हाल ही में बहरीन पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2022 में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले भगत ने पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा में पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 18-21 21-15 21-11 से जीत दर्ज की। अंतिम चार में उनका सामना जापान के दाइसुके फुजिहारा से होगा। फुजिहारा मिश्रित युगल में ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता है। पुरुषों के एसएल4 वर्ग में तरुण ढिल्लों ने कोरिया के चो नादान को 21-15, 20-22, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा के इस खिलाड़ी ने एसएल3-एसएल4 पुरुष युगल वर्ग में नितेश कुमार के साथ जोड़ी बनाकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

# बोपन्ना-मिडलकूप ने विम्बलडन चैम्पियन को बाहर किया

● फ्रेंच ओपन टेनिस : पाविच और मेकटिच की जोड़ी को हराया

भाषा। पेरिस



**भारतीय खिलाड़ी** रोहन बोपन्ना और माटवे मिडलकूप की जोड़ी ने हार नहीं मानने का गजब का जज्बा दिखाते हुए शनिवार को यहां पांच मैच प्वाइंट बचाकर माटे पाविच और निकोल मेकटिच की मौजूदा विम्बलडन चैम्पियन जोड़ी को फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम से बाहर कर दिया। पुरुष युगल के कांटे की टक्कर के तीसरे दौर मुकाबले में बोपन्ना की सर्विस हमेशा की तरह खतरनाक थी और उनकी वॉली भी तेज तर्र थी जबकि नीदरलैंड के उनके जोड़ीदार ने दबाव में बेहद संयम दिखाया। बोपन्ना-मिडलकूप की जोड़ी ने दो घंटे 32 मिनट तक चले मुकाबले में पाविच और मेकटिच की जोड़ी को 6-7, 7-6, 7-6 से शिकस्त दी। बोपन्ना इस तरह क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर क्ले कोर्ट मेजर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने में सफल रहे। वह पहले चार बार ऐसा कर चुके हैं। पाविच-मेकटिच ने पहला सेट जीत लिया था जिसके बाद बोपन्ना-मिडलकूप की जोड़ी के दूसरे सेट में जीत से दोनों जोड़ियां बराबरी पर थीं। तीसरे सेट के शुरुआती गेम में ही पाविच-मेकटिच की जोड़ी को ब्रेक का मौका मिला जब मिडलकूप का फोरहैंड लंबा चला गया। मिडलकूप ने पहली सर्विस शानदार की थी लेकिन मेकटिच ने मजबूत रिटर्न किया और उन्हें 2-0 से बढ़त बनाने में मुश्किल नहीं हुई। बोपन्ना ने अपनी सर्विस बरकरार रखी। पाविच ने भी अपनी सर्विस बचाई जिससे दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी अब 3-1 से आगे हो गई। मिडलकूप की सर्विस पर बोपन्ना ने नेट के करीब बैकहैंड गलती कर दी और ब्रेकप्वाइंट तक पहुंचे, पर इसे और अगले को भी बचाने में सफल रहे। दसवें गेम में मेकटिच सर्विस करते हुए दबाव में दिख रहे थे।

## अमेरिकी ओपन चैम्पियन मेदवेदेव और पूर्व फ्रेंच ओपन चैम्पियन स्वियातेक अगले दौर में

**पेरिस।** मौजूदा अमेरिकी ओपन चैम्पियन और दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष एकल वर्ग में जबकि शीर्ष वरीय और पूर्व विजेता गैर चैम्पियन इगा स्वियातेक ने महिला वर्ग के चौथे दौर में प्रवेश किया। वहीं पाउला बडोसा और आर्यना सबालेंका उलटफेर का शिकार हुईं। रूस के खिलाड़ी मेदवेदेव ने लगातार दूसरे साल यहां चौथे दौर में जगह बनाई। उन्होंने मिओमिर केसमानोविच (28वीं रैंकिंग) पर 6-2, 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। अब वह क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए 2014 अमेरिकी ओपन चैम्पियन मारिन सिलिच और फ्रांस के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले जाइल्स सिमोन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक ने अपने लगातार 31वें मैच में जीत दर्ज करते हुए चौथी बार रोला गैरो के चौथे दौर में जगह बनाई। 2020 फ्रेंच ओपन चैम्पियन स्वियातेक ने डानका कोविनिच पर 6-3 7-5 से जीत हासिल की और उनका सामना चीन की झेंग किनवेन से होगा। वहीं 11वें वरीय जानिक सिनर ने पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में मैकंजी मैकडोनल्ड को 6-3 7-6, 6-3 से हराया और अब उनका सामना आंद्रे रूबलेव से होगा जिन्होंने क्रिस्टियान गारिन की चुनौती 6-4 3-6 6-2 7-6 से समाप्त की। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष 15 वरीय खिलाड़ियों में से केवल दो ही बची है जिसमें पहली स्वियातेक और दूसरी जेसिका पेगुला है।

# भारत ने सुपर चार के पहले लीग मैच में मारी बाजी

● एशिया कप हॉकीः जापान को 2-1 से हराया

भाषा। जकार्ता



**भारतीय पुरुष** हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में जापान को 2-1 से हराकर पूल चरण में इस टीम से मिली हार का बदला पूरा किया। पूल चरण में जापान के खिलाफ 2-5 से हारने वाली गत चैंपियन ने मंजीत (आठवें मिनट) और पवन राजभर (35वें मिनट) के मैदानी गोल से जीत दर्ज की जापान की ओर से एकमात्र गोल 18वें मिनट में ताकुमा निवा ने पेनल्टी कार्नर पर किया। जापान ने मैच की शुरुआत में भारत पर दबाव बनाया और पहले मिनट में ही पेनल्टी कार्नर हासिल कर लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने उसे नाकाम कर दिया। मैच के आगे बढ़ने के साथ भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास भी बढ़ा और उन्होंने दबदबा बनाना शुरू किया। मनजीत ने आठवें मिनट में पवन राजभर से पास हासिल करने के बाद बाएं किनारे से गेंद को अकेले लेकर आगे बढ़ते हुए उसे गोल में बदल कर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मनिंदर सिंह ने 13वें मिनट में भारत को पेनल्टी कार्नर दिलाया लेकिन नीलम संजीव जेस के प्रयास को जापान की रक्षापंक्ति ने बचा लिया। शुरुआती क्वार्टर की तरह जापान ने दूसरे क्वार्टर में भी आक्रामक शुरुआत करते हुए 18 वें मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल किया। केन नागायोशी की फ्लिक को भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने बचा लिया लेकिन रिबाउंड पर ताकुमा निवास ने गोलकर स्कोर 1-1 कर दिया। जापान ने इसके बाद भी दबाव बनाकर दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उसे विफल कर दिया।

## शुभंकर लय में वापसी के साथ तीसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में पहुंचे

**क्रॉम्वॉर्ट (नीदरलैंड)।** भारत के शुभंकर शर्मा ने डच ओपन के तीसरे दौर में पहले दो दिनों के उलट शानदार प्रदर्शन किया और तालिका में शीर्ष 10 के करीब पहुंच गए। शुरुआती दो दौर में 71-71 का कार्ड खेल कर मुश्किल से कट हासिल करने वाले शुभंकर ने तीसरे दौर में 69 का कार्ड खेला, जिससे 54 होल के खेल के बाद उनका कुल स्कोर पांच अंडर का है। वह तालिका में फिलहाल 11वें स्थान पर है। कई खिलाड़ियों ने अभी तीसरे दौर के खेल के पूरा नहीं किया है ऐसे में वह शीर्ष 10 में पहुंच सकते हैं। डीपी वर्ल्ड टूर के दो बार के विजेता शुभंकर पिछली पांच प्रतियोगिता में चार में कट हासिल करने में विफल रहे थे।

## बतौर खिलाड़ी और कप्तान असाधारण रहा है संजू

**अहमदाबाद।** राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा का कहना है कि संजू सैमसन ने विकेटकीपर, कप्तान और बल्लेबाज की तिहरी भूमिका को आईपीएल में बखूबी अंजाम दिया है। राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को सात विकेट से हराकर 2008 के बाद पहली बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई। संगकारा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, संजू का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। पिछले सत्र में काफी कड़े इम्तिहान से उसने शुरूआत की जब युवा टीम, कोरोना संक्रमण के मामले और दो चरण में टूर्नामेंट हुआ लेकिन वह अपनी भूमिका में परिपक्व हुआ है। वह काफी मृदुभाषी और शर्मीला है लेकिन बल्ले से उसके हुनर का जवाब नहीं। उसने कप्तानी की कठिन भूमिका में खरे उतरने के लिए काफी जुनून और जीत की भूख दिखाई है।

## स्पिनरों के खिलाफ मानसिकता बदलने से आईपीएल 2022 में मिली कामयाबी : मिलर

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि स्पिनरों को खेलते समय मानसिकता में बदलाव से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में कामयाबी मिल सकी। मिलर ने गुजरात टाइटंस के लिए 15 मैचों में 449 रन बनाए हैं जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 14 मैचों में 453 रन जोड़े हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने कहा कि नेट्स पर की गई मेहनत से उन्हें काफी फायदा मिला। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को होने वाले आईपीएल फाइनल से पहले कहा, स्पिनरों के सामने मेरे लिए यह सत्र अच्छा रहा।

## रुद्रांक्ष ने बाकू निशानेबाजी विश्व कप में क्वालिफिकेशन की बाधा पार की

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय निशानेबाज** रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने जूनियर विश्व कप की अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए अजरबेजान के बाकू में संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के अंतिम आठ चरण में जगह बनाई। अंतिम चरण रविवार को होगा। भारत ने इस विश्व कप के लिए 12 सदस्यीय राइफल टीम भेजी है। रुद्रांक्ष तीन हफ्ते पहले जूनियर विश्व कप की इसी स्पर्धा में विजेता रहे थे। उन्होंने 78 निशानेबाजों के क्वालिफिकेशन दौर में 628.8 अंक से चौथा स्थान हासिल किया जिसमें सर्बिया के लाजार कोवासेविच 630.6 अंक से शीर्ष पर रहे।

# चिर परिचित रंग में नहीं हैं कोहली : सहवाग

● यह अलग विराट है, एक सत्र में इतनी गलतियां की जितनी पूरे कैरियर में नहीं कीं



भाषा। नई दिल्ली

भारत के पूर्व धुरंधर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि विराट कोहली अपने चिर परिचित रंग में नहीं हैं जिसके लिए उन्हें जाना जाता है और एक आईपीएल सत्र में उन्होंने इतनी गलतियां की जितनी 14 वर्ष के अंतरराष्ट्रीय कैरियर में नहीं कीं। पिछले ढाई साल से शतक नहीं बना सके कोहली अपने सबसे खराब दौर से जूझ रहे हैं उन्होंने आईपीएल में 16 मैचों में 22.73 की औसत से 341 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। अधिकांश मैचों में उन्होंने पारी का आगाज किया। सहवाग ने क्रिकबज से कहा, यह वह विराट कोहली नहीं है जिसे हम जानते हैं इस सत्र में दूसरा ही विराट खेल रहा है वरना एक सत्र में इतनी गलतियां की जितनी उसने अपने पूरे कैरियर में नहीं कीं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि भारत का यह नंबर वन बल्लेबाज अलग अलग रणनीति अपनाने के चक्कर में आउट हुआ। जब रन नहीं बनते तो ऐसा होता है। आप रन बनाने के कई तरीके तलाशने लगते हो और उस चक्कर में विकेट गंवा देते हो। इस सत्र में कोहली के साथ भी ऐसा ही हुआ। दूसरे क्वालिफायर में कोहली तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ाकर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। जब आपका फॉर्म खराब होता है तो आप हर गेंद को छेड़ने की कोशिश करते हैं। बल्लेबाज को लगता है कि गेंद को पीटकर आत्मविश्वास लौट आएगा। विराट ने ट्रेंट बोल्ट के पहले ओवर में कई गेंद छोड़ी लेकिन फॉर्म खराब होने पर ऐसा होता है। आप आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों को भी नहीं छोड़ते। ऐसे में किस्मत खराब हो तो पीछे लपके जाने की पूरी आशंका

## कोहली क्रिकेट से ब्रेक ले सकते है : ली

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि भारतीय दिग्गज विराट कोहली दिमाग को तरोताजा करने और कुछ चीजों पर काम करने के लिए खेल से ब्रेक लेने पर विचार कर सकते हैं। कोहली का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सत्र में औसत अभियान शुक्रवार को अहमदाबाद में दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की राजस्थान रॉयल्स से सात विकेट से हार के बाद समाप्त हो गया। कोहली की बल्लेबाजी में बुरे दौर के बारे में पूछे जाने पर ली ने शनिवार को पीटीआई से कहा, अगर मैं ए कहूं कि क्या यह चिंता का विषय है तो हां, यह चिंता का विषय है। मैं चाहूंगा कि कोहली अधिक रन बनाए।

## रीयाल मैड्रिड व लिवरपूल में चैम्पियंस लीग फाइनल




**पेरिस।** दुनिया भर के करोड़ों फुटबॉलप्रेमियों की नजरें पेरिस पर गड़ी होंगी जहां लिवरपूल और रीयाल मैड्रिड चैम्पियंस लीग के खिताबी मुकाबले में आमने सामने होंगे। कार्लो एंसेलोट्टी यूरोपीय क्लब फुटबॉल का यह शीर्ष खिताब चार बार जीतने वाले पहले कोच बनना चाहेंगे। उन्होंने 2014 में मैड्रिड के साथ पहली बार खिताब जीता था। इससे पहले 2003 और 2007 में एसी मिलान को खिताब दिला चुके हैं। मैड्रिड के साथ अपने पहले सत्र में वह स्पेनिश खिताब जीत चुके हैं। मैड्रिड ने 2018 में जिनेदीन जिदान के कोच रहते लिवरपूल को हराकर 13वीं बार यूरोपीय कप जीता था। जर्गन क्लोप के साथ लिवरपूल ने 2020 में खिताब जीतकर 30 साल का इंतजार खत्म किया था। पिछले सप्ताह लिवरपूल एक अंक से इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब से चूकी है लेकिन अब उसे भुलाकर नजरें इस फाइनल पर लगी होंगी। युएफा को लगातार तीसरे साल फाइनल की जगह बदलनी पड़ी है।

# सीडीओ सौम्या पाण्डेय ने एक बार फिर जनपद को किया गौरवान्वित

● सुषमा स्वराज्य वुमन आइकॉन आवार्ड से सम्मानित किया गया आधी आबादी के विकास स्वावलम्बन व आत्मनिर्भरता पर किये प्रेरणादायी काम






संवाददाता। कानपुर देहात

**यशस्वी सीडीओ** सौम्या पाण्डेय ने जनपद को एक बार अपना सीना चौडा करने का अवसर प्रदान किया, जब सीडीओ को पूर्व विदेशमंत्री व प्रभावशाली वक्ता सुषमा स्वराज्य की स्मृति में सेन्टर फार एजुकेशन डेवलेपमेण्ट फाउण्डेशन द्वारा सुषमा स्वराज्य वुमन आइकॉन अवार्ड 2022 से पुरस्कृत किया गया।

जनपद की आधी आबादी को सशक्त, सबल व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सीडीओ सौम्या पाण्डेय(आईएएस) ने अभिनव प्रयास किये जिससे महिलाओं का जीवन स्तर दिन पर दिन ऊँचाईयों की ओर अग्रसर होता चला जा रहा है। महिलाओं के विकास में उनके अभूतपूर्व व अविस्मरणीय योगदान को देखते व समझते हुये सेण्टर आफ एजुकेशन डेवलेपमेण्ट फाउण्डेशन ने सुषमा स्वराज्य वुमन आइकॉन अवार्ड 2022 से सीडीओ को सम्मानित किया गया। आनलाइन कार्यक्रम में सम्मान समरोह की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विशिष्ट अतिथि सौम्या पाण्डेय(आईएएस) व अन्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 3 दर्जन लोगों को समाज में उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया। सीडीओ को महिलाओं के सशक्तीकरण, आत्मनिर्भर बनाये जाने के लिये पुरस्कृत किया गया। सीडीओं द्वारा जनपदवासियों को गौरव का अवसर प्रदान करने पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, अधिकारियों ने उनके योगदान की प्रशॅसा करते हुये उन्हे बधाई दी है।

## मौरम भरा ट्रक आबादी के बीच फिर पलटा, बाल-बाल बचे लोग

रविकान्त दुबे। कानपुर देहात


रूरा के ओआरबी के पास पलटा हुआ मौरम भरा ट्रक

**रूरा कस्बे** के दक्षिणी हिस्से के अकबरपुर रोड पर ओरआरबी के निर्माण के चलते पिछले दो वर्षों से भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबन्ध है। प्रतिबन्ध के बावजूद बन्दरबॉट व मिलीभगत के चलते देर रात्रि से सुबह 7 बजे तक निर्बाध रूप से भारी वाहनों का आवागमन जारी है। शनिवार की सुबह एक बार फिर ओवरलोड मौरम भरा ट्रक ओआरबी पिलर के सामने पलट गया, बीच आबादी में हुये हादसे में हलॉकि चपेट में आने से लोग बाल–बाल बचे, परन्तु पलटे ट्रक ने तीन से अधिक दुकानों को अपनी चपेट में लेकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। बार–बार हो रहे हादसों पर जिस असॅवेदनशीलता व हठधर्मिता के साथ शासन की नीतियों को जिम्मेदार ठेंगा दिखा रहे है, उससे लोगों में रोष बढता जा रहा है।

भारी वाहनों के आवागमन पर र्प्रतिबन्ध के आधा किलोमीटर पूर्व अकबरपुर रोड पर बेरीकेटिंग के बावजूद जिस तरह से निर्बाध रूप से भारी वाहन हादसों का शिकार हो आम जन के प्राण को लेने के लिये यमदूत सरीखे नजर आ रहे है। प्रश्न यह उठता है कि बेरीकेटिंग के बावजूद भारी वाहन किस तरह प्रतिबन्धित स्थान का उल्लॅघन करने में सफल रहते है। इसका जवाब स्थानीय व जानकार देते है कि खनन माफिया व जिम्मेदारों के बीच भारी वाहनों के आवागमन हेतु माहवरी खर्चा बॅधा हुआ है जिसके चलते ही बार–बार हो रहे हादसों के बावजूद इन पर लगाम लगता नहीं दिख रहा है। तिंगाई गॉव के पेट्रोलपम्प के पास खनन माफियाओं का कैम्प लगा होता है, यहीं से खनन माफिया भारी ओवरलोड मौरम, गिट्टी भरे ट्रक व डम्फरों का सॅचालन प्रतिबन्धित मार्ग पर करवाते है। खनन माफियाओं की जिम्मेदार अधिकारियों से सेटिंग व गेटिंग के चलते लोगो की जान पर हमेशा खतरा बना रहता है, शनिवार की सुबह हादसे का शिकार हुये ट्रक की चपेट में ओन से लोग बाल–बाल बचे, अगर वाहन सवार या स्थानीय लोग मौके पर होते तो निश्चित रूप से वह अनहोनी घटना का शिकार हो जाते। कमाल की बात यह है कि इससे पूर्व करीब 6 महीने पहले भी इसी स्थान पर हादसा हो चुका है परन्तु जिम्मेदारों के कानों पर जूॅ भी नहीं रेगी, शायद यह सिंडीकेट इतना तगडा है जो कि शासन की नीतियों को ठेंगा बता आम जनता की जान व माल के लिये बडा खतरा साबित हो रहा है।

## मारपीट व धमकी में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव अमरापुर नगला मकोड़ा निवासी विकास ने गांव के ही अभयदीपए शिवदीप उर्फ अक्कू तथा प्रदीप के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विकास ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 24 मई को वह अपने दरवाजे पर बैठे थे। आरोपित प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ लाठी.डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर गांव के काफी लोग मौके पर आ गए। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गौरतलब है कि इसी घटना के संबंध में आरोपित अभयदीप ने विकास व उसके भाई शेर सिंह और तेजवीर के खिलाफमारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था।

## सब स्टेशन के कर्मचारियों ने चोरी करवा दिया हजारों लीटर बिजली का तेल

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**विद्युत सब** स्टेशन के एसएसओ ने हेल्पर के सहयोग से हजारों लीटर बिजली का तेल चोरी करवा दिया है। बिजली विभाग के कर्मचारी ही विभागीय तेल चोरी करवा कर विभाग को हजारों रुपयों का चूना लगाने के साथ ही साख पर भी बट्टा लगा रहे हैं। जसमई विद्युत सब स्टेशन के जेई अजय बाबू ने थाना मऊ दरवाजा के ग्राम चौरसिया निवासी एसएचओ बलबीर सिंह पुत्र रोशन सिंह एवं कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम नगला समही निवासी हेल्पर विवेक कुमार पुत्र रमेश चंद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। सब स्टेशन के एसएसओ मोहित तिवारी ने आज सुबह 7.45 बजे जेई अजय बाबू को अवगत कराया की उप केंद्र के पावर परिवर्तक के आसपास तेल लीकेज हुआ पड़ा है। इसी सूचना पर मौके पर पहुंचे जेई ने परिवर्तक को चेक किया तो ज्ञात हुआ कि उप केंद्र के यार्ड में स्थापित 10 एमबीए पावर परिवर्तक नंबर ;दो शहर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 12 ड्रम तेल चोरी कर लिया गया है। जब इस संबंध में ड्यूटी पर तैनात एसएसओ बलवीर सिंह एवं एसएसओ के हेल्पर विवेक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। जेई ने 26 मई को ही परिवर्तन का आयल चेक किया था उस समय आयल लेवल भरा था। जेई अजय बाबू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में एसएसओ व हेल्पर की लापरवाही एवं भूमिका संदिग्ध होने की आशंका जाहिर की है। जेई अजय बाबू ने बताया कि चोरी का संदेह जाहिर करने के बाद से एसएसओ व हेल्पर गायब हो गए हैं। चोरी गए बिजली तेल की कीमत 100 प्रति लीटर है देहात क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद करा कर शहर क्षेत्र की बिजली चालू की गई थी।

## पीएम 31 को वर्चुअल मीट के माध्यम से 15 कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से करेंगे सीधा संवादः सीडीओ

● सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्थाएं रखे दुरस्तः सीडीओ

संवाददाता। कानपुर देहात



पीएम के वर्चुअल मीट सॅवाद पर बैठक करती सीडीओ सौम्या पाण्डेय

**मुख्य विकास** अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में मा0 प्रधानमंत्री जी के दिनांक 31 मई को वर्चुअल मीट के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित 15 कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किए जाने के संबंध में विकास भवन सभागार कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर कार्यक्रम ईको पार्क माती में किया जाएगा, जिसमें कार्यक्रम की व्यवस्था अकबरपुर नगर पंचायत द्वारा किया जायेगा, इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं पहले से ही दुरस्त करा ले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, जल जीवन मिशन शहरी, जल जीवन मिशन एवं अमृत, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के लाभार्थियों को चिन्हित कर कार्यक्रम स्थल पर सकुशल तरीके से लाया जाये, इसके लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी रहेगी, कार्यक्रम में साफ सफाई, कुर्सी, पानी, एलईडी इत्यादि की व्यवस्था सही प्रकार से की जाये। वहीं कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन, गणमान्य नागरिक इत्यादि लोग प्रतिभाग करेंगे, कार्यक्रम सुबह 9:30 पर प्रारंभ होगा। इसी प्रकार कार्यक्रम समस्त विकास खण्डों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें समस्त विकास खण्ड अधिकारी तैयारियां पूर्ण कर ले, इस कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये, लाभार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था रहे। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी डा उमेश गुप्ता, जिला पंचायतराज अधिकारी नमिता शरण, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील कुमार, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### पालिथीन को लेकर पालिका ने फिर की छापेमारी, मचा हड़कंप



**घाटमपुर।** प्रतिबंन्धित पालिथीन के प्रयोग के खिलाफ नगर पालिका परिषद का अभियान आज भी जारी रहा। अधिषाशी अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा और और नायब तहसीलदार अतुल हर्ष की अगुवाई में पालिका कर्मी दोपहर बाद मंडी समिति पंहुचे और वहॉ लगी दुकानों में सघन तलाशी लेकर तीन दुकानदारों का चालान किया तथा मौके पर ही 60 हजार रुपये जुर्वाना वसूला गया। जबकि की शुक्रवार को भी मेन चौराहे व कानपुर रोड पर आधा दर्जन दुकानदारो का चलान किया गया था, मंडी समिति की जॉच में दोनो अधिकारियों के अलावा जलकल प्रभारी योगेश सचान, सफाई प्रभारी सुधीर सचान, प्रेमसिंह, कम्प्यूटर आपरेटर दीपक गुप्ता, अनिल गुप्ता, प्रदीप बाजपेयी, संन्तोष आदि कर्मचारी प्रमुख थे, पालिका द्वारा प्रतिबन्धित पॉलिथीन प्रयोग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान से हड़कम्प मचा गया है।

### चकरोड़ पर बना मकान, बुलडोजर ने किया ध्वस्त

**फर्रुखाबाद।** बीते दस सालों से चकरोड़ पर मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे शनिवार को बुलडोजर नें ध्वस्त कर दिया। तहसील क्षेत्र के राजेपुर में चन्दन सिंह पुत्र गुरुदयाल ने चकरोड़ की भूमि पर कब्जा करके अपना पक्का घर बना लिया था। वहीं विनोद सिंह ने भी दीवार बना रखी थी। लिहाजा इस सम्बन्ध में तहसील न्यायालय में मुकदमा भी चल रहा था। तहसीलदार सदर नें चन्दन सिंह के बेदखल करनें के आदेश भी जारी कर दिये थे। शनिवार को तहसीलदार अमृतपुर संतोष कुशवाह व थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम व राजस्व निरीक्षक श्याम बाबू आदि मौके पर पंहुचे और उन्होंने चन्दन सिंह का मकान जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। जबकि विनोद सिंह को खुद दीवार तोड़ने का समय दिया गया।

### दया याचिका के आधार पर तीन बंदी जेल से रिहा

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को सेन्ट्रल जेल से तीन बंदी और रिहा कर दिये गये। जिन्हें जेल प्रशासन नें उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ मुक्त किया। दरअसल दया याचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के लिए निर्धारित निति के तहत राज्यपाल द्वारा आजीवन कारावास से दंडित बंदियों की शेष सजा का माफकर दी गयी। जिसके तहत सेन्ट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे सिद्ध दोष बंदी दीपक सक्सेना पुत्र गौरेंद्र नारायण सक्सेना निवासी इटावा लगभग 17 साल, सिद्ध दोष बंदी पप्पू उर्फनवल किशोर पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी एटा व सिद्ध दोष बंदी बबलू पुत्र सुंदर निवासी उन्नाव लगभग 18 साल से अधिक समय से हत्या के मामलों में जेल में निरुद्ध थे। उनकी रिहाई के दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार शुक्ला द्वारा रिहा किये जा रहे बंदियों को कटुता एवं वैमनस्यता का त्याग करके सामाजिक सद्भावनापूर्ण नये जीवन की शुरुआत करनें की प्रेरणा दी गयी।

### दुष्कर्म आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र के एक गॉव में चार महीने पूर्व हुये मामले के अरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पीडिता ने एएसपी को शिकायती प्रार्थनापत्र दिया। पीडिता ने बताया कि 14 जनवरी को उसके गॉव के ही सलमान, शमीम, जाविद व चॉदबाबू ने बुलाकर लाही के खेत में तमॅचा लगाकर जबरन दुष्कर्म किया था। मुकदमा दर्ज होने के चार महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जा रही है। रूरा थाने में अक्सर बहाना बनाकर मुझे वापस कर दिया जाता है। अभियुक्तगण मुझे मुकदमा वापस न लेने पर धमकी दे रहे है। एएसपी ने बताया कि रूरा थाने को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये है, अतिशीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चत की जायेगी।

### डीएम-एसपी ने गाजीपुर थाने में सुनीं जनसमस्याएं

**फतेहपुर।** संपूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना गाजीपुर पर जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा जनसमस्याओं को सुना गया एवं समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष गाजीपुर व अन्य अधिकारी/कर्मचारी आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार जनपद के अन्य थानों में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन कर जनसमस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने जिले के सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस के मौके पर आने वाली समस्याओं का तुरन्त निस्तारण करें।

## मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को पॉवर फइनेन्स कारपोरेशन लिमिटेड की सीएसआर योजना के तहत एलिम्को कानपुर के सहयोग से एक सैकड़ा दिव्यांगो को मोटर्राइज्ड ट्राई साइकिल भेट की गयी। जिससे दिव्यांगो के चेहरे खिले नजर आये।

फतेहगढ़ के जेएनबी रोड़ पर स्थित राजकीय संकेत विद्यालय में मोटर्राइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पंहुचे सांसद मुकेश राजपूत व जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के हाथों से दिव्यांगो को मोटर्राइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण कराया गया। सांसद ने कहा की दिव्यांगों की सेवा करना ईश्वरी कार्य है। जिन्हें मोटर्राइज्ड ट्राई साइकिल नही मिल सकी उन्हें आगे दिलायी जायेगी। डीएम संजय कुमार सिंह नें कहा कि सभी दिव्यांग मोटर्राइज्ड ट्राई साइकिल को हेलमेट पहनकर ही चलायें। जिससे उनकी यात्रा सुखद हो। कुल एक सैकड़ा दिव्यांगो जो 80 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांग थे उन 100 दिव्यांगों को मोटर्राइज्ड ट्राई साइकिल दी गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता,भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ट के प्रदेश सह–संयोजक अभिषेक त्रिवेदी, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी राजेश बघेल ने भी विचार रखे। आशीष दुबे, गोपाल गुप्ता, विनोद वर्मा, कुलदीप श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नीरज सक्सेना, वरिष्ठ सहायक मुकेश अस्थाना, अंकुर दुबे आदि रहे। संचालन एल्मिको के प्रतिनिधि गणेश शुक्ला ने किया।

## डीएम के निर्देशन में ग्राम परौंख के खेल मैदान में वालीबाल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

● जिला क्रीड़ाधिकारी ने विजेता तथा उप विजेता खिलाडियों को मैडल पहनाकर किया पुरस्कृत



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय के तत्वावधान में डेरापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम परौंख के खेल मैदान में बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त रूप से खेल विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में डेरापुर ब्लाक की चार टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें पहला मैच ग्राम परौंख एवं नूनारी के मध्य खेला गया जिसमें परौंख की टीम ने पहला सेट 15–12, व दूसरा सेट 15–11 से ीता तथा साथ ही दूसरा मैच ग्राम इंजुआ रामपुर व ग्राम रेरी के मध्य खेला गया जिसमें इंजुआ रामपुर ने पहला सेट 15–10 व दसूरा सेट 6–15 व तीसरा सेट 15–12 से जीत कर फइनल में प्रवेश किया। फइनल मैच परौंख व इंजुआ रामपुर के मध्य खेला गया जिसमें इंजुआ रामपुर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए परौंख को 15–10, 9–15, 15–11 से फइनल जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की, इस प्रतियोगिता के निर्णायक अरविन्द कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी व जितेन्द्र कुमार व्यायाम शिक्षक थे, इस मौके पर ग्राम परौंख के प्रधान संग्राम सिंह, महाराणा प्रताप युवा मण्डल अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, स्वयं सेविका अनामिका तिवारी, करन प्रताप सिंह व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं दर्शक उपस्थित रहे। इस मौकेपर नेहरू युवा केन्द्र की प्रभारी प्रिया तिवारी द्वारा नवगठित युवा मण्डल एवं महिला मण्डल को खेल किट प्रदान की गयी कार्यक्रम के अन्त में जिला क्रीडाधिकारी प्रदीप चौहान ने विजेता तथा उप विजेता खिलाडियों को मैडल पहनाकर पुरस्कृत किया, जिला क्रीडाधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा कल्याण विभाग, खेल विभाग, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा संचालित खेलों के बारे में विस्तृत जानकारी हुए फिट इण्डिया मूमेंट व खेलो इण्डिया खेलो कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला क्रीडाधिकारी द्वारा ओपेन जिम के बारे में युवाओं को जानकारी प्रदान कर इसके ठीक प्रकार से उपयोग कर इसको सुरक्षित तरह से रख रखाव के बारे में बताया।

## जीजीआईसी में जिले की पहली बेबसाइट का हुआ लोकार्पण

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर में विद्यालय की वेबसाइट का लोकार्पण एवं दस दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। जिसमे प्रदर्शनी भी लगायी गयी। जिसका अबलोकन डीआईओएस द्वारा किया गया ।आयोजन में छात्राओं नें पेंटिंग, मिट्टी के खिलौने, हाथ के बने पंखे, बेबी फ्रॉक, बेस्ट मैटेरियल से बने शोपीस, झालर, झूमर, रंगोली आदि की प्रदर्शनी लगायी। जिसका जिला वि॥लय निरीक्षक डॉ0 आदर्श त्रिपाठी नें अवलोकन किया। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ई मेल आईडी, सुंदर लेख, एकल नृत्य, इंडोर गेम्स, सिलाई, योगा, पेंटिंग आदि का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों के माध्यम से दिया गया। शिक्षिका अनुसुइया दीक्षित, श्वेता देवी, अखलेश कुमार, प्रभाकर सिंह ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। वि॥लय की साइट पर वि॥लय की सभी गतिविधियां प्रदर्शित की जाएंगी। छात्रा वंशिका, लवी, वैष्णवी, अनुभा, सिद्धि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कंप्यूटर आपरेटर नवनीत भारद्वाज, दिनेश चंद्र, राजीव कुमार, सीमा आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन छात्रा गीता ने किया।

### अपहरण 2 अब ऑल्ट बालाजी पर

**कानपुर।** जियो स्टूडियो की प्रस्तुति वूट सिलेक्ट ओरिजिनल अपहरण 2 का सीजन 2 अब इसे ऑल्ट बालाजी प्लेटफार्म पर भी रिलीज किया जा रहा है। इसे पहले वूट सिलेक्ट पर रिलीज किया गया था और इसे लोगों से बहुत पसंद किया था। अपने अनूठे अंदाज, ऐक्शन मजेदार डायलॉग और यादगार किरदारों के लिये पूरी दुनिया में पसंद की गई वेब सीरीज अपहरण. सबका कटेगा, अपने दूसरे सीजन के साथ लौट आई है!

## हसवा विधुत उपकेंद्र का केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया लोकार्पण

संवाददाता। फतेहपुर



**सदर तहसील** क्षेत्र के हसवा विकास खंड क्षेत्र के हसवा कस्बे में पिछले 04 वर्षो से मंद गति से बन रहे 33/11 केवी विद्युत नवनिर्मित उपकेंद्र का केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने फीता काट कर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जितना विकास भाजपा सरकार ने किया है। उतना विकास विपक्षी सरकारों नहीं किया है। शहर और गांव में बिजली, पानी, सडकों की स्तिथि बहुत खराब थी। लोगों को गाँव से जाने कीचड़ से निकलना पड़ता था। जब 2014 में भाजपा की सरकार बहुमत बनी तो शहर और गाँव के विकास के लिए डोर टू डोर कार्य करने के बजट पास होने के बाद सड़क, बिजली, पानी की सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार ने कोविड 19 महामारी के रोकथाम के लिए देश में वैक्सीनेशन का बहुत बड़ा फैसला किया और घर घर टीका लगाया जा रहा है और जनपद में 1348 राजस्व गावों में पानी की टंकी निर्माण के लिए बजट आ गया है। जिन गाँव में पानी टंकी नहीं बनीं है। वहाँ पर टंकी निर्माण शुरू कर दिया जायेगा। जब हसवा कस्बे में आई थी तो ग्राम प्रधान आनन्द पाल सिंह ने पावर हाउस के लिए मांग किया गया था। जिसका आज लोकार्पण कर दिया है। हसवा के अन्तर्गत आने वाले परिवारों और किसानों को 24 घंटे बिजली दी जायेगी। जिससे सभी को पूरा फायदा मिलेगा। हसवा जेई जितेंद्र मौर्य ने बताया कि हसवा उपकेंद्र के अन्तर्गत 10 गावों के लिए सप्लाई की जायेगी। उपकेंद्र परिचालन के लिए ध्यान सिंह, अखिलेश, शिव नंद और लाइमैन के लिए पप्पू और विश्राम को डयूटी पर लगाया गया है।


वही केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने नवनिर्मित हसवा सीएचसी का भी निरीक्षण करते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुपम सिंह जानकारी लिया। जिसमें उपकेंद्र में महिला डाक्टर और एक आरओ प्लांट की मांग किया। इस पर केन्द्रयी मंत्री ने कहा कि जैसे ही बजट आता है वैसे ही हसवा सीएचसी परिसर में आरओ प्लांट लग जायेगा। प्रसव रूम और दवा रूम का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रयागराज अधिशाषी अभियंता माध्यमिक कार्य खंड राजेश कुमार मौर्य, एसडीओ गुलाब कोटेयार, मुख्य अभियंता इंजीनियर विनोद गंगवार, अधीक्षण अभियंता राकेश पाडेय, अधिशाषी अभियंता मेघसिह, उप खंड अधिकारी मो जाहिद सिद्दीकी एवं सदर सपा विधायक चंद्र प्रकाश के बेटे के प्रतिनिधि के रूप में, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अक्षय कुमार लोधी, विनोद केशरी, बृजनंदन, अश्विन गौड़, रामकुमार सिंह, हसवा ग्राम प्रधान राशिद राईन, अंशू सिंह, अजय सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, सुभाषचंद्र पासवान, आदि मौजूद रहे।

## प्रेशर ट्राली में दबने से किसान की मौत

**फतेहपुर।** ट्रैक्टर की प्रेशर ट्राली में दबने से किसान की दबकर मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव के सुकरू का डेरा निवासी जगरुप किसानी का काम करते थे। वह सुबह प्रेशर ट्राली उठाकर टायर खोल रहे थे। अचानक प्रेशर डाउन होने से ट्राली के नीचे जगरुप दब गया। हादसा देखकर परिजन दौड़कर पहुंचे। चचेरे भाई जयचंद्र ने बताया कि घायल जगरुप को जिला अस्पताल लेकर आए। यहां डाक्टर ने हालत गंभीर देखकर कानपुर हैलट रेफर किया। कानपुर हैलट में इलाज दौरान दोपहर को मौत हो गई। जिसके बाद शव लेकर लौट आए। जगरुप की बड़ी बेटी शर्मिला की शादी तय राजापुर जिला चित्रकूट में तय है। कुछ महीने बाद शादी होनी थी। शर्मिला, सपना, रोशनी समेत सात बेटियां और एक बेटा आशीष है। कई साल पहले जगरुप की पत्नी की मौत हो गई थी।

## दिव्यांग बन्धु की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

● समस्याओं का किया जाये प्राथमिकता से निस्तारणः जनसेवक



**फतेहपुर।** दिव्यांग बन्धु लोकल बॉडी कमेटी एवं डीएमटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र दिव्यांगों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाए। उन्होंने दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन विभागों से दिव्यांगों के हित–लाभ की योजनाएं संचालित होती है। उन योजनाओं और विभागो को चिन्हित करते हुए बैठक के एजेंडा बिन्दु में सम्मिलित किया जाए। शासकीय विभागों में कार्यरत दिव्यांग बन्धुओ में जो अच्छे कार्य कर रहे है उनका हौसला अफजाई करते हुए प्रशस्ति पत्र दिलाया जाए। बैठक में दिव्यांग भरण पोषण अनुदान (पेंशन), कृत्रिम अंग उपकरण योजना, दिव्यांग शादी पुरस्कार योजना, दिव्यांगों के लिए यूडीआईडी कार्ड, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की स्थापना सम्बंधी योजनाओ की समीक्षा की गयी और पिछली बैठक की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जिन पात्र दिव्यांग बन्धुओ के आयुष्मान योजना के तहत गोल्डन कार्ड नही बने हैं व यूडीआईडी कार्ड लंबित है। उनका नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द बनाये जाने के निर्देश सम्बंधित को दिए। दिव्यांग बन्धुओ के दिव्यांग प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराया जाए ताकि उन्हें योजनाओ का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि समिति सदस्यों द्वारा दिये गए सुझाव का नियमानुसार कार्यवाही करके अमल में लायी जाएगी। पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक ने कहा कि दिव्यांगों की समस्याओं का नियानुसार त्वरित निस्तारण करते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ से आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बन्धुओ की सहमति से ससुर खदेरी नदी भाग–1 को पुनर्जीवित करने हेतु एक दिन के लिये दिव्यांगों द्वारा श्रमदान किया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि सभी थानों में दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान सम्मान एवं वरीयता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सेवा योजना अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सहित समिति के सदस्य व दिव्यांगजन आदि उपस्थित रहे।

# आईजी के निरीक्षण में खामियों पर फटकार से बचने के लिए पत्रकारों से उलझ गए एसपी

संवाददाता। जगदीशपुर, अमेठी

**आईजी ने** कोतवाली जगदीशपुर का निरीक्षण किया और वहीं समाधान दिवस के मौके पर जनसुनवाई रजिस्टर चेक किया जहां उसमे कमी मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई तो एसपी कवरेज कर रहे पत्रकारों पर भड़क गए तथा उनके साथ अभद्रता करते हुए परिसर से बाहर जानें को कहा।

जगदीशपुर कोतवाली का पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या कवींद्र प्रताप सिंह ने वार्षिक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने मालखाना बैरक साफ सफाई बन्दी गृह कार्यालय व विभिन्न अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया और वहीं पुरानी व जर्जर बिल्डिंग की नीलामी को लेकर नाराजगी भी व्यक्त की । वहीं कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर जनसुनवाई रजिस्टर को चेक किया तो पूर्व समाधान दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण न होने के कारण आईजी कबींद्र प्रताप सिंह आग बबूला हो गए और वहीं समाधान दिवस पर आई हुई एक महिला ने आईजी से आप बीती सुनाई।आईजी कबींद्र प्रताप सिंह ने आलाधिकारियों को फटकार लगाई तो वहीं मौजूद पत्रकारों ने खबर कवरेज करने की कोशिश की तो एसपी दिनेश सिंह पत्रकारों पर आगबबूला हो गए और उनके साथ अभद्रता करते हुए कोतवाली परिसर से बाहर जानें को कहा जिसको लेकर पत्रकारों में आक्रोश है। निरीक्षण से पहले सलामी दी गई उसके बाद परिसर में वृक्षारोपण किया । आखिर फटकार का डर होता तो बन्द कमरे में मुआयना करवाते पब्लिक प्लेस पर नहीं ।


थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए आईजी

## पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र ने किया थाने का वार्षिक निरीक्षण

**अमेठी ।** आज पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या श्री कवीन्द्र प्रताप सिंह द्वारा थाना जगदीशपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया । सर्वप्रथम सलामी गार्द द्वारा पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या महोदय को सलामी दी गयी । सलामी के उपरान्त थाने के आवासीय परिसर, बैरक, कार्यालय, शस्त्रागार, मालखाना, मेस तथा कार्यालय के अभिलेखों आदि का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान बैरक में कर्मचारियों के अच्छी सुविधा के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया । निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधि0/कर्मचारीगणो से शस्त्रों की साफ-सफाई, रख-रखाव व खोलने व बांधने के की जानकारी ली गयी तथा उपस्थित अधि0/कर्म0 को शासन व उच्चाधिकारीगण के आदेशों के पालन हेतु निर्देशित किया गया । थाने की साफाई, शस्त्रो का रख-रखाव तथा कार्यालय के अभिलेख एवं उनका रख-रखाव अच्छा पाया गया । निरीक्षण के उपरान्त पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अर्पित कपूर, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षणाधीन श्री मयंक द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर अरुण कुमार द्विवेदी तथा अन्य अधि0/कर्म0 मौजूद रहे ।

## क्विक न्यूज

### शस्त्र फैक्ट्री का भंड़ाफोड़

**अमेठी ।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 शिवनारायन सिंह थाना जायस मय हमराह व उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार वर्मा एसओजी प्रभारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हैदर पुत्र हैदर अली पुत्र रज्जब अली नि0 पूरे मालिन मजरे भनौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को अवैध शस्त्र बनाते हुए आलमपुर गांव के पास सूखे नाला से समय करीब 02:40 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया । 01 अभियुक्त अन्धेरें का फायदा उठाकर भाग गया । अभियुक्त के कब्जे से 07 अदद तमंचा 12 बोर, 01 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद कारतूस व भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण 03 अदद अर्ध निर्मित नाल, 02 अदद पाइप, 03 अदद तमंचा बनाने की बॉडी, 12 अदद ट्रिगर, लोहे की पत्ती, सुम्मी, रेती, हथौड़ी, 01 अदद सिलेण्डर मय चूल्हा आदि सामान बरामद हुआ ।
पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि हम लोग इसी तरह सून-सान जगह जो आबादी से दूर हो तथा जहां कोई आता-जाता ना हो मिलकर अवैध तमंचा बनाते है व सुबह होने पर बने हुए तमंचों को बेचने के लिये साथ ले जाते है तथा शेष सामान को गड्ढा खोदकर दबा देते है । पूछने पर फरार अभियुक्त का नाम पप्पू पुत्र अज्ञात नि0 जनपद सुल्तानपुर बताया । थाना जायस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### घर से गायब छात्र चंडीगढ़ से हुआ बरामद

**घर पहुँचते ही परिजनों में छायी खुशियों की लहर**

**अमेठी ।** बीते दिनों घर सेनलापता छात्र को परिजनों ने चंडीगड़पुलिस की मदद से बरामद कर लिया है। मिलने की खबर घर पहुँचते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। विदित हो कि मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर करनाईपुर वासी बड़ेलाल यादव का पुत्र सौरभ जो सरस्वती शिशु मन्दिर अमेठी से पड़कर 16 मई को लगभग 1 बजे के करीब घर से कॉपी लेने के बहाने बाजार गया, फिर मुड़कर घर वापस नहीं आया। देर होता देख परिजन किसी अप्रिय घटना से अशंकित हो, उसकी आसपास के क्षेत्र व रिश्तेदारी में खोजबीन शुरू कर दिये। जिसका कही पर कोई सुराग नहीं लगा। परिजन संग्रामपुर पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी। तथा खुद भी उसकी तलाश में लगे रहे। अन्तोगत्वा उन्हें किसी अज्ञात ड्राइवर द्वारा अपने पुत्र की सूचना चंडीगड़रेलवे स्टेशन के पास होटल में मिली। जिस पर परिजन चंडीगड़पहुँचकर पुलिस की मदद से छात्र को सकुशल बरामद किया। छात्र ने घटना के बारे में बताया कि अज्ञात युवक द्वारा उसे अच्छी नौकरी का झांसा देकर बुलाया गया। वहाँ पहुँचते ही सबसे पहले मेरा मोबाइल रख लिये, और हमें वहाँ प्रता?ित करने लगे। तथा परिजनों आदि से बात करने पर प्रतिबंध लगा दिया। किसी तरह वहाँ के क्षेत्रीय लोगो की मदद से इसकी सूचना परिजनों को दिया। जिस पर परिजन चंडीगड़पुलिस की मदद से होटल से मुक्ति दिलाये। अपने घर पहुँचते ही सौरभ राहत की सांस ली। और उसे अपने द्वारा की हुई गलती का बार बार अहसास हो रहा था।परिजन भी बहुत गदगद दिखाई दे रहे थे।

### सलोन कोतवाली में जब्त दोपहिया वाहनों की नीलामी

**सलोन,रायबरेली।** सलोन कोतवाली में जब्त दोपहिया वाहनों की नीलामी शनिवार दोपहर को कराई गई। सुबह से ही यहां खरीददारों की भीड़ जमा रही। वाहनों को देखने और उसकी कीमत का अंदाजा लगाने के लिए करीब आधा दर्जन लोग मौजूद रहे।सर्वाधिक बोली 72हजार रुपये लगाकर करहिया निवासी कबाड़ व्यवसाई ने 14 मोटर साइकिल को नीलामी में खरीद लिया।वही सरकारी नीम के पेड़ को चार लोगों ने 95सौ रुपये में बोली लगाकर खरीद लिया।शनिवार को उपजिलाधिकारी आशाराम वर्मा की अध्यक्षता में मोटर साइकिल और नीम के पेड़ की नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई।उपजिलाधिकारी आशाराम के नेतृत्व में लावारिस खड़ी मोटर साइकिलों की सरकारी बोली 22600 से आगे लोगो ने बोली लगानी शुरू की।इस दौरान दर्जनों राउंड बोली के दौरान पांच लोगो द्वारा बोली में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया।जिसमें 4 लोगो ने बोली लगाई थी।वही धर्मेश साहू निवासी करहिया बाजार टोल प्लाजा ने सबसे ज्यादा 72000 रुपये की बोली लगाकर 14 मोटर साइकिल को खरीद ली है।इसके बाद 72सौ सरकारी नीलामी बोली में चार लोगों द्वारा नीम के पेड़ की सर्वाधिक बोली लगाकर 9500 सौ में नीम का पेड़ विश्वनाथ प्रताप ने ले लिया।इस मौके पर सीओ सलोन,कोतवाली प्रभारी संजय त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**ऊंचाहार,रायबरेली।** शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना,इस दौरान कुल आई 30 शिकायतों में सिर्फतीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस वा राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। सीओ अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्या सुनी।जिसमें सांवापुर नेवादा गांव की सीमा देवी ने पड़ोसियों द्वारा जमीन पर अवैध कब्जे की वही सवैयाधनी गांव के शिव कुमार ने गांव के ही कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक रास्ते में निर्माण कर मार्ग अवरुद्ध करने का प्रार्थना पत्र दिया। गंगेहरा गुलालगंज गांव निवासी राम अभिलाष ने शिव मंदिर की भूमि से अवैध कब्जे को हटवाए जाने की गुहार लगाई। फाजिल नगर गंगौली गांव निवासी छत्रपाल ने भी दबंगों द्वारा सार्वजनिक मार्ग व नाली को अवरुद्ध करने की शिकायत की।अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने आई हुई सभी शिकायतों को सुनने के बाद संबंधितों को मौके का निरीक्षण कर गुणवत्ता पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गये है। इस मौके पर कोतवाल शिव शंकर सिंह,एडीओ पंचायत संजीव जायसवाल,समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बछरावां नगर में दोबारा चला अतिक्रमणकारियों पर बाबा का बुलडोजर



**बछरावां रायबरेली।** कस्बा में सड़क पर जारी अतिक्रमण के विरुद्ध उप जिलाधिकारी शालिग्राम वर्मा क्षेत्राधिकारी राम किशोर सिंह प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव एवं नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी स्वेता सिंह व कर्मचारियों द्वारा की गई बड़ी कार्यवाही। विगत 4 दिन पूर्व सड़क पर हो रहे अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर हटाया गया था किंतु पटरी दुकानदारों में कुछ ने हटा लिया और कुछ ने नहीं हटाया था इसके लिए बीते दिवस बछरावां प्रशासन द्वारा एलाउंसमेन्ट करवा कर पटरी दुकानदारों को सचेत किया था कि आप सभी नाले के बाहर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण ना करें। आज शनिवार के लिए अल्टीमेटम दिया गया था। थाना दिवस होने के कारण दोपहर 2रू00 बजे तक फरियादियों की फरियाद सुनने के उपरांत उप जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक महाराजगंज रोड से अस्पताल चौराहे तक बचे हुए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटा दिया गया है और सख्त निर्देश दिया गया है कोई भी पटरी दुकानदार नाले की इस पार किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं करेगा अन्यथा उसके ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**प्राण जाहि पर वचन न जाई**

# श्रीराम कथा के सातवें दिन राम वन गमन कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

संवाददाता। तिलोई ,अमेठी

**प्रदेश सरकार के** राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के संरक्षकत्व में क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित आरबीएस इण्टर कालेज के प्रांगण में चल श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने राम वनवास के प्रसंग का मार्मिक प्रवचन दिया।अयोध्या में राम के राजतिलक की तैयारी, कैकेयी के कोप भवन में प्रवेश, राजा दशरथ की मनुहार में दो वरदान देते हुये श्रीराम को वनवास की आज्ञा देना, सीता, लक्ष्मण सहित राम का वन गमन और चित्रकूट में भरत मिलाप के प्रसंग के माध्यम से रामायणकालीन पारिवारिक, सामाजिक व राजनीतिक मूल्यों को बताया।आचार्य ने कहा कि राम के वनगमन व कोप भवन के घटनाक्रम की जानकारी बाहर किसी को नही थी। कैकेयी अपनी जिद पर अ?ी थी। राजा दशरथ उन्हें समझा रहे थे। राम के निवास के बाहर भारी भी? थी। लक्ष्मण भी वहीं थे। महल में पहुंचकर राम ने पिता को प्रणाम किया फिर पिता से पूंछा क्या मुझसे कोई अपराध हुआ है। कोई कुछ बोलता क्यों नहीं। इस पर कैकयी बोली महाराज दशरथ ने मुझे एक बार दो वरदान दिये थे।उन्होंने कहा कि राम,सीता और लक्ष्मण वन जाने से पहले पिता का आशीर्वाद लेने गये। महाराज दशरथ दर्द से कराह रहे थे तीनों रानियां वही थीं। मंत्री आसपास थे। मंत्री रानी कैकेयी को अब भी समझा रहे थे। ज्ञान, दर्शन, नीति-रीति, परंपरा सबका हवाला दिया। कैकेयी अ?ी रहीं। राम ने कहा राज्य का लोभ नहीं है।उन्होंने कहा कि जैसे ही राम महल से निकले माता कौशल्या को कैकेयी भवन का विवरण दिया और अपना निर्णय सुनाया। राम वन जायेंगे कौशल्या यह सुनकर सुध खो बैठी। लक्ष्मण अब तक शांत थे पर क्रोध से भरे हुए। राम ने समझाया और उनसे वन जाने की तैयारी के लिए कहा। कौशल्या का मन था कि राम को रोक लें। वन न जाने दें। राजगद्दी छोड़ दें पर वह अयोध्या में रहें।श्रीराम कथा के सातवें दिन यजमान अंकिता सिंह, बबलू सिंह के साथ मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अंकुर लाठर, सीआरपीएफ के कमांडेंट अमित सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, भवानी दत्त दीक्षित, राम उजेर शुक्ला,सुरेश त्रिबेदी,मीनाक्षी सिंह सहित अन्य तमाम लोगों ने कथा व्यास शान्तनु जी महाराज का फूल मालाओं से स्वागत एवं आरती पूजन किया।कार्यक्रम के आयोजक राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने श्रीराम दरवार का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।श्रीराम कथा के सातवें दिन समाजसेवी अमरजीत सिंह द्वारा श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया गया।इस मौके पर रानी उपासना सिंह,अर्चना सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह,उत्कर्ष शरण सिंह, मुन्ना सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, अंकित पासी,रत्नाकर त्रिपाठी,तेजभान सिंह, प्रमोद कुमार ओझा,संजय सिंह,अमिता गौतम,मोनू जायसवाल,मनीष सिंह, संदीप सिंह,कार्तिकेय शुक्ला, ध्रुवराज पासी,विपुल सिंह, दिनेश पाण्डेय,भाष्कर सिंह, हेमेन्द्र प्रताप सिंह,गुडडू सिंह,अंकुर शुक्ला,रवि शंकर तिवारी सहित हजारों की संख्या में श्रोताओं ने कथा श्रवण किया।


कथा का प्रवचन करते कथा वाचक


कथा का श्रवण करते हुए राज्यमंत्री व अन्य

# एनटीपीसी ने नक्कड़ नाटक से स्वच्छता की जगाई अलख



**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार के एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम चल रहा है। आसपास के गांवों की भाग लें रही 114 बालिकाओं ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत डीएवी स्कूल के परिसर में वृक्षारोपण करके जहां पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया वहीं श्स्वच्छता को अपनाना है, देश को स्वच्छ बनाना हैश् के नारे को एक स्वर से बोलकर बालिकाओं ने स्वच्छता की अलख जगाई। परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक अभय कुमार समैयार तथा प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा मनीषा समैयार की अगुवाई में सभी जेम की बालिकाओं ने आम, अमलतास तथा अन्य फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण में सभी बालिकाओं का साथ परियोजना के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अरिंदम बनर्जी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एस के झा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) स्वप्न कुमार मंडल, महाप्रबंधक (एनएसए) अनिल कुमार डैंग, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) वंदना चतुर्वेदी, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि, अन्य विभागाध्यक्ष व जेम कार्यक्रम की सहयोगी संस्था हीरो माइंडमाइन की फैकल्टी सदस्याएं, महिला क्लब की वरिष्ठ पदाधिकारी आदि ने सहयोग किया तथा उन्हें स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।सभी बालिकाओं ने स्वच्छता रैली निकालकर ऊर्जा विहार परिसर को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा श्स्वच्छ भारत, सुन्दर भारतश् पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया। छात्र-छात्राओं की अदाकारी को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे और सभी ने सम्वेत स्वरों में नन्हें कलाकारों की भूरि-भूरि सराहना की।

# शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक युवक को मौके से गिरफ्तार किया है, जिसके पास से अवैध व अर्द्ध निर्मित असलहे व असलहा बनाने का उपकरण भी बरामद किया गया है,पकड़े गए युवक को जेल भेजा गया है।

लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर अरखा के निकट पहलवान वीर बाबा के सामने झाड़ियों के पीछे संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर पुलिस ने शुक्रवार की मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की, जहां मौके पर असलहा बना रहे वीरेंद्र उर्फखबरी पुत्र रामनरेश विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, इसके अलावा मौके पर पुलिस ने दो 312 बोर के अवैध तमंचे, दो अर्द्ध निर्मित 312 व 315 बोर के तमंचे, इसके अलावा शिकंजा, धौंकनी, आरी, हथौड़ी, पांच लोहे के पाइप, चिमटा आदि असलहे बनाने के उपकरण को भी बरामद किया गया।पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेजा है।कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि अवैध असलहा बनाते वीरेंद्र उर्फ खबरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है जो पूर्व में भी आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा जा चुका है और बीते दिनों इस पर गुंडा एक्ट अधिनियम के तहत भी कार्यवाही की जा चुकी है।

### कारागार का संयुक्त निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया गया। अधिकारी गणों द्वारा कारागार का विस्तृत निरीक्षण करते समय प्रत्येक बैरकों के बंदियों से भी वार्तालाप किया गया। कारागार की व्यवस्था, सफाई व स्वच्छता पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। कारागार में निरुद्ध पुरुष बन्दियों और महिला बंदियों हेतु संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण की प्रशंसा की गयी। निरीक्षण के दौरान कारागार की पाकशाला, चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को भी सराहा गया। जिलाधिकारी द्वारा औधेगिक कार्यों-दफ्तरी लिफाफे, अखबारी कागज के लिफाफे, झोले और ओ0डी0ओ0पी0 के अन्तर्गत काष्ठ कला के माध्यम से वस्तुओं को बनाने हेतु बंदियों को प्रशिक्षित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय, रायबरेली के चिकित्सकों की टीम द्वारा बन्दियों का एच0आई0वी0 परीक्षण किया गया।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रेम प्रकाश उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, कारागार के अधीक्षक अविनाश गौतम, जेलर सत्य प्रकाश उप जेलर अनिल कुमार विश्वकर्मा, उपजेलर, वन्दना गौतम, उपजेलर वीरेन्द्र विक्रम सिंह, कारागार चिकित्सक डा0 सुनील अग्रवाल, डा0 संदीप श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत निकली प्रभात फेरी

**अमेठी।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को वाहनों की गति सीमिति रखने, सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने बताया कि संड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर अपनी व परिवार की सुरक्षा हम स्वयं कर सकते हैं। साथ ही साथ महाविद्यालय के एन0सी0सी0 कैडेट्स ने भी लेफ्टीनेन्ट डॉ0 उमेश सिंह के निर्देशन में गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि सर्वेश सिंह ए0आर0टी0ओ0 अमेठी ने टैफिक नियमों के पालन करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कैडेट्स को समाज एवं अपने परिवार के लोगों को स?क पर चलते समय सुरक्षित यातायात हेतु जागरूता फैलाने की बात कही। उक्त कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। जागरूकता सप्ताह एवं संगोष्ठी में मुख्य कुलानुशासक डॉ राधेश्याम तिवारी, डॉ ओ पी त्रिपाठी, डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ दुष्यंत प्रताप सिंह,अनादि कुमार मिश्रा, कार्यलय अधीक्षक मुमताज आलम, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 सुधीर सिंह तथा डॉ0 दिलीप कुमार सिंह, डॉ0 विजय कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्र , डॉ0 कयूम खॉन आदि प्राध्यापक एवं कर्मचारियों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ ली गयी।

### निमंत्रण में आये युवक की बाइक चोरी

**तिलोई,अमेठी ।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में निमंत्रण में आये युवक की बाइक चोरों ने पार कर दी।पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत थाने पर की है।थाना क्षेत्र के गांव कैथागांव मजरे धीरापुर निवासी अनुज कुमार गुरुवार को महेशपुर गांव में निमंत्रण में गया था।भोजन करने के बाद जब वह अपनी बाइक के पास गया तो वहां से उसकी बाइक नदारद मिली ।पीड़ित ने थाने पर लिखित शिकायत की है।मामले पर थानाध्यक्ष शिवरतनगंज शेषनाथ सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है।

## उप्र पंजा-कुश्ती प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र को पहला स्थान



संवाददाता। ऊंचाहार

**एनटीपीसी** परियोजना के आवासीय परिसर में संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र ने उप्र पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिससे कालेज सहित क्षेत्र के लोगों में खुशी है। कालेज के प्रधानाचार्य ने इसके लिए छात्र को सम्मानित करते हुए नेशनल चैंपियनशिप में विजय हासिल करने का आशीर्वाद दिया।गौरतलब है कि ब्लाक क्षेत्र के धनेही गांव निवासी रामबरन गिरी का बेटा नितिन गिरी कालेज में इंटर का छात्र है। उसने कल्यानी गर्ल्स इंटर कालेज इटावा में आयोजित 34 में उत्तर प्रदेश पंजाब कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। यह आयोजन 21 और 22 मई को हुआ था जिसमें नितिन गिरी ने 65 किलो भार वर्ग में प्रदेश के अन्य जनपदों से आए खिलाडियों को हराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से गदगद कालेज प्रबंधन ने छात्र को सम्मानित किया। कालेज के प्रधानाचार्य बालकृष्ण सिंह ने छात्र व उसके पिता को मिठाई खिलाया और प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कालेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष राजेश सिंह सर्वेश सिंह चौहान आर पी बाथम गया प्रसाद साहू शिक्षक दुर्गेश चंद पांडेय जय सिंहएअरुण त्रिपाठी अशोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## निष्पक्ष, निर्भीक पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें दोषियों के विरुद्ध कर्रवाई

संवाददाता। रायबरेली



**जिलाधिकारी माला** श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने थाना भदोखर में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्या को गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुने और उसका समय से निस्तारण करें। जिसे थाना प्रभारी/अधिकारी संवेदनशीलता व गम्भीरता से लेकर समस्याओं का निराकरण समयबद्ध गुणवत्तायुक्त तरीके से करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी जांच आदि पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करें तथा निर्दोष के खिलाफ फर्जी कोई कार्यवाही न की जाये। जिलाधिकारी ने थाना दिवस समाधान दिवस रजिस्टर को चेक करने पर राम नरेश पुत्र स्व0 बजरंगी निवासी पूरे नाखा मजरे कनौली थाना भदोखर थाना दिवस रजिस्टर में उनके अंतिक फोन नम्बर पर फोन करके पूछा कि आपके चकरोड सम्बन्धी विवाद का निस्तारण हुआ कि नही। जिसपर राम नरेश ने बताया कि मेरी समस्या प्रशासन द्वारा निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने राजस्व सम्बन्धित विवादों के लम्बित प्रकरणो पर सम्बन्धित लेखपालों को कड़ी फटकार लगाते हुए राजस्व सम्बन्धित विवादों का सयुक्त टीम बनाकर तत्काल नियमानुसार निस्तारण की कार्यवाही करे। डीएम-एसपी ने थाना भदोखर में आयोजित थाना दिवस पर आम जन की समस्याओं/फरियादियों को सुना और उनके निराकरण के निर्देश सम्बन्धित थाना प्रभारी व अधिकारियों को दिये। उन्होंने निस्तारण के समय शिकायतकर्ता को सूचित किया जाये और उसकी उपस्थिति में शिकायत का समाधान कराएं और निस्तारण की एक प्रति शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराये।इस मौके पर थाना प्रभारी/पुलिस कर्मी सहित फरियादी लोग उपस्थित रहे।

# इस चाल से अब चकरा गए बड़े-बड़े

- गलती की ग्रामीण क्षेत्र के इंजीनियरों ने और निलंबित हो गए शहरी क्षेत्र के एक्सईएन एई और जेई
- सवाल-जब जांच हुई ही नहीं तो किस रिपोर्ट के आधार पर हो गई कार्रवाई
- बिना अभिमत जाने तीन इंजीनियरों को दे दी इतनी बड़ी सजा, किसे बचाने को एक माह तक रोकी गई रिपोर्ट?
- जिस एक्सईएन और एई के कहने पर जेई ने एफआईआर लिखाई, उन्हीं लोगों को कर दिया सस्पेंड

संवाददाता। बस्ती

**शहरी** क्षेत्र के एक्सईएन, एई और जेई के निलंबन के तरीके को लेकर सवाल खड़े हो रहे है। इस मामले में रिपोर्टिगं करने वाले अधिकारियों से लेकर सजा सुनाने वाले एमडी तक की भूमिका पर सवालिया निशान लग रहे है। अनियमित और मनमाने तरीके से किए गए निलंबन की कार्रवाई को लेकर धरने पर बैठे इंजीनियरों का कहना है, बिना जांच कमेटी के रिपोर्ट दिए और आरोपी इंजीनियरों का अभिमत बिना सुने कैसे और किस आधार पर इतनी बड़ी कार्रवाई कर दी गई? आरोप लगाया कि एक अधिकारी का प्रमोशन और दूसरे का रिटायरमेंट खराब न हो इसके लिए एक्सईएन संतोष कुमार, एई मनोज कुमार यादव और जेई कृष्ण कुमार को निलंबित कर दिया। यह भी कहा कि गलती विधुत वितरण खंड तृतीय के एक्सईएन, एई और जेई ने की और कार्रवाई शहरी क्षेत्र के तीनों इंजीनियरों के खिलाफ कर दी गई। यह भी सवाल उठ रहा है, अगर शहरी क्षेत्र एक्सईएन, एई और जेई ने गलती की तो फिर आनन-फानन में 27 पोल, तार और टासंफारमर क्यों मौके से गायब कर दिए गए। जबकि यह क्षेत्र ग्रामीण में पड़ता है। यह भी कहा गया कि अगर गलती शहरी क्षेत्र के इंजीनियरों से हुई थी तो फिर क्यों शहरी क्षेत्र के जेई ने एक्सईएन और एई के निर्देश पर एफआईआर दर्ज करवाया। इस कार्रवाई को लेकर जो सबसे बड़ा सवाल मुख्य अभियंता के उस पत्र पर उठ रहा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि सात मई 22 तक उन्हें जांच रिपोर्ट नहीं मिली। अब सवाल उठ रहा है, जब सात मई तक रिपोर्ट ही नहीं मिली तो वह कौन सी ऐसी रिपोर्ट थी, जो एक माह पहले दी गई थी, और जिसे आधार बनाकर 21 मई 22 को इतनी बड़ी कार्रवाई कर दी गई। सवाल यह भी उठ रहा है, कि आखिर किस-किस अधिकारी को लाभ पहुंचाने के लिए रिपोर्ट को एक माह तक दबाए रखा गया। वहीं पर यह भी कहा गया कि अगर जांच टीम ने 21 अप्रैल 22 को ही अपनी रिपोर्ट दे दी तो फिर मुख्य अभियंता ने यह क्यों लिखा कि सात मई 22 तक जांच टीम ने रिपोर्ट नहीं दी। इस पूरे मामले में अगर कोई दंड का भागीदार है, तो वह हैं, ग्रामीण विधुत वितरण खंड तृतीय के इंजीनियर क्यों कि इन्हीं के क्षेत्र में गड़बड़ी हुई, और इन्होंने आज तक शहरी क्षेत्र के एक्सईएन के उस पत्र का जबाव नहीं दिया, जिसमें 21 जनवरी 22 को लिखा गया था, 33/11 केवी विधुत केंद्र बड़ेबन पर कार्यरत अवर अभियंता द्वारा 18 जनवरी 22 उपखंड अधिकारी विधुत वितरण उपखंड अमहट को अवगत कराया गया, कि श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल के पास ग्रामीण क्षेत्र के तहत लाइन का निर्माण किया गया, जो आपका क्षेत्र हैं, जिसका टेपिंग प्वांइट शहर की लाइन के पास स्थित है। पत्र में स्पष्ट लिखा गया कि परिसर की जांच कराकर अपने स्तर से नियमानुसार विभागीय कार्रवाई करें, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचा सके, और विभाग की छवि न धूमिल हो, धरने पर बैठे इंजीनियरों का कहना है, कि इस पत्र के आधार पर अगर तृतीय खंड के एक्सईएन कार्रवाई कर देते तो आज न विभाग की इतनी बदनामी होती और न तीन निर्दोष इंजीनियरों को सजा ही मिलती। कहा तो यह भी जा रहा है, कि जो विधिक कार्रवाई ग्रामीण क्षेत्र विधुत वितरण खंड तृतीय के एक्सईएन को करना चाहिए था, उसे शहरी क्षेत्र के एक्सईएन, एई और जेई ने किया, जिसकी सजा तीनों को निलंबन के रुप में मिली। 27 पोल की लाइन बिछाने के मामले में एक प्रापर्टी डीलर को लाभ पहुंचाने की चर्चा जोरों पर है। लाइन बिछाने के बाद वहां की जमीने मंहगी हो जाती। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है, कि अगर ग्रामीण के इंजीनियरों ने नियमानुसार लाइन बिछाया तो फिर रातों-रात पोल, तार और टांसफारमर को वहां से हटा क्यों दिया गया? इसमें एक बड़ी डील होने इंकार नहीं किया जा सकता। अगर मीडिया में इसका खुलासा न होता तो साजिशकर्त्ता अपने मकसद में कामयाब हो जाते। इतनी बड़ी कार्रवाई करके चीफ इंजीनियर से लेकर एमडी ने वाहवाही तो खूब बटोर ली, मगर लगता है, कि कार्रवाई करने में जल्दबाजी कर दी गई, क्यों कि धरने पर बैठे इंजीनियरों का कहना है, कि अगर जांच रिपोर्ट एक माह पहले एमडी के पास भेज दी जाती तो अधीक्षण अभियंता का चीफइंजीनियर पद पर प्रमोशन नहीं होता, जब उनका प्रमोशन हो गया, तब रिपोर्ट भेजी गई, क्यों कि वह इस योजना के सीईओ हैं, और ग्रामीण क्षेत्र के एक्सईएन इसके नोडल है। मगर जल्दबाजी में अधिकारी गलती कर गए, और ऐसे इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई कर दी, जिनकी कोई भी गलती नजर नहीं आ रही है, और जिन लोगों की गलती नजर आ रही है, उसे अभदान दे दिया गया। इन इंजीनियरों के द्वारा लगभग पांच माह पहले ग्रामीण क्षेत्र के एक्सईएन को लिखे पत्र और अज्ञात लोगों के खिलाफ एआईआर दर्ज कराना यह साबित करता हैं, कि कार्रवाई गलत हुई और यह किसी को लाभ पहुंचाने के नीयत से की गई। बहरहाल अगर इस मामले में गलती को जल्दी नहीं सुधारा गया, और सम्मान के साथ इंजीनियरों की बहाली नहीं की गई तो यह आंदोलन धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल सकता है। कहा गया कि विभाग को न सिर्फअपनी गलती को सुधारना हैं, बल्कि उसे असली इंजीनियरों के खिलाफ निलंबन जैसी कार्रवाई भी करनी है। तभी विभाग की छवि सुधर सकती है। वैसे अगर विभाग ने गलती को नहीं सुधारा तो कोर्ट सुधार देगा, तो फिर शायद ऐसे में कई बड़े लोग चपेट में आ सकते हैं। वैसे मामले को कोर्ट तक ले जाने की बाते धरना-प्रदर्शन के दौरान उठ रही है।

## सीएम से मिले विधायक अंकुर राज



**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद विधानसभा के विकास को लेकर विधायक अंकुर राज तिवारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान खलीलाबाद विधानसभा के गांवों की बिजली-पानी, रोडवेज सड़क, रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने विकास की बड़ी सौगात देने का वादा किया। विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि वह चुनाव जीतने के बाद से ही क्षेत्र के विकास कार्यों में जुटे हैं। लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए वह लगातार अधिकारियों के साथ बैठक भी कर रहे हैं। प्रदेश सरकार सभी जिलों में मेडिकल कालेज की व्यवस्था में लगी है। यहां भी मेडिकल कालेज बनना है। उसके लिए भूमि की तलाश की जा रही है। लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिले, इसके लिए वह मुख्यमंत्री से मिले हैं। इसके साथ ही अन्य विभागों के विकास कार्यों को लेकर वह लगातार मंत्रियों से मिलकर क्षेत्र में आने और विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की मांग कर रहे हैं। शहर में अंडरपास के लिए रेल मंत्री से मिले थे। इस पर रेलवे ने काम भी शुरू कर दिया है। विधायक ने कहा कि शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को अयोध्या का प्रतिमा भेंट की।

## स्वस्थ जीवन के लिए माहवारी में स्वच्छता जरूरी

- माहवारी स्वच्छता दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम
- किशोरियों व महिलाओं को किया गया जागरूक



किशोरी और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता बताती डाक्टर सीमा सिंह पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**माहवारी** स्वच्छता दिवस पर शनिवार को जिला महिला अस्पताल के साथिया केंद्र पर आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मौजूद किशोरियों व महिलाओं को बताया गया कि स्वस्थ व खुशहाल जीवन के लिए माहवारी में साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। सभी लोगों को यह समझना होगा कि यह महिलाओं के जीवन की एक प्रक्रिया है और इस दौरान आने वाली समस्याओं पर खुल कर बात होनी चाहिए। किशोरियां झिझक तोड़े व समस्या होने पर घर वालों से इसे शेयर करें। साथिया केंद्र की अर्श काउंसलर सीमा सिंह ने बताया कि 28 दिन के चक्र पर आने वाली माहवारी सामान्य तौर पर पांच दिनों तक होती है। इसे देखते हुए साल के पांचवे महीने मई की 28 तारीख को माहवारी स्वच्छता दिवस निर्धारित किया गया है। आम तौर से 10-12 साल में माहवारी शुरू हो जाती है। किशोरियां इसे लेकर परेशान हो जाती हैं। इससे उनकी पढ़ाई व अन्य दैनिक कार्य प्रभावित होने लगते हैं। इस दौरान परिजन का सहयोग आवश्यक है। वहां मौजूद एक किशोरी ने माहवारी के दौरान पेट दर्द की शिकायत की। सीमा सिंह ने बताया कि आम तौर से यह समस्या खाली पेट होने से होती है। खाली पेट न रहें, गर्म पानी का इस्तेमाल पीने व पेट की सिंकाई में करें। आराम न मिलने पर चिकित्सक की सलाह लें। एक अन्य किशोरी ने चक्कर आने व हाथ-पैर में झुनझुनाहट की शिकायत की। उसे सलाह दी गई कि सप्ताह में नीली ऑयरन की एक गोली लें। खान-पान पर ध्यान रखें। अंदरूनी स्वच्छता पर ध्यान दें। साथिया केंद्र जिला अस्पताल के विष्णु ने भी स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। आंगनबाड़ी ऊषा पाल, काउंसलर आशा सिंह, शिवानी श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

## राज्य सूचना आयुक्त का आगमन कल, लम्बित वादों की करेगे सुनवाई

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि राज्य सूचना आयुक्त श्रीमती रचना पाल द्वारा आगामी 30 मई 2022 को सूचना अधिकार अधिनियम-2005 से सम्बंधित जनपद स्तर पर कुल 59 लम्बित वादों की सुनवाई पूर्वांन्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में की जायेगी। उन्होंने बताया कि सुनवाई के उपरान्त जन सूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयुक्त, राज्य सूचना आयोग की अध्यक्षता में की जायेगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सम्बधित विभागाध्यक्षों/जन सूचना अधिकारियों/प्रथम अपीलीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद मुख्यालय पर होने वाले सुनवाई में समस्त अधिकारीगण व्यक्तिगत रूप से ससमय उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए, प्रश्नगत प्रकरण का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

## पीएम केयर्स योजना का बच्चों को मिलेगा लाभ

**संतकबीरनगर।** जिला प्रोवेशन अधिकारी डा0 श्वेता त्रिपाठी ने बताया है कि प्रधानमंत्री द्वारा विगत 29 मई 2021 को उन बच्चों के सहायता के लिये पी.एम. केयर्स फार चिल्ड्रेन योजना शुरू की गयी थी, जिन्होंने अपने माता पिता या कानूनी अभिभावक या दत्तक माता-पिता दोनो को कोविड-19 महामारी में खो दिया है। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को पी.एम. केयर्स फार चिल्ड्रेन योजना के तहत आगामी 30 मई 2022 को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में कार्यक्रम (वर्चुअल मोड) किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा योजना के तहत बच्चों को दिये जाने वाले लाभ/सेवायें जारी की जायेंगी तथा प्रधानमंत्री का संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आगामी 30 मई 2022 को एन.आई.सी. कलेक्ट्रेट में दिखाया जायेगा तथा जिन्होंने अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक या दत्तक माता पिता दोनो को कोविड-19 महामारी में खो दिया है, उन सभी लाभार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में बच्चों को स्नेह पत्र एवं भारत सरकार से प्राप्त पासबुक तथा आयुष्मान कार्ड वितरित किया जाना है।

# मैं चाहे ये करूं-मैं चाहे वो करूं, मेरी मर्जी!

## कुदरहा के 'मंझरिया' पंचायत भवन को बना दिया सीएचसी

संवाददाता। बस्ती

**जिले** में लाखों रुपये के लागत से बनी पंचायत भवन के दुरुपयोग होने की जानकारी निरंतर मिल रही है। किसी पंचायत भवन के शौचालय को विधालय ने किचेन रुम बना दिया तो किसी पंचायत भवन को बकायदा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोषित कर दिया। समझ में नहीं आ रहा है, कि आखिर प्रधान और सेक्रेटरी क्या कर रहे है। सेक्रेटरी को तो माना जाता है, कि वह गांव में नहीं जाते मगर प्रधान तो उसी गांव का निवासी होता हैं, तो फिर कैसे पंचायत भवनों का दुरुपयोग लोग कर रहे हैं, अगर दुरुपयोग कर रहे हैं, कि कार्रवाई क्यों नहीं होती? यह कुछ ऐसे सवाल जिनका जबाव न तो प्रधान और न सेक्रेटरी ही दे पा रहे है। यह कहकर पल्ला झाड़ दे रहे हैं, कि गलती से पंचायत भवन के स्थान पर भवन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेंट हो गया। गौर ब्लॉक के असनहरा में तो एक स्कूल वालों ने पंचायत भवन को अपने परिसर में मिला दिया, यानि यह पंचायत भवन सरकार की नहीं बल्कि इंटरकालेज की हो गई, एसडीएम को कार्रवाई को लिखा भी गया, मगर आजतक कार्रवाई नहीं हुई। चलिए सबसे पहले हम बात करते हैं, कि




- नरायनपुर तिवारी में पंचायत भवन के शौचालय को स्कूल वालों ने बना लिया किचेन
- जिले में हो रहा पंचायत भवनों का दुरुपयोग



कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मंझरिया का है। यह ब्लॉक ऐसा है, जहां पर कुछ भी असंभव नहीं है। इस गांव की प्रधान सरिता देवी और सेक्रेटरी राम दरश है। यह पंचायत भवन रहस्यमय बना हुआ हैं, इसे पंचायत भवन कहा जाए या फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र। भवन पर तो सीएचसी मंझरिया लिखा है। मगर भवन पर पंचायत भवन लग रहा है। जब सेक्रेटरी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि गलती से पंचायत भवन के स्थान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेंट हो गया। अब इसे क्या कहेंगें? यह कोई ऐसी गलती है, जिस तरह केजी क्लास का बच्चा करता है। प्रधान का नाम सरिता देवी लिखा हुआ है। अब आ जाइए गौर ब्लॉक के असनहरा ग्राम पंचायत का है। इस ग्राम पंचायत में निर्मित्त पंचायत भवन काफी सालों से खोजने के बाद भी नहीं मिल रहा था, इसकी खोज स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्यवक राजा शेर सिंह ने की। खोजते-खोजते इनकी नजर इंटरकालेज के विधालय परिसर के अंदर पड़ी। देखा तो परिसर के अंदर पंचायत भवन अपनी बर्बादी पर आंसू बहा रहा है। समझ में नहीं आ रहा था, इसे किसे किसकी संपत्ति मानी जाए, बरहाल 'पायनियर' में खबर छपने के बाद कार्रवाई के लिए एसडीएम हर्रैया को लिखा गया, मगर आजतक कार्रवाई नहीं हुई, और विधालय वाले अपनी संपत्ति मानकर उसका उपयोग/दुरुपयोग कर रहे है। अब आ जाइए हर्रैया ब्लॉक के ग्राम पंचायत नरायनपुर तिवारी में। यहां पर एक पंचायत भवन बना है, उसके बगल में श्री महर्षि कौशिक वेद विधालय संचालित हो रहा है। मजे की बात यह है, इस भव के सटे पंचायत भवन का शौचालय निर्मित्त है। विधालय वाले इस शौचालय को अपना किचेन रुम बनाकर इस्तेमाल कर रहे हैं। अब जरा अंदाजा लगाइए कि अगर किचेन रुम शौचालय में होगा तो क्या होगा?

## एमओआईएस को धमकी देना 'आशा' के पति को पड़ा मंहगा

**बस्ती।** ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी अस्पतालों में दूरदराज से आए हुए मरीजों की सेवा में लगे डाक्टरों का बुरा हाल है। एक तो पीएचसी और सीएचसी के डाक्टरों के पास सुविधाओं का अभाव हैं, उपर से यह लोग मरीजों की सेवा में रात और दिन लगे रहते है। बड़ी मुस्किल से यह डाक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में जाने के लिए तैयार होते है। बिना फार्मेसिस्ट, चपरासी और वार्ड ब्वाय के सेवा देना वाकई सरायनीय कार्य है। कहने को तो यह लोग भगवान बनकर मरीजों की सेवा करते हैं, बावजूद इनके साथ अभद्र व्यवहार जैसी घटनाएं होती रहती है। ऐसा ही एक मामला दुबौलिया सीएचसी के अधीक्षक डा. प्रभाकर चौधरी के साथ हुआ, और यह अभद्र व्यवहार और कोई नहीं इनके अंडर में कार्य करने वाली आशा संगीता सिंह के पति नीरज सिंह ने किया। फोन पर अपशब्दों के साथ जान से मारने की धमकी भी दी। डाक्टर साहब ने बकाया इनके खिलाफ थाना दुबौलिया में अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। लिखाए गए में कहा गया है, कि जननी सुरक्षा योजना के तहत निम्न उपलब्धि हासिल करने वाली सीएचसी के तीन आशा बहुओं को 25 मई को डीएम ने अपने कार्यालय में बुलाया था। लेकिन एक को छोड़कर दो नहीं आई, जिनमें एक संगीता सिंह है। बताया कि जब न आने का कारण संगीता से फोन पर पूछा गया और कहा गया कि डीएम कार्रवाई कर देगी। उसके पश्चात आशा के पति नीरज सिंह ने फोंन किया और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी एवं सबक सिखाने को कहा। अधीक्षक ने बताया कि आशा संगीता सिंह ने पूरे साल में मात्र एक गर्भवती महिला की डिलीवरी करवाई। बताया कि 2000 की जनसंख्या पर एक आशा की नियुक्ति होती है। जिन दो अन्य आशा को बुलाया गया था, उनमें डिगंरापुर की कुसुम सिंह एवं लमटी की प्रमिला प्रजापति शामिल है। इन दोनों की प्रगति पूरे साल में शून्य रही। बताया कि फोन से जो बाते हुई, उसकी रिकार्डिगं वह सांसद और विधायक को भेज चुके है। चूंकि वायरल आडियो में नीरज सिंह यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि इसका फैसला सांसद जी के होगा।

## नीलगाय के मांस के साथ दो महिलाओं समेत सात गिरफ्तार




**श्रावस्ती, कटरा।** नवीन मॉर्डन पुलिस थाना श्रावस्ती की पुलिस टीम ने छापा मारकर नील गाय के मांस के साथ 2 महिला सहित 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बरामद छुरीए ठीहाए जाल अन्य सामान पुलिस ने सीज कर अभियुक्तों को जेल रवाना कर दिया है। नवीन मॉर्डन पुलिस थाना श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि रात्रि भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बरईपुरवा गाँव में हनीफपुत्र अनवर आदि नील गाय की मार कर मांस बिक्री की तैयारी कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ छापा मारकर हनीफ ए नसीबुद्दीन उर्फ मझिलके एहासिम अली निवासी बरईपुरवा शमशेर अली निवासी अमारेभरियाए इब्राहिम निवासी खरगौरा गनेशए करीना ए बिट्टा निवासी चौधरी पुरवा के पास से 4 अदद चाकू एक हसियाए रस्सी की जाल ए एक तराजू व बाट सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया ।

## महिला कैदियों से मिले न्यायिक अधिकारी, सुनीं समस्याएं

- बंदियों के छोटे बच्चों को पौष्टिक आहार देने के दिये निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर



महिला कैदियो से वार्ता करते न्यायिक अधिकारी पायनियर

**राज्य** विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिला कारागार का नियमित निरीक्षण किया जाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला जज लक्ष्मी कान्त शुक्ल के आदेशानुसार शनिवार को जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया तथा बंदियों को जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता शिविर भी लगाया गया, जिसमें बंदियों को जमानत, पैरोल, किशोर अपचारी को प्राप्त सुविधाऐं, पात्र को निशुल्क अधिवक्ता, जुर्म इकबाल आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। महिला बंदियों को भी निरीक्षण के दौरान उनकी समस्यायों के निदान के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अधिकांश महिला बंदियों की जमानत उच्च न्यायालय में लंबित है। कुछ सिद्धदोष महिला बंदियों को अच्छे आचरण पर पैरोल पर रिहा किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई। वर्तमान में जिला कारागार में कुल 503 बंदी निरुद्ध हैं, जिनमें 377 विचाराधीन ,125 सिद्धदोष एवं 01 एन एस ए बंदी हैं। जिनमें कुल 474 पुरुष तथा 29 महिला बंदी हैं। जेल हॉस्पिटल में कुल 16 बंदी विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु भर्ती हैं। 01 बंदी का इलाज गंभीर बीमारी के कारण मेडिकल कॉलेज लखनऊ में चल रहा है। कुछ महिला बंदियों के साथ छोटे बच्चे हैं, महिला बंदियों द्वारा बताया गया की उन्हें खाने के लिए पर्याप्त भोजन प्राप्त हो रहा है तथा छोटे बच्चों के लिए दूध, केला, बिस्किट आदि मिलता है। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया की बंदियों के द्वारा मनोरंजन के लिए टेलीविजन लगवाने की मांग की गई। इस हेतु अधीक्षक को आवश्यक पत्राचार करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय प्रभारी अधीक्षक जी0आर0 वर्मा, उप कारापाल कमल नयन सिंह, गीतारानी, फार्मासिस्ट डी.पी. सिंह व देवेश, महिला वार्डर, परा विधिक स्वयं सेवक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीएम एसपी ने कबीर स्थली का किया निरीक्षण



जायजा लेते अधिकारी पायनियर

संवाददाता। संतकबीरनगर

**राष्ट्रपति** भारत सरकार के जनपद में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत आगामी 29.05.2022 को मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन से पूर्व शनिवार को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा कबीर चौरा स्थल मगहर में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया तथा कार्यक्रम के दृष्टिगत किये जा रहे व्यापक प्रबंधो की समीक्षा की गयी व सुरक्षा व्यवस्था संबंधी तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा मगहर में हो रहे कबीर अकादमी व शोध संस्थान के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

# मंडलायुक्त ने रगौली गांव से सद्भावना ग्राम योजना का किया शुभारंभ

● प्रधानी का चुनाव हार चुके बनाये जायेंगे गांव के विकास सलाहकार

● हर व्यक्ति एक दूसरे का साथ देकर गांव के विकास के लिए कार्य करें

संवाददाता। उरई (जालौन)



सद्भावना ग्राम योजना का षुभारंभ समारोह में मंचासीन अतिथि पायनियर

**मंडलायुक्त** अजय शंकर पांडेय ने अनोखी पहल शुरू की है। उन्होंने जालौन के डकोर विकासखंड के ग्राम रगौली से सद्भावना ग्राम योजना का शुभारंभ फीता काटकर किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रधान और उनके प्रतिबंधियों को एक साथ लाकर गांव का विकास कराना है। मंडलायुक्त ने कहा कि चुनाव हार चुके प्रधान के प्रतिबंधियों को विकास सलाहकार नियुक्त किया जाए जिससे गांव के विकास में किसी प्रकार की कोई अड़चन न आ सके। मंडलायुक्त अजय शंकर पांडेय ने कहा कि मंडल के अंतर्गत आने वाले जालौन झांसी और ललितपुर के 3 गांव चयनित किए हैं जिसकी शुरुआत जालौन के डकोर विकासखंड के रगौली गांव से की है। मंडलायुक्त अजय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के साथ डकोर विकासखंड के रगौली पहुंचे। जहां उन्होंने सद्भावना ग्राम योजना का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान और उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले प्रतिबंधियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें गांव के विकास के लिये विकास सलाहकार बनाया है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के दौरान देखने को मिलता है कि आपसी कटुता फैलती है। जिससे गांव का विकास प्रभावित होता है साथ ही कानून व्यवस्था में भी बहुत समस्याएं आती हैं। इसके लिए उन्होंने सद्भावना ग्राम योजना लागू की है, जिसमें गांव के हर व्यक्ति एक दूसरे का साथ देकर गांव के विकास के लिए कार्य करें व आपसी भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि प्रधान के साथ चुनाव लड़ने वाले अन्य प्रत्याशियों को इसमें जोड़ा गया है, उनके प्रतिबंधियों को विकास सलाहकार बनाए गए हैं और वह विकास के एजेंडे में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि एक सर्वे कराया था और झांसी मंडल की सभी ग्राम पंचायतों को एक पत्र लिखा था, जिसमें इस योजना के बारे में विस्तार से बताया गया था, जिसमें कई पंचायतों की फीडबैक भी आई थी और कई ग्राम पंचायतों ने इसमें संशोधन की बारे में जानकारी दी थी, जिसके बाद पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से जालौन की रंगौली को चयनित किया है। ललितपुर में व सोमवार को झांसी जनपद में मंगलवार को इसकी शुरुआत जालौन की गई। उन्होंने कहा कि देश में यह पहला सद्भावना ग्राम योजना लागू की गई है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सद्भावना ग्राम योजना सफल होता है, तो इसे शासन को भेजा जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य है कि गांव में शांति और सद्भावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि जो भी गांव सद्भावना ग्राम योजना के अंतर्गत आते हैं, उन गांव के लोगों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि पहले गांव के एक व्यक्ति की समस्या पूरे गांव की होती थी, मगर कुछ समय से देखा जा रहा है कि गांव के किसी व्यक्ति की समस्या होती है तो वह केवल उसी व्यक्ति की समस्या के रूप में गांव के लोग देखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि फिर से वही समय आ जाए जिससे एक व्यक्ति की समस्या पूरे गांव की समस्या हो जाये। इसीलिए सद्भावना ग्राम योजना का मुख्य उद्देश्य गांव में शांति और कानून-व्यवस्था कायम बनी रहे और गांव के विकास में सबका योगदान रह सके। सद्भावना ग्राम योजना कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त अजय शंकर पांडेय ने ग्राम प्रधान बलराम पाल के साथ उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले सभी प्रतिबंधियों को सम्मानित किया जिससे वह गांव के विकास में अपना अहम योगदान दे सकें। इस कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अन्नप्राशन कार्यक्रम तथा वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूनम निगम, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जब कमिश्नर के सामने प्रधानों ने बीडीओ मुर्दाबाद के लगाये नारे

**उरई।** शनिवार को ग्राम रगौली में आयोजित सदभावना ग्राम योजना में आए कमिश्नर झांसी मण्डल झांसी की जन चौपाल में उस दौरान अफरा तफरी का माहौल बन गया जब वहां ग्राम प्रधानों ने डकोर बीडीओ के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुये अपना विरोध दर्ज कराया। प्रधानों का कहना था कि ब्लॉक में 76 ग्राम पंचायत में से एक भी ग्राम पंचायतों का नहीं हुआ कोई भुगतान नहीं किया गया जबकि मनरेगा योजना में पखबारे भर में मजदूरी का भुगतान उनके बैंक खातों में पहुंच जाना चाहिये। अमृत सरोबर योजना के तहत कराए गए कार्यों में मनरेगा के मजदूरों का 15 दिन के अंदर भुगतान होना था लेकिन 40 दिन बीत जाने के बाद भी भुगतान न होने अमृत सरोबार तालाब की खुदाई के साथ कच्चे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# सर्जिकल साइट इन्फेक्शन महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए प्रमुख चिंता का विषय

**कानपुर।** हर साल 28 मई को हम सेक्सुअल एंड रीप्रोडक्टिव हेल्थ एंड राइट्स के विषय में जागरूकता बढ़ाने तथा इसका समर्थन करने के लिए इंटरनेशनल डे ऑफ एक्शन फॉर विमेन हेल्थ मनाते हैं । भारत के शहरों में विशेष रुप से टियर 2 और टियर 3 शहरों में महिलाओं के लिए उचित गुणवत्तापूर्ण हेल्थ केयर समाधानों की कमी हैए इसलिए यह दिन विशेष रूप से हमें इस मुद्दे पर जरूरी कार्यवाही करने के लिए प्रेरित करता है। बच्चे को जन्म देने के दौरान महिलाओं को सर्जिकल साइट इन्फेक्शन विकसित होने का अत्यधिक खतरा रहता हैए जिसका मुख्य कारण है असुरक्षित तरीके से सर्जिकल ऑपरेशन करना । सर्जिकल साइट इन्फेक्शन महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है । सर्जिकल साइट इन्फेक्शन एक पोस्ट.ऑपरेटिव इन्फेक्शन होता है जो शरीर के उस हिस्से में हो सकता है जिसकी अभी हाल में ही सर्जरी हुई है। कभी.कभीए ये इन्फ़ेक्शन सतही होते हैंए जो मात्र त्वचा की बाहरी परत को प्रभावित करते हैं। अन्य सर्जिकल साइट इन्फेक्शन जो अधिक गंभीर हैंए उनमें त्वचाए अंगों के नीचे टिश्यू या इम्प्लांट की गई सामग्री शामिल हो सकती है । जॉनसन एंड जॉनसन जो कि प्रोफेशनल शिक्षा के क्षेत्र में एक वैश्विक लीडर हैए मातृ रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए लगातार सर्जिकल प्रक्रियाओं में सुधार करने का प्रयास कर रहा है।सेंटर फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के अनुसार, रोग और मृत्यु दर का एक बड़ा कारण सर्जिकल साइट इन्फेक्शन है। इडॉ.वंदिता गुप्ता, हेड, एथिकॉन वुंड क्लोज़रए जॉनसन एंड जॉनसन मेडिकल इंडिया ने कहा, हमारा मानना है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और मेडटेक कंपनियों के बीच एक मजबूत सहयोग द्वारा हमारे देश में सर्जिकल साईट इन्फ़ेक्शन को रोकने में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। जॉनसन एंड जॉनसन हमारे साझेदारों के साथ मिलकर भारत में मरीजों को सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रॉयल्टी न देने वाले क्रेशरों को करायें बंदः डीएम

संवाददाता। चित्रकूट


निर्देश देते डीएम पायनियर

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में उप खनिजों के अवैध परिवहन /ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोकथाम के लिए समस्त ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परिवहन प्रपत्र के बिना कोई खनिज बाहर न निकले, प्रत्येक वाहनों का वेट स्लीप व स्वामी का नाम पता स्पष्ट रुप से लिखा हो, बिना नंबर प्लेट /फर्जी नंबर प्लेट/ धुंधले नंबर प्लेट के साथ उप खनिज का परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही हो, खनिज क्षेत्र में स्थापित तौल मशीन पर लगे कैमरों द्वारा वे- ब्रिज पर खनिज वाहन का तौल करते समय उस वाहन का नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो तथा पिछला भाग स्पष्ट रूप से दिखे, ऐसी प्रत्येक खनिज वाहन जिनके विरुद्ध पूर्व में निर्गत की ई- नोटिस का बकाया हो का संज्ञान लेकर वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि अधिकांश क्रेशर मालिकों द्वारा वाहनों में गिट्टी लोड किए जाने के उपरांत अभिवहन पास नहीं दिया जाता है एवं बिना अभिवहन पास के गिट्टी लोड करा कर के क्रेशर से रवाना कर दिया जाता है। वाहन चालक /वाहन स्वामी की मर्जी होती है तो वह किसी अन्य जगह से रॉयल्टी लेते हैं अथवा बिना रायल्टी के लिए गिट्टी का परिवहन करते हैं। विगत सप्ताह परिवर्तन कार्य में बिना अभिवहन पास के उप खनिज नीति का परिवहन करते हुए कई वाहनों को संबंधित थानों में निरुद्ध किया गया है जो इस बात की पुष्टि करता है कि क्रेशर संचालकों व वाहन स्वामी के मिलीभगत से बिना अभिवहन पास के उप खनिज नीति का परिवहन कराया जाता रहा है। इस संबंध में निर्देशित है कि यदि कोई वाहन बिना अभिवहन पास के उप खनिज गिट्टी आदि का परिवहन करते पाया जाता है तो उक्त वाहन के साथ-साथ वाहन चालक/ वाहन स्वामी के बयान के आधार पर संबंधित क्रेशर संचालक के विरुद्ध चोरी /अवैध खनन का मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। लोडिंग पॉइंट पर उप खनिज की लोडिंग नियमानुसार अनुमन्य मात्रा के अनुरूप किया जाए। समस्त पट्टा धारक क्रेशर संचालक यह सुनिश्चित करें कि वाहनों के आवागमन जाम की स्थिति न बने धूल इत्यादि ने उड़े तथा आम जनमानस को परेशानी न हो, बालू/ मोरम के परिवहन करने वाले वाहन खनन पट्टा क्षेत्र के आसपास जहां तक सड़कों पर खड़े हो जाते हैं तथा वाहनों से रिसने वाली पानी के कारण सड़कें खराब होती है इस संबंध में यह सुनिश्चित किया जाए कि उप खनिज लोड वाहन ज्यादा समय तक खड़े न रहे तथा खनन पट्टाधारक वाहनों में पानी युक्त बालू लोड ना करें। उन्होंने कहा आप लोग जहां से खनिज ले रहे हैं वहां से कांटे की स्लिप होनी चाहिए फोटो के साथ कांटा कराएं नहीं तो आप का उत्तरदायित्व होगा।

# 120 तीर्थयात्रियों का जत्था चारधाम यात्रा पर

● तीर्थयात्रा को परिजनों को विदाई देते स्वजन

संवाददाता। चित्रकूट


जेल की जांच करती टीम पायनियर

**एक** महीने की चारोधाम यात्रा को बसों से जिले के लगभग 120 यात्रियों ने प्रस्थान किया। गाजे-बाजे के साथ अपने परिजनों को लोगों ने विदाई दी। बुन्देली सेना ने सभी का माल्यार्पण किया। शिवदयाल पहारिया मेडिकल स्टोर की तरफ से सभी यात्रियों के स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। शनिवार को तीर्थयात्रियों के तमाम जत्थे इन दिनों चारोधाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, ऋषिकेश और हरिद्वार की यात्रा को कूच कर रहे हैं। जिले के राजापुर, पहाड़ी, नांदी, कर्वी, मानिकपुर, कालूपुर, शिवरामपुर, जरिहा, कुठलिहाई समेत अन्य गांव के लगभग 120 यात्रियों ने शुक्रवार की देर रात मुख्यालय से प्रस्थान किया। गल्ला मंडी कर्वी में सभी यात्री व उनके परिजन एकत्र हुए। सभी तीर्थयात्रियों को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने फूलमाला पहनाया। शिवदयाल पहारिया मेडिकल स्टोर के अम्बरीश व अंकित पहारिया ने सभी तीर्थयात्रियों को स्वल्पाहार कराया। तीर्थयात्रियों ने जमकर जय-जय श्री राम के जयकारे लगाए। तीर्थयात्रा में रामकिशोर गुप्ता, सुशीला देवी, सुधा पहारिया, शिवदयाल पहारिया, शशि अग्रहरि, श्यामसुंदर पांडेय, कृष्णा मिश्रा, शिवशंकर शुक्ला, समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजकुमार गौतम समेत यात्री शामिल रहे। तीर्थयात्री ढोल-नंगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे नाचे। भावुक पलों के बीच परिजनों ने स्वजनों की विदाई की। इस दौरान तीर्थयात्रियों की विदाई में सपा नेता सत्यनारायण पटेल, कृष्ण कुमार पहारिया, अभिषेक पहारिया, जानकीशरण गुप्ता, विष्णु गुप्ता, बमभोले, पीयूष गोयल, दिलीप कुमार, गोविंद पहारिया समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पिता की मौत के बाद घरोनी में तीन पुत्रों की जगह दो पुत्रों का नाम किया अंकित

**जालौन (उरई)।** पिता की मृत्यु के बाद घरौनी में 3 पुत्रों की जगह 2 का नाम अंकित कर दिया। घरौनी में अंकित होने से छूटे पुत्र ने एसडीएम को पत्र देकर नाम अंकित कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र भिटारा निवासी उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि उनके पिता प्रभू दयाल मिश्रा पुत्र पूरन मिश्रा के 3 पुत्र रामदास, हरीशंकर व उमाशंकर है। रामदास की मृत्यु हो गयी है। सरकार द्वारा चलायी गयी योजना के तहत घरौनी बनायी गयी। इस दौरान उनके पिता के नाम दो मकानों में रामदास व हरीशंकर का नाम अंकित कर दिया गया है तथा उनका नाम छोड़ दिया है। राजस्व अभिलेखों में वह मकान विहीन हो गया है। मकान विहीन होने उन्होंने अपने हिस्से की पैतृक भूमि पर मकान निर्माण शुरू कराया तो उनकी भाभी ललिता किशोरी, भाई हरीशंकर व भतीजे रमाकांत, शिवकांत व मुकेश ने काम कर रहे मजदूरों को गाली गलौज कर भगा दिया।

# डीएम ने समाधान दिवस में गैरहाजिर लेखपाल से किया जवाब-तलब

संवाददाता। चित्रकूट


रैपुरा थाने में समाधान दिवस में बोलते डीएम पायनियर

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने रैपुरा थाने में समाधान दिवस व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने पहाडी थाने में समाधान दिवस में लोगों की समस्यायें सुनकर निस्तारण किया। शनिवार को थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष से कहा कि भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण को राजस्व टीम के साथ पुलिस को भेजकर तत्काल समस्या का समाधान करायें। समस्या का निस्तारण सही ढंग से मौके पर कराया जाये। जिलाधिकारी ने चकबन्दी लेखपाल से चकबन्दी सर्वे, कब्जा परिवर्तन की जानकारी की। कैरी कटनासा गांव के चकबन्दी लेखपाल के थाना दिवस में गैरहाजिर रहने पर अधिकारियों से जवाब-तलब करने व कार्यवाही के निर्देश दिये। समाधान दिवस में तहसीलदार मऊ शशिकान्त मणि, नायब तहसीलदार मानिकपुर, थानाध्यक्ष रैपुरा एनके नागर, कानूनगो गुलजार सिंह, लेखपाल लवलेश सिंह आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने पहाडी थाने में समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि संबंधी विवाद में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण के निदेश दिये। सभी थानों में समाधान दिवस बनाया जाये। इस मौके पर पहाडी थानाध्यक्ष अजीत पाण्डेय, पीआरओ वीर प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# महेंद्र सिंह बने ग्रामीण अभियंत्रण डिप्लोमा संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष


ग्रामीण अभियंत्रण डिप्लोमा संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी पायनियर

संवाददाता। कदौरा (जालौन)

**ग्रामीण** अभियंत्रण विभाग के प्रांतीय महासचिव निर्पत चंद्रोक के निर्देशन पर शनिवार को विकास भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जनपद जालौन की कार्यकारिणी का गठन हुआ। साथी इंजीनियरों की आवाज बुंलद करने एंव समस्याओं के समाधान के लिए ततपर रहने वाले इंजीनियर महेंद्र सिंह को सभी की सर्वसम्मति से निर्विरोध जिलाध्यक्ष बनाया गया। महेंद्र सिंह ने कहा कि वह संगठन को मजबूत बनाएंगे, साथियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही मनोज कुमार को जिला उपाध्यक्ष, अभिषेक ओमर को सचिव व तौफीक अहमद व राजबहादुर को संयुक्त सचिव बनाया गया।

# हाईटेंशन की चपेट में आने से सो रहे वृद्ध किसान की मौत

● मांग पूरी होने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने उठाने दिया शव

संवाददाता। सुमेरपुर(हमीरपुर)


परिवारीजनो को समझाते एसडीएम व अन्य अधिकारी पायनियर

**थाना** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा में बीती रात एक किसान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी,ग्रामीणों ने लाश उठाने से मना कर दिया बाद में एसडीएम व विद्युत विभाग के अधिकारियो ने मौके पर जाकर मामले को शांत कराया। ग्राम प्रधान अशोक यादव ने बताया कि गांव के बाहर बने मोबाइल टॉवर के लिए गांव के अंदर से 11 हजार वोल्ट की लाइन निकली है, शुक्रवार की मध्य रात्रि रात को अचानक हाई टेंशन का तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ा, अपने घर के बाहर चबूतरे पर सो रहा जागेश्वर प्रजापति 77 वर्ष पुत्र जौहरी की नींद अचानक खुल गई तो देखा जमीन जल रही है तो वह आग से बचने के लिए भागने का प्रयास किया तभी उसके पैर विद्युत तार की चपेट में आ गए और जल गए तो वह जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई, जानकारी होते ही गांव और घर में कोहराम मच गया, प्रधान ने बताया कि फोन करके विद्युत विभाग को सूचित कर लाइन बंद कराई गई, वरना और भी घटनाएं घट सकती थी, सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा किन्तु ग्रामीणों ने हाई टेंशन की लाइन को गांव से हटाकर गांव के बाहर से ले जानें और वृद्ध की मौत का क्लेम देने की मांग पर अड़े रहे तो वृद्ध का शव दोपहर बाद तक गांव में ही रक्खा रहा। बाद में विद्युत विभाग के अधिकारियो ने गांव के अंदर से निकली हाई टेंशन लाइन के तार खंभों से हटा दिए गांव के बाहर से लाइन ले जाने का आश्वासन दिया साथ ही 5 लाख का मुवावजा दिलाने का आश्वासन दिया, वही मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर संजय कुमार मीणा ने मृतक के परिजनों को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन देने के बाद लोगो का आक्रोश शांत हुआ, इसके बाद पुलिस द्वारा शव पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया।

### चार दिन पूर्व मृतक के जवान नाती की हो गयी थी मौत

**सुमेरपुर।** मृतक किसान के जवान नाती की मौत दो दिन पूर्व जहरीला पदार्थ खा लेने से हो गई थी, नाती की मौत का गम खत्म नहीं हो पाया था कि बाबा की मौत हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से हो गई, एक परिवार में पांच दिन के अंदर हुई दो मौतों से दु:ख का पहाड़ सा टूट पड़ा है, बताया जाता है कि वृद्ध किसान के पास मात्र 7 बीघे जमीन है जो उसी के नाम है, उसके दो पुत्र हरिओम और पूरन और जमुना नाम की एक पुत्री है, तीनों की शादी हो चुकी है, दोनो पुत्र मजदूरी करके अपने परिवारो का भरण पोषण कर रहे हैं, चार दिन पूर्व 24 मई को हरिओम का पुत्र संदीप प्रजापति 17 वर्ष जो डिग्री कॉलेज का छात्र था, उसके द्वारा किसी कारण वश जहरीला पदार्थ खा लेने से उसकी मौत हो गई थी, परिवार संदीप की मौत को नही भुला पाया था कि परिवार के एक और सदस्य की मौत हो गई, पांच दिन में दो दो मौतों से उनके परिवार में भारी गम का माहौल बना हुआ है, ग्राम प्रधान अशोक यादव ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए सहयोग का आश्वासन दिया है।

## क्विक न्यूज

### अवैध मौरंग खनन पर पचास लाख का जुर्माना

**सरीला (हमीरपुर)।** सरीला क्षेत्र में दो मोरम खण्डों में अधिकृत सीमा क्षेत्र से बाहर जाकर खनन करने पर उपजिलाअधिकारी खालिद अंजुम के निर्देश पर खनिज,राजस्व पुलिस की टीमों ने छापेमारी की है इस दौरान दोनों खंड संचालकों के विरुद्ध अधिकृत क्षेत्र से बाहर खनन करने पर 50 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया जा रहा है। उपजिला अधिकारी खालिद अंजुम ने बताया कि चिकासी थाना क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों के आधार पर राजस्व पुलिस व खनिज सर्वेशर वेदप्रकाश शुक्ल के साथ 24७ मोरम के खंड में छापेमारी की गई इस दौरान एक पोकलैंड मशीन को अवैध खनन करते हुए मौके से पकड़ा गया साथ ही मोरम खंड की जांच करने पर पाया कि खंड संचालक द्वारा अधिकृत सीमा के बाहर जाकर 2038 घन मीटर खनन किया गया है वही जलालपुर थाना के कुपरा के पास बेतवा नदी उस पर 10७33 खण्ड संचालित है जिसके द्वारा कुपरा क्षेत्र में खनन करने की स्थानीय लोंगों द्वारा शिकायत की गई थी जांच करने पर पाया कि बेरी 10७13 खण्ड संचालक द्वारा 2400 घन मीटर अधिकृत सीमा के बाहर खनन किया गया है। दोनों खंड संचालकों के विरुद्ध अधिकृत सीमा से बाहर जाकर खनन करने पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है वहीं उप जिलाधिकारी की इस कार्रवाई से अन्य खंड संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### पुलिस ने छापा मारकर गुटखा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सढा गांव में नलकूप से पुलिस ने कल देर शाम छापा डाल गुटखा बनाने की मशीन व एक बोरी में केसर गुटखा कंपनी नाम के खाली रैपर पैक बोरी में बरामद किए इस मामले में बटाईदार रामबाबू का पुत्र अनिल को मौके से हिरासत में भी लिया गया जिस से लगातार पूछताछ चल रही है और अभी भी उक्त मामला कई तरह की आशंकाओं के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अनिल के मुताबिक परछा निवासी जावेद जिसका नलकूप भी वहां से 500 मीटर की दूरी पर है गुटखा बनाने की उक्त मशीन कुछ दिन पूर्व रखे जाने की बात कही जा रही है पुलिस जावेद की तलाश में है और अभी तक जावेद के ना मिलने से पुलिस ने यह मामला जांच पड़ताल तक ही सीमित रखा है, जावेद के नलकूप से गुटखा फैक्ट्री होना बरामद दिखाया गया है जबकि यह नलकूप जावेद का न हो कर उसके निकट मौदहा निवासी दो महिला कृषकों का है इन से संबंधित अन्य लोगों की भी जांच में सहयोग करने के लिए तलाश कर रही है पुलिस का मानना है कि जावेद भी इसमें सम्मिलित था और यही वजह है कि वह पुलिस से दूर भाग रहा है।

### पुलिस ने असलहा बनाने की फैक्ट्री का किया भंड़ाफोड़

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के अरतरा गांव में पुलिस ने छापामारी कर असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंड़ाफेड़ करते हुये 15 बने व अर्ध निर्मित बने तमंचे बरामद एक आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बीती देर शाम गांव के बाहर रिलायंस टावर ग्राउंड में शिव हरी शंकर अरतरा निवासी अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। कोतवाल पवन कुमार पटेल ने बताया कि वह काफी दिनों से इस कारोबार में लिप्त था। पुलिस ने उसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर का तमंचा 12 बोर व एक अर्ध निर्मित तमंचा चारनाल 12 बोर की चारनाल 315 बोर में बनी हुई थी छोटी बड़ी अर्ध निर्मित तमंचा की बॉडी आदि सामग्री सहित बरामद की गई है। उधर इस संबंध में शिव हरी शंकर की पत्नी उमा सोनी ने अपने बच्चों के साथ आकर पुलिस को बताया कि उसके पति को मनगढ़ंत असलहा फैक्ट्री में फंसाया जा रहा है। वह मामूली कारोबारी है। तथा सिलाई का कार्य कर घर का खर्च वह चलाती है। मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ न्याय की मांग की है।

### समाधान दिवस में सिर्फ एक शिकायत का निस्तारण

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय थाना परिसर में माह के आखिरी शनिवार को समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व से सम्बन्धित सात शिकायती पत्र दर्ज किए गए। जिसमे एक का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में राजस्व से सम्बंधित सात शिकायती पत्र दर्ज किए गए। जिनमे एक का निस्तारण किया गया। तथा 6 शिकायती पत्र सम्बंधित राजस्व निरीक्षक को देकर मौके पर जाकर निस्तारण करने को कहा गया। तथा जरूरत पर पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर तहसील दार ,थाना प्रभारी सजंय कुमार सिंह, समस्त उप निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।

### पहली शाखा खुली

**कानपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ ने आज मुजफ्फरनगर में अपनी पहली शाखा खोली है। निवेशक और वितरक अब फंड हाउस 414ए ग्राउंड फ्लोरए नई मंडीए आईसीआईसीआई बैंक के पासए जनसठ रोडए मुजफ्फरनगर.251001 तक आसानी से पहुंच सकते हैं। शाखा का उद्घाटन श्री नरेश कुमार पालीवालए संस्थापकए द गंगा मर्केंटाइल अर्बेन को.ऑपरेटिव बैंक लिमिटेडए श्री जीतेंद्र सुनेजाए रीजनल हेडए आईसीआईसीआई बैंक.मुजफ्फरनगर और श्री सुभांश चंद्र जैनए म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा किया गया। इस अवसर पर फंड हाउस के वरिष्ठ सदस्य श्री संदीप सक्सेनाए क्लस्टर मैनेजरए मुरादाबादए श्री राहुल कुमारए शाखा प्रबंधकए मेरठ और श्री वैभव सिंघलए शाखा प्रबंधकए मुजफ्फरनगरए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ भी उपस्थित थे।

### टेंट मालिक समेत दो ने फांसी लगाकर जान दी

**मौदहा** (हमीरपुर) क्षेत्र के अलग अलग गावों में एक टेंट मालिक व एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक पहली घटना मांचा गांव में शांति(58) पत्नी सिपाहीलाल जो मानसिक रोग से ग्रस्त थी,उसका इलाज दिल्ली में चल रहा था,एक बार उसने मायके में खुदकुशी करने का प्रयास किया था। बीती देर रात जब सभी लोग सो गये तभी महिला ने आगन में खड़े नीम के पेड़ में अपनी ही साड़ी से पेड़ में लटक कर फांसी लगा ली जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुची और कार्यवाही की।